रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स
76,810.90 +204.33
डॉलर
83.541 +0.052
रांची सर्राफा
10 ग्राम 70,930
01 किलो 95,000


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 14 जून 2024, वर्ष-25, अंक-132, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



राजनाथ सिंह ने दूसरी बार संभाला रक्षा मंत्री का...

## एक नजर

### हेमंत सोरेन की जमानत पर आदेश सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में बरियातू के बड़गाई में 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

(विस्तृत खबर पेज 04 पर)

### पेमा तीसरी बार बने अरुणाचल के सीएम

**इटानगर।** राज्यपाल केटी परनाइक ने अरुणाचल प्रदेश के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में भाजपा नेता पेमा खांडू को गुरुवार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्यपाल परनायक ने 11 विधायकों को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई। पेमा खांडू तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री और चोना मीन को फिर से उपमुख्यमंत्री बनाया गया है।

(विस्तृत खबर पेज 12 पर)

### चाल धंसने से हुई महिला की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत छतरबर वनक्षेत्र में गुरुवार को अवैध रूप से संचालित अभ्रक खान में चाल धंसने से एक महिला की मौत हो गई। मृत महिला की पहचान नूरजहां के रूप की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची, पर तब तक वहां कोई नहीं मिला।

## आज | कल

जम्मू-कश्मीर आतंकी हमलों पर पीएम ने ली बैठक




## झारखंड मंत्रालय में सीएम चंपाई सोरेन ने तीसरे दिन भी की उच्चस्तरीय बैठक

# राज्य में 35 हजार पदों पर जल्द होगी बहाली

» झारखंड व उत्पाद विभाग में 5 हजार से अधिक जवानों की होगी नियुक्ति

» प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन में पूरी गोपनीयता और पारदर्शिता बरतने का निर्देश

» जेएसएससी को पूरी प्रक्रिया सितंबर महीने तक पूरी करने का निर्देश

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** साल के अंत में नवबंर-दिसबंर में राज्य विधानसभा का चुनाव होना तय है। इसको लेकर अकटूबर के मध्य या अंतिम सप्ताह तक आचार संहिता लग सकता है। उसके पहले राज्य की चंपाई सरकार अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने की योजना बना रही है। जेएसएससी इस कार्य में जुटा है और सितंबर माह तक 35 हजार युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है। इस के आलावे झारखंड पुलिस और उत्पाद विभाग में पांच हजार के अधिक कांस्टेबल की नियुक्ति की जाएगी।

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरूवार को तीसरे दिन कई सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रिया को समय सीमा के अंदर पूरी करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में जेएसएससी द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की जानकारी ली। जेएसएससी अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि आयोग की ओर से लगभग 35 हजार पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है।

इसमें स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा के 1868 पद, झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 153 पद, झारखंड नगर पालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 921 पद, झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के 904 पद, झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा इंटरमीडिएट स्तर के 11 हजार पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है ।



पेपर लीक का मामला सामने आने पर होगी कड़ी कार्रवाई

### 4919 झारखंड पुलिस और 580 उत्पाद पुलिस की होगी नियुक्ति

मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक और जेएसएससी के अध्यक्ष से कहा कि झारखंड उत्पाद आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा के जरिए 580 पद और झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा के 4919 पदों पर प्रक्रिया अविलंब शुरू की जाय। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि झारखंड उत्पाद आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण इसी माह शुरू हो जाएगा। इसकी प्रक्रिया पूरी होने पर सफल अभ्यर्थियों की सूची जेएसएससी को उपलब्ध करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि झारखंड उत्पाद सिपाही और झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यार्थियों के शारीरिक दक्षता परीक्षण में पारदर्शिता और निगरानी के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करें।

### अन्य विभागों में खाली पड़े पद जल्द से जल्द भरें

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ऐसे में सरकारी विभागों में जो भी रिक्तियां हैं और जिन पदों पर नियुक्ति की जानी है, उसकी चयन प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नियुक्तियों में सरकार की नियुक्ति नियमावली और रोस्टर का पालन होना चाहिए।

### नियुक्तियों को लेकर कोई भी अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेएसएससी द्वारा जो भी प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन हो, उसमें पूरी गोपनीयता और पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर पेपर लीक जैसी घटनाएं होती है तो जो भी दोषी पाए जाएंगे दोषी उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव एल०खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, एडीजी आरके मलिक, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह और कार्मिक विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने कहा

### झारखंड में पेसा कानून जल्द से जल्द करेंगे लागू



**रांची ।** राज्य में पेसा नियमावली लागू किए जाने की कवायद तेज हो चुकी है। झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के साथ इसकी समीक्षा की । पंचायती विभाग ने ₹पेसा- एक परिचय एवं रोड मैप₹ विषय पर पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दी । मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के बीच राज्य में शीघ्र पेसा कानून लागू करने को लेकर कई अहम बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड में एक बेहतर पेसा नियमावली बने यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्य सचिव एल० खियांग्ते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, निदेशक पंचायती राज निशा उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## झारखंड व बिहार में विस चुनाव लड़ सकती है आप

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) बिहार व झारखंड में भी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए सर्वे करा रही है। 'आप' का मानना है कि दिल्ली में लोकसभा सीटें तभी जीती जा सकती हैं, जब हिंदी पट्टी के कुछ राज्यों में पकड़ बने।

लोकसभा चुनाव के दौरान स्कूलों में गर्मी की छुट्टी में बच्चों को लेकर या शादी वगैरह होने के कारण बहुत से पूरबीहा लोग दिल्ली से अपने गांव चले जाते हैं। लौटते हैं एक माह बाद। तब तक लोकसभा चुनाव खत्म हो जाता है। यदि दिल्ली और बिहार, झारखंड में भी लोकसभा चुनाव की तिथि एक ही हो, तब तो अपने गांव गए दिल्ली वाले वापस आ ही नहीं पाते। इसको देखते हुए आम आदमी पार्टी अपनी पार्टी का फैलाव बिहार व झारखंड में भी करने की योजना तैयार करने लगी है। आम आदमी पार्टी बिहार में प्रशांत किशोर से ज्यादा व जल्दी पकड़ बना सकती है। झारखंड में भी धीरे- धीरे असर बढ़ा सकती है। इस बारे में आम आदमी पार्टी के नेता व राज्यसभा सदस्य संजय कुमार सिंह का कहना है



'आप' अपनी पार्टी का फैलाव बिहार व झारखंड में भी करने की तैयारी में

शेष पेज 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने नीट की काउंसलिंग पर रोक लगाने से किया इनकार

### 1563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स रद्द, 23 जून को परीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2024 परीक्षा के रिजल्ट पर विवाद में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में धांधली को लेकर दायर तीन याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इसमें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट में ग्रेस मार्क्स वाले उम्मीदवारों को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया है। इस फैसले के बाद अब 1563 छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी होगी। उनका स्कोर कार्ड रद्द कर दिया गया है। उनको फिर से 23 जून को परीक्षा देनी होगी और रिजल्ट 30 जून को आएगा।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। परीक्षा में उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर अदालत में गुरुवार को दलीलें



पेश की गईं। जिन उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स दिए गए, उनको अब ओरिजिनल मार्क ही दिया जाएगा। उनके पास ओरिजिनल मार्क्स रखने या फिर से परीक्षा देने का ऑप्शन है।

अदालत ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि एनटीए ने आपकी बात मान ली है और वह ग्रेस मार्क्स को हटा रहे हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर उम्मीदवार दोबारा परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर सकेगा। दोबारा परीक्षा सिर्फ वही अभ्यर्थी दे सकेंगे, जिनका समय कम कर दिया गया था।

### जल्द ही सार्वजनिक सूचना जारी होगी : एनटीए

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने एक बयान जारी कर बताया कि उच्चाधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों के बाद राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में सभी 1563 छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स वापस ले लिये गए हैं। सभी 1563 उम्मीदवारों के लिए 23 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा का परिणाम 30 जून को घोषित किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि एनटीए जल्द ही एक सार्वजनिक सूचना जारी करेगा और इन 1563 उम्मीदवारों से ई-मेल के माध्यम से संपर्क करेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें आधिकारिक संचार प्राप्त हो।

## भागवत का गोरखपुर में 5 दिनी प्रवास, योगी भी आएंगे

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने 10 जून को नागपुर में संघ प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए जो भी कहा, उस पर भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जबकि, इसकी चर्चा देश से लेकर विदेश तक में हो रही है। संघ प्रमुख ने पहली बार भाजपा के नेताओं के कुछ बयानों पर जो भी कुछ कहा, उसको लेकर भाजपा के अंदर चिंता और चिंतन होना स्वाभाविक है।

मई में लोकसभा चुनाव का पांचवां चरण खत्म हो जाने के बाद जिस तरह से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए साक्षात्कार में संघ के बारे में कहा कि भाजपा को अब संघ के सहारे की जरूरत नहीं है। अब भाजपा सक्षम हो गई है। उसी के बाद 10 जून को मोहन भागवत ने नागपुर में संघ के एक कार्यक्रम में कई बातें कही। इसके बाद 12 जून को पांच दिवसीय प्रवास पर गोरखपुर पहुंचे। इसके बाद वे सरस्वती विद्या मंदिर, चिउटहा गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी गोरखपुर पहुंचेंगे। सीएम योगी 14 या 15 जून को मोहन भागवत से मुलाकात कर सकते हैं।



*सीएम योगी 14 या 15 जून को मोहन भागवत से मुलाकात कर सकते हैं।*

शेष पेज 11 पर

## इंडिया




सुनील बादल

*आम लोग जो उतना घूस नहीं दे सकते अपने जनप्रनिधियों से पैरवी कराते हैं पर यह कोटा भी सीमित होता है जिस कारण चुनावी वायदा बन जाता है।*

## सरकार सख्त है पर म्यूटेशन करने वाले भ्रष्ट और निडर हैं

झारखंड के आम लोगों की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक संपत्ति का म्यूटेशन यानी दाखिल खारिज कराने की है जिसके बिना संपत्ति पर नाजायज कब्जे का डर बना रहता है । जमीन की खरीद बिक्री यहां एक बड़े उद्योग का रूप ले चुका है और सबसे अधिक हत्याएं इसी के विवाद के कारण होती हैं। राज्य में कहावत प्रसिद्ध है कि म्यूटेशन दो ही तरीके से संभव है बड़ी पैरवी या मुंह मांगे पैसे से तीसरा कोई रास्ता नहीं । जमीन की हेराफेरी और व्यवसाय करने वाले लोगों ने तुरंत और आदिवासी जमीन तक का म्यूटेशन बिना बाधा काम कराने के लिए अनाप शनाप रेट देना शुरू किया जिससे चढ़ावे का रेट हाई होता चला गया। आम लोग जो उतना घूस नहीं दे सकते अपने जनप्रनिधियों से पैरवी कराते हैं पर यह कोटा भी सीमित होता है जिस कारण चुनावी वायदा बन जाता है । सदियों पुरानी इस मायाजाल को तोड़ने के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने परसों समीक्षा बैठक के पहले दिन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि 90 दिनों के अंदर दाखिल खारिज नहीं करने वाले अंचलाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करें। जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड में शून्य दिखाने और म्यूटेशन के मामले मीडिया की चर्चा के अलावा विधानसभा तक में उठता रहा है पर अंचल स्तर का भ्रष्ट तंत्र अभी तक इसकी परवाह नहीं करता रहा है । राज्य में जमीन की खरीद बिक्री में पारदर्शिता लाने की



पहल के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2 दिसंबर 22 को कहा था कि जमीन की खरीद-बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सुओ-मोटो आनलाइन म्युटेशन प्रक्रिया का शुभारंभ भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है ।जमीन खरीद-बिक्री हेतु रजिस्ट्रेशन, दाखिल-खारिज, रसीद कटने से लेकर रजिस्टर पंजी-2 तक की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। कई बार ये प्रक्रियाएं आम जनता के लिए काफी जटिल हो जाती हैं। राज्य सरकार का प्रयास आम जनता को सरल और सुलभ व्यवस्था उपलब्ध कराना है। तीन साल पहले जमशेदपुर में घोषणा हुई थी जमीन का म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) से संबंधित आवेदन को एक माह (30 दिन) से ज्यादा समय तक रोकने पर अंचलाधिकारी (सीओ) से जुमार्ना की वसूली की जाएगी। साथ ही अपील पदाधिकारी मसलन डीसीएलआर व एडीसी भी अगर आवेदन के निपटारे में विलंब करते हैं तो उन्हें भी जुमार्ना का भुगतान करना पड़ेगा।निबंधन, राजस्व व भूमि सुधार विभाग ने रैयतदारों को राहत देने के लिए झारखंड सेवा गारंटी अधिनियम -2011 को सख्ती से लागू करने का फैसला किया है। इस संबंध में विभाग के तत्कालीन अपर सचिव सुमन कैथरिन किस्पोट्टा ने राज्य के सभी उपायुक्त को पत्र लिखकर विभागीय फैसले का पालन कराने का आग्रह किया था।झारखंड सेवा गारंटी अधिनियम के तहत म्यूटेशन के आवेदन का निपटारा 30 दिन के अंदर करना था । म्यूटेशन के आवेदन के आधार पर जारी होने वाले नोटिस के बाद अगर किसी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज की जाती है तो वैसी स्थिति में सीओ अधिकतम 90 दिन तक आवेदन को लंबित रख सकते थे । इस अवधि में जमीन का म्यूटेशन किया जाएगा अथवा आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा। म्यूटेशन से संबंधित आदेश जारी किए जाने के तीन दिनों के अंदर ही आवेदक को पर्ची उपलब्ध कराने का भी प्रावधान लागू किया गया था। यदि डीसीएलआर आवेदन को खारिज कर देते हैं तो संबंधित व्यक्ति द्वितीय अपील पदाधिकारी एडीसी के पास आवेदन कर सकते हैं। एडीसी को भी 30 दिन के भीतर हर हाल में आवेदन का निष्पादन करना था।अंचलाधिकारी कार्यालय द्वारा आवेदन को निरस्त किए जाने के बाद आवेदक भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) के यहां अपील कर सकते थे। डीसीएलआर को 30 दिन के अंदर आवेदन का निपटारा करना था ।डीसी करेंगे जुमार्ना की राशि का निर्धारण सीओ, डीसीएलआर व एडीसी निर्धारित समय पर म्यूटेशन से संबंधित मामलों का निपटारा नहीं करते हैं तो इनके वेतन से जुमार्ना की वसूली की जाएगी। जुमार्ना राशि सरकारी खजाने में जमा की जाएगी। जुमार्ना राशि के संबंध में अंतिम फैसला डीसी करेंगे। हालांकि विभाग की ओर से अलग-अलग स्तर पर भी जुमार्ना राशि निर्धारण का प्रावधान किया गया है। अगर सीओ ऑफिस निर्धारित अवधि में जमीन का म्यूटेशन नहीं करता है तो प्रथम अपीलीय पदाधिकारी डीसीएलआर 250 रुपए प्रतिदिन अथवा 500 से 5000 रुपए तक जुमार्ना लगा सकते थे। डीसीएलआर स्तर से विलंब होता है तो एडीसी और एडीसी स्तर पर विलंब होने की स्थिति में डीसी स्तर से जुमार्ना किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि तब राज्य में 62 हजार से ज्यादा मामले लंबित थे और अब झारखंड में म्यूटेशन के लाख से ऊपर मामले लंबित हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले के 12 अंचलों में करीब 3500 मामले लंबित थे। अब संभावना कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की पहल पर निबंधन, भूमि सुधार व राजस्व विभाग की ओर जारी आदेश के बाद लंबित मामलों की संख्या में कमी आएगी।पर देखना है आवेदन ऑनलाइन जमा करने के बाद उस पर आपत्ति दर्ज कर लटकाने की प्रवृति में सुधार होता है या नहीं ?

## डोभाल तीसरी बार बने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी राष्ट्रीय



सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) के पद पर अजीत डोभाल ही बने रहेंगे। कैबिनेट की नियुक्ति मामलों की समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। वे प्रधानमंत्री मोदी के पहले और दूसरे कार्यकाल में भी एनएसए थे। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा (आईएएस सेवानिवृत्त) और एनएसए अजीत डोभाल (आईपीएस सेवानिवृत्त) दोनों के नामों को गुरुवार को मंजूरी मिली है। दोनों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होगा। दोनों की नियुक्ति 10 जून से प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ-साथ या अगले आदेश तक के लिए होगी।

## एक नजर

### आज रांची आएंगी नवनियुक्त क्रेंदीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी



**रांची।** मोदी सरकार 3.0 के मंत्रिमंडल में झारखंड से नवनियुक्त महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शपथ ग्रहण के बाद पहली बार 14 जून को रांची आ रहे हैं। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के दोनो मंत्रीगण सेवा विमान द्वारा नई दिल्ली से चलकर 2 बजे अपराह्न भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पहुंचेंगे। बताया कि स्वागत समारोह के बाद दोनों मंत्रीगण प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे।


### झारखंड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ की बैठक कल

**रांची।** झारखंड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आगामी 15 जून को टिंकू हॉल, झासपु (1), डोरंडा रांची में होगी। इस बैठक में झारखंड राज्य के सभी शाखा झासपु/आईआरबी/ सभी जिला बल/ विशेष शाखा / झारखंड जगुआर सभी प्रशिक्षण केंद्र / एसआईआरबी/टीटीएस, जमशेदपुर के शाखा संघीय पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। इसमें झारखंड पुलिस के चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की समस्या एवं सरकार में लंबित मांगों के विषय पर चर्चा की जाएगी।

### डॉ राजेश गुप्ता खेल एवं सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह 2024 के लिए किए गए अधिकृत

**रांची।** खेल एवं सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह 2024 के संबंध में गुरुवार को डीन, छात्र कल्याण, रांची विश्वविद्यालय, रांची के कार्यालय कक्ष में बैठक हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि समारोह का नाम खेल एवं सांस्कृतिक पुरस्कार समारोह 2024 होगा। इस समारोह की संभावित तिथि 27 जुलाई है। समारोह रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित होगा। विजेताओं को सम्मान के रूप में ब्लेजर, मेडल एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कमिटी निर्माण के लिए डॉ राजेश गुप्ता को अधिकृत किया गया है।
बैठक में निर्णय लिया जाएगा समारोह में छऊ नृत्य, सांस्कृतिक कार्यकम एवं स्पोर्टस ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों एवं सांस्कृतिक कलाकारों को भी समारोह में आंमत्रित किया जाएगा।
बैठक का सम्भावित बजट 17,32,000 रुपये पर भी चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि इसे वित्त समिति की बैठक में रखा जाएगा एवं इसकी स्वीकृति ली जाएगी।
समारोह में लगभग 600 व्यक्तियों के शामिल होने कि सम्भावना है तथा इनकी समुचित व्यवस्था का भी निर्णय लिया गया।

# वज्रपात और सड़क दुर्घटना में हुई मौतों के बाद विधायक ने आश्रित परिवार को चेक सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
सड़क दुर्घटना और वज्रपात की घटना में हुई अलग-अलग मौत प्रत्येक परिवार में दुःख का एक बड़ा कारण है। हम किसी की जिंदगी तो वापस नहीं ला सकते लेकिन उनके आश्रितों के दुखों को कम करने के लिए हम छोटा प्रयास जरुर कर सकते हैं। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड मुख्यालय में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मुआवजा की राशि बांटने के दौरान कहीं। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय में सड़क दुर्घटना एवं वज्रपात में हुई लोगों की मौत के बाद विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा बेड़ो ब्लॉक में मृतक के पीड़ित आश्रित परिवार के बीच चेक वितरण किया गया। विधायक ने वज्रपात से हुई मौत के एवज में रुपमणि देवी को चार लाख रुपए का चेक सौंपा। वहीं सड़क दुर्घटना में हुई अलग-अलग लोगों की मौत के बाद गुरुवार को कैंप के दौरान देवनिश तिग्गा, गुजरी उराईन, सुमति उराईन तथा जयमंगल कुजूर को एक एक लाख रुपए का चेक सौंपा। इस मौके पर अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, उप प्रमुख मोद्दसिर हक, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव तथा देवनिश तिग्गा सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो से 21 लाख गबन कर भागा प्रधान लिपिक

# विधायक ने एफआईआर दर्ज करने का दिया निर्देश

**बेड़ो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो से प्रधान लिपिक आशीष कुमार के द्वारा आयुष्मान योजना का 21 लाख रुपए का गबन कर भागने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित्रा कुमारी की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने तुरंत 21 लाख रुपये गबन करने वाले प्रधान लिपिक आशीष कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित्रा कुमारी ने बताया कि आशीष कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई हो रही है। उसे विभाग ने निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 जनवरी को आशीष भागा था लेकिन विभाग को इसकी जानकारी 31 जनवरी को मिली थी। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बीपीएम अमिता लाल सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी और सभी कर्मचारी मौजूद थे। इसके पूर्व प्रखंड मुख्यालय के सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विधायक ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में शामिल विभाग के प्रतिनिधि से अपने-अपने विभागों की रिपोर्ट बारी-बारी से मांगी गयी। विधायक ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से को कहा कि पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या बहुत ही गम्भीर है इसे यथाशीघ्र दूर करें। जिस गांव में ट्रांसफर्मर खराब होने के कारण या अन्य किसी कारण से बिजली चली जाती है अगर ग्रामीणों द्वारा सूचना दी जाती है तो उस गांव का लाइट एक सप्ताह के अंदर ठीक किया जाना चाहिए। बिजली से गांवों में कई लोग अपनी जाने गंवा चुके हैं उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने का प्रयास करें। विधायक ने पेयजल विभाग के बारे मे चर्चा किया कि जल नल योजना का शिलान्यास मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेड़ो प्रखंड के सभी पंचायतों में कर दिया गया है और इस पर काम चल रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### हिंडालको कंपनी के निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन आज

**सिल्ली।** हिंडालको कंपनी मुरी के सी एस आर विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सिल्ली प्रखंड के विसरिया पंचायत भवन में शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण लोग लू की चपेट में आ जा रहे हैं इसे देखते हुए लोगों को बीच बचाव करने के लिए डॉक्टर के द्वारा जानकारी एवं दवा का भी वितरण किया जाएगा। इसकी जानकारी हिंडाल्को के सी एस आर हेड अनिल सिंह ने दी।

### इलाज के दौरान रिम्स में हुई मौत

चान्हो। रिम्स में इलाज के दौरान थाना क्षेत्र के करकट गांव निवासी पचपन वर्षीय बिगलो उरांव की मौत हो गई। बताया जाता है कि विगत बुधवार सुबह लगभग आठ बजे बिगलो गांव में लगे ट्रांसफर्मर का लाइन काट कर बिजली मरम्मत करने पोल पर चढ़े थे। इसी बीच करंट लगने से झटका खाकर पोल से करीब 20 फीट नीचे गिर गए। सिर के बल गिरने से गंभीर रूप से जख्मी हुए बिगलो उरांव को तत्काल मांडर मिशन स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। गुरुवार की शाम उनकी मौत की सूचना पर पूर्व डीडीसी परमेश्वर भगत करकट गांव पहुंचे और अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है। उन्होनें परिजनों को ढाढ़स भी बंधाया।

### बच्चों में शिक्षा सुधार के लिए बेसिक कार्यक्रम के तहत नौ स्कूलों का चयन



खूंटी। जिला प्रशासन की विशेष पहल पर छात्रों के अधिगम स्तर में अपेक्षित वृद्धि एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से बेसिक कार्यक्रम बेसलाइन एडवांसमेंट ऑफ स्टडीज फॉर इमप्रुव्ड कैपेसिटी का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए खूंटी जिले के तीन ब्लॉकों के नौ विद्यालयों का चयन किया गया और चयनित विद्यालयों में बच्चों के लर्निंग लेवल की जांच के लिए क्षमता को ध्यान में रखकर कक्षा के अनुसार प्रश्न पत्र तैयार कर बच्चों का बेसलाइन तैयार की गई। जिन तीन प्रखंडों में मुरहू, खूंटी और अड़की शामिल हैं। बेसलाइन के परिणामों को ध्यान में रखकर इन विद्यालयों के बच्चों के लर्निंग लेवल को बढ़ाने के लिए व्यवस्थित कार्य योजना तैयार की गई।

### लू लगने से बैल की मौत, आपदा राहत कोष से मुआवजा की मांग

**बेड़ो ।** बेड़ो प्रखंड के करांजी पंचायत के ग्राम नगड़ी में गुरुवार को अत्यधिक गर्मी एवं लू पड़ने के कारण किसान सुरेंद्र धान के एक बैल की मौत हो गई। किसान सुरेंद्र धान ने बताया कि कहना इसी बैल से वह अपने खेतों की जोताई कोड़ाई कर खेती बाड़ी का काम कर रहा था। लेकिन दोपहर बाद अत्यधिक गर्मी एवं लू लगने के कारण उसके बैल की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि अब वे खेती बाड़ी कैसे करेंगे । बैल का इस तरह से मृत्यु हो जाने से किसान का आजीविका ठप हो गया है। पीड़ित किसान सुरेंद्र धान आपदा विभाग से मुआवजा की मांग की है। इस संबंध में प्रगतिशील किसान पवन कुमार महतो ने सुरेंद्र महतो के घर जाकर पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# धर्मांतरण रोकने के लिए कानून में बदलाव जरूरी : हिंदुआ उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के डोरंडा पंचायत के सेरो गांव में जनजाति सुरक्षा मंच की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जनजातीय सुरक्षा मंच के प्रांत सह संयोजक हिंदवा उरांव ने कहा कि जनजातीय समाज को खत्म करने की गहरी साज़िश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के लोगों का तेजी के साथ धर्मांतरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्ट कार्ड के द्वारा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को खत के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है कि धर्मांतरित ईसाई और इस्लाम द्वारा हमारा आरक्षण का 80% लाभ का घोटाला कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि अबतक हमारे जनजाति समाज को धर्मांतरित कर 14% जनजाति समाज को समाप्त कर चुके है। पिछले 75 वर्षों से हमारे जनजाति समाज के साथ जो अन्याय हो रहा है आगे जड़ से समाप्त करने में और 75 वर्ष भी नहीं लगेगी इसलिए आर्टिकल 341 की तरह आर्टिकल 342 में संशोधन कर डीलिस्टिंग कानून बनाने की सख्त जरूरत है प्रधानमंत्री से अपील की है कि आर्टिकल 341 की तरह आर्टिकल 342 में संशोधन कर डीलिस्टिंग कानून बनाकर जनजातीय समाज की रक्षा करें।

### पिकअप वैन से लूटे गए सरसों तेल के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

चान्हो। थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा के निकट 30 मई को एक पिकअप वैन से लगभग पांच लाख रुपये मूल्य के लूटे गए 220 पेटी सरसों तेल के मामले का खुलासा गुरुवार को चान्हो पुलिस ने कर लिया है। इस कांड के उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था जिसने इस कांड का उद्भेदन किया। पुलिस की छापेमारी टीम द्वारा इस कांड में संलिप्त एक अभियुक्त चतरा जिले के 24 वर्षीय मोहम्मद शहंशाह को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ किया था। पूछताछ के क्रम में उसने अपने साथी मोहम्मद मजहर उर्फ राजा, अमन अंसारी उर्फ सोनू और मोहम्मद वसीम के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की थी। साथ ही इन लोगों ने अपने दो अन्य साथियों मोहम्मद अंजर और मोहम्मद तालिब का भी इस घटना में हाथ होने की बात पुलिस को बताई थी।

# कॉलेजों में स्ट्रीम वाइज पढ़ाई का एआईडीएओ करेगा विरोध : सोहन



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
कोल्हान विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में स्ट्रीम वाइज पढ़ाई का प्रस्ताव कैबिनेट में भेजने का एआईडीएसओ कड़ा विरोध करेगा। एआईडीएसओ के झारखंड प्रदेश सचिव सोहन महतो ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद पूरे देश में शिक्षा का हाल-बेहाल है। कोल्हान विश्वविद्यालय भी इससे अछूता नहीं है। कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से छात्र-छात्राएं अध्ययन करने के लिए आते हैं। स्ट्रीम वाइज पढ़ाई से काफी छात्र पढ़ाई से दूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक की कमी का हवाला देकर उच्च शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्ट्रीम वाइज पढ़ाई का प्रस्ताव भेजा गया है। एआईडीएसओ इस निर्णय का विरोध करता है। विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षकों की कमी का हवाला देकर विभिन्न कॉलेजों से विभिन्न विषयों की पढ़ाई को समाप्त कर रही है। विगत एक वर्ष से अधिक समय से कोल्हान विश्वविद्यालय में कुलपति का पद रिक्त है, तो क्या विश्वविद्यालय को भी बंद कर देना चाहिए? उन्होंने मांग की कि विश्वविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति की जाए और स्ट्रीम वाइज पढ़ाई के निर्णय को वापस लिया जाए अन्यथा एआईडीएसओ उग्र आंदोलन करेगा।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**खूंटी।** जिले के मारंगहादा थानांतर्गत जानमडीह मोड़ के पास गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रहे एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जगरनाथ हजाम (26 वर्ष) ग्राम बारूडीह, पोस्ट तारो सिलादोन थाना खूंटी के रूप में हुई है। जगरनाथ हजाम गुरुवार सुबह अपने एक रिश्तेदार को बाइक से तैमारा पहुंचा कर अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान जानमडीह गांव के समीप मोड़ में सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही जगरनाथ की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिल पर मारंगहादा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को सड़क से उठाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
"यातायात नियम अपनायें
सुरक्षित झारखण्ड बनायें "
सड़क सुरक्षा, परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार
मदद को घबरायें नहीं,
सहायता का हाथ बढ़ायें तो सही।
सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डेन ऑवर यानी दुर्घटना के बाद एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाने पर गुड सेमेरिटन को ₹ 2000 पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।
मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 134 क सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले गुड सेमेरिटन को बुनयादी कानूनी सुरक्षा प्रदान करती है। इस धारा के तहत -
- गुड सेमेरिटन को पुलिस द्वारा पूछताछ या साक्षी बनने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।
- अस्पताल कर्मी के द्वारा चिकित्सीय व्यय या व्यक्तिगत ब्योरा देने हेतु बाध्य नहीं किया जाएगा।
- पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने के बाद गुड सेमेरिटन को अनावश्यक रोका नहीं जायेगा।
क्या है गुड सेमेरिटन की पहचान ?
1. मोटर वाहन जनित सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करना।
2. दुर्घटना स्थल पर पुलिस/अस्पताल कर्मी की सहायता करना।
3. दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न करना।
4. दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में नजदीकी अस्पताल पहुंचाना।


लीड एजेंसी, सड़क सुरक्षा, परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा जनहित में जारी...
www.jhtransport.gov.in
हमसे जुड़ें :- @jharroadsafety
PR No. 326162 (Transport) 2024-25

# स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाएगा व्यापक अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
छात्रों में मादक द्रव्यों एवं नशीले पदार्थों के बढ़ते सेवन को रोकने के लिए राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने नशे के विरुद्ध एक युद्ध अभियान के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत आगामी 18 जून से 25 जून तक राज्य के सभी कोटि के सरकारी/ गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त/ अल्पसंख्यक/ निजी विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्कूली बच्चों को प्रतिदिन मादक द्रव्यों/नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के विरुद्ध जागरूक किया जाएगा।



अभियान से संबंधित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का गुरुवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में आयोजन किया गया। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधीक्षक एस शारिक ओमर, एनसीसी के ग्रुप कमांडेंट कर्नल राजीव कुमार, मेदांता अस्पताल के मनोचिकित्सक सह नशामुक्ति विशेषज्ञ पवन कुमार बर्णवाल समेत सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, शिक्षा विङ्गाग के सङ्गी जिलों के नोडल पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, स्वास्थ्य पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सामाजिक/गैर सरकारी संगठनो के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# रिम्स के वार्ड में अब भी खराब हैं कई पंखे, गर्मी से परेशान हैं मरीज

अमित कुमार । रांची

राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में रोजाना हजारों मरीजों का इलाज होता है। भर्ती मरीजों को गर्मी के मौसम में परेशानी नहीं हो, इसके लिए सभी वार्डों में बिजली से चलने वाले सभी उपकरण लगाए गए हैं। लेकिन, वार्ड में अब भी एक-दो की संख्या में पंखे खराब पड़े हुए हैं। किसी वार्ड में पंखा धीमी गति से चल रहा है, तो कहीं पर बंद पड़ा हुआ है। वैसे, पहले से अब इसमें काफी सुधार हुआ है। मार्च माह में सभी वार्ड में 30 प्रतिशत तक पंखे खराब थे। यह अब 5 से 10 प्रतिशत रह गया है। जिस भी मरीज के पास पंखा खराब है, वे गर्मी से काफी परेशान हैं। रिम्स में बिजली व्यवस्था बिजली विभाग की देखरेख में है। लेकिन, इसका रख-रखाव ठेके के भरोसे है और इसका खामियाजा मरीजों को झेलना पड़ रहा है।



## क्या कहते हैं मरीज

**वार्ड ए-2** के मरीज के परिजन फरीद आलम बताते हैं, हमारे मरीज के बेड के पास हवा नहीं पहुंचती है। रातभर मेरा मरीज परेशान रहता है। बेड नंबर 340 और 392 के पास पंखा खराब पड़ा हुआ है।

**वार्ड बी-1** में मरीज के परिजन सुभाष कुमार बताते हैं, पंखे में गड़बड़ी होने से पंखा धीमी गति से घूम रहा है। इस संदर्भ में सूचना किसे दें, पता नहीं है। 9 तथा 28 नंबर बेड के पास यही स्थिति है।

**वार्ड सी-1** में मरीज के परिजन अनिता उरांव बताती हैं, हमारे मरीज के बेड का पास पंखा धीमी गति से चलता है। मरीज को गर्मी अधिक लगने से काफी परेशानी होती है। बेड नंबर 1127 के पास यही हाल है।

**वार्ड सी-2** में मरीज के परिजन सचिन पासवान बताते हैं, एक सप्ताह से मेरा मरीज गर्मी से परेशान है। कुछ पंखा खराब पड़ा हुआ है, तो कुछ धीमी गति से घूमता है। बेड 41 और 47 के पास पंखा बंद है और बेड 6 तथा 9 वाला पंखा धीमा चलता है।

नया पंखा लगाने का ऑर्डर दिया गया है। हालांकि, रिम्स का इस पर पूरा नियंत्रण नहीं है। हमारे यहां तो सरकारी एजेंसी यह काम करती है। मेरी जानकारी के अनुसार अभी तक कई वार्डों में वायरिंग का काम पूरा हो चुका है। इसके साथ ही सभी वार्डों में पुराने पंखे की मरम्मत की गई है। जल्द ही नए पंखे लग जाएंगे।

प्रो (डॉ) राजकुमार, निदेशक, रिम्स।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में जागरूकता सत्र का आयोजन

**रांची।** आईक्यूएसी के तहत, 1/3 कंपनी एनसीसी सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची ने 13 जून 2024 को सर्कुलर इकोनॉमी के सात आर पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई और स्थिरता को बढ़ावा देने और अपशिष्ट को कम करने में 7आर की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम में कुल 40 कैडेटों ने भाग लिया। सत्र में रिड्यूस, रियूज, रिपेयर, रिबिल्ट, रिफर्बिश्ड, रिसाइकल्ड और रिसोल्ड के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया, जिससे कैडेटों को अपने दैनिक जीवन में इन प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

महिला हॉकी चैंपियनशिप में करोड़ों का भ्रष्टाचार

# मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सीबीआई जांच की करें अनुशंसा : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को कहा कि झारखंड खेल मंत्रालय में भी 'खेला' कर दिया है। अखबार में छपी खबर के हवाले से उन्होंने कहा कि झारखंड में विगत वर्ष 2023 में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप के आयोजन में तत्कालीन बिहार के चर्चित चारा घोटाले के तर्ज पर राज्य के खेल निदेशालय ने करोड़ों का घोटाला किया है।

मरांडी ने कहा कि कोयला, बालू, पत्थर, युवाओं की नौकरी लूटते-लूटते ठगबंधन सरकार ने अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन को भी भ्रष्टाचार में झोंक दिया। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार का गंभीर मामला उजागर हुआ है। आग्रह है कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन इसे संज्ञान में लेकर शीघ्र कारवाई करें और इस मामले की सीबीआई जांच की अविलंब अनुशंसा करें।

उन्होंने कहा कि लूट के कारनामे एक से बढ़कर एक हैं। कहा कि पेट्रोल कार में डीजल



डालने के बिल का भुगतान कर दिया गया। बैट्री से संचालित ई रिक्शा में भी डीजल भरने के बिल का भुगतान कर दिया गया। कहा कि इतना ही नहीं, 19 हजार रुपये प्रति प्लेट की थाली गटक गए, जो सबसे महंगे होटल के रेट से भी कई गुना ज्यादा है।

उन्होंने कहा कि आयोजन के टेंडर निष्पादन में चहेती एजेंसी को टेंडर देने के लिए तय दरों में हेरफेर कर दी गई। इससे स्पष्ट है कि एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप के दौरान खेल मंत्रालय द्वारा आयोजन में भारी अनियमितता बरती गई है।

बड़ा तालाब से फैल रही दुर्गंध पर डीएमसी की टीम ने की जांच

# करोड़ों खर्च के बाद भी हाल बेहाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी का बड़ा तालाब इन दिनों गंदगी और बदबू को लेकर चर्चा में है। इसकी साफ-सफाई पर करोड़ों रुपये खर्च हो चुके हैं, फिर भी आसपास के लोगों का यहां रहना मुहाल हो गया है। न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इधर, गुरुवार को रांची नगर निगम के डीएमसी की टीम नगर निगम के उप प्रशासक रवींद्र कुमार के नेतृत्व में जांच के लिए बड़ा तालाब पहुंची।

दूसरी ओर, रांची झील बचाओ अभियान समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा तथा राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश भी इस बढ़ती हुई समस्या से अवगत हुए। उन्होंने उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को बड़ा तालाब को साफ कराने के लिए कहा। साथ ही, दीपक प्रकाश ने इस समस्या पर राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है।



सफाई के लिए बना था 8 करोड़ का एसटीपी

पूर्व में बड़ा तालाब की साफ-सफाई तथा विकास के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। इसकी सफाई के लिए आठ करोड़ रुपये की लागत से एसटीपी तैयार कर संचालित किया जा रहा है। इसे साथ ही पिछले साल अगस्त माह से लेकर इस वर्ष मई माह तक में 8 हजार टन गाद निकाले गए हैं, जिसमें करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं। सीधे तौर पर बड़ा तालाब की साफ-सफाई में जनता के पैसे की बर्बादी का नजारा स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। हर साल नगर विकास विभाग इसके सौंदर्यीकरण के लिए योजनाएं बनाता है। करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन कभी भी इस तालाब को गंदगी और बदबू से निजात नहीं मिल पाया है। 14.89 करोड़ रुपये इस तालाब के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के नाम पर खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक इसका सौंदर्यीकरण पूरा नहीं हुआ है।

## बदबू से काफी परेशान हैं आसपास रहने वाले लोग

पिछले कई दिनों से बड़ा तालाब का पानी काफी बदबू दे रहा है। अपर बाजार, हिंदपीढ़ी और आसपास के इलाके के लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। करीब डेढ़ किलोमीटर तक बदबू फैल रहा है। वहीं, तालाब के आसपास से गुजरने वाले लोग नाक बंद करके गुजर रहे हैं। डेंगू, मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियों के पनपने का खतरा बना हुआ है।

*बड़ा तालाब में पिछले 100 वर्षों से गंदा पानी गिरने का सिलसिला लगातार जारी था। इसकी सफाई को लेकर नगर निगम का प्रयास जारी है। एसटीपी के माध्यम से तालाब में गंदा पानी को साफ कर छोड़ा जाता है। साथ ही हजारों टन गाद निकाल कर इसकी सफाई का काम पूरा किया गया है।*

**अमित कुमार, आयुक्त, रांची नगर निगम।**

रांची विवि की एनएसएस इकाई ने मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान

# जीवन चुनें, नशा नहीं : डॉ ब्रजेश



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देश पर एवं उनके मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को हातमा बस्ती में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में एनएसएस स्वयंसेवकों ने मादक पदार्थों के सेवन से हो रहे दुष्प्रभाव के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि सभी को जीवन चुनने की आवश्यकता है, नशा नहीं। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की लत केवल नशा करने वाले का ही नुकसान नहीं करती है, बल्कि इससे उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है।

एनएसएस के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बस्ती में रहने वाले आमलोगों एवं युवाओं को नशे से हो रहे दुष्परिणाम एवं पूरे समाज में हो रहे नुकसान के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने अपने नाटक के माध्यम से यह दिखाया कि साधारण परिवार का एक लड़का जब पढ़ने कॉलेज जाता है और अपने दोस्तों के संपर्क में आकर मादक पदार्थ का सेवन करने लगता है, तो उसके नशे की लत ने ना केवल उसकी जिंदगी तबाह कर दी, बल्कि उसके परिवार की उम्मीद भी खत्म हो गई। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अपने नाटक की बहुत ही जीवंत प्रस्तुति दी। सभी ने पूरे नाटक टीम की प्रशंसा की।

नुक्कड़ नाटक टीम में एनएसएस के स्वयंसेवकों में आकांक्षा, संकल्प कुमार, नाज प्रवीण, लवली वर्णवाल, अर्जुन कुमार, अनीश तिवारी, मुस्कान कुमारी, दीक्षा कुमारी, उर्फिया एवं राहुल कुमार आदि शामिल थे।

नुक्कड़ नाटक के पश्चात नशाखोरी के विरुद्ध सभी ने शपथ ली एवं संकल्प लिया कि ना हम नशा करेंगे और ना ही किसी और को नशा करने देंगे। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के टीम लीडर्स दिवाकर, आकाश, रिकेश, अतुल, अंकित, सुरभि, कृति, अनिशा, शना, उदय, सुजल, ऋषि, रवि, उज्ज्वल आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# साहसिक शिविर में शामिल होना गर्व की बात है : डॉ अजीत सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेलकूद मंत्रालय द्वारा एनएसएस के सक्रिय स्वयंसेवकों के लिए प्रति वर्ष राष्ट्रीय साहसिक शिविर का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2023 में हिमाचल प्रदेश के नारकंडा स्थित अटल बिहारी बाजपेयी मोउंटेनियरिंग संस्थान में आयोजित किया गया था, जिसमें झारखंड राज्य से कुल 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। उनका प्रमाण पत्र डाक द्वारा 12 जून 2024 को प्राप्त हुआ है। साहसिक शिविर में शामिल झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से शिष्टाचार मुलाकात की एवं कुलपति के हाथों प्रमाण पत्र प्राप्त किए।

इस अवसर पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि साहसिक शिविर में शामिल होना गर्व की बात है एवं इसमें भाग लेने वाले युवाओं में निडरता का भाव विकसित होता है। उन्होंने कहा कि साहसिक शिविर का अनुभव अपने मित्रों के बीच अवश्य बताना चाहिए, जिससे उनके अंदर भी एनएसएस में कार्य करने का जज्बा दिखेगा। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति डॉ सिन्हा ने उनसे बात की एवं शिविर के बारे में जानकारी प्राप्त की। आज के शिष्टाचार मुलाकात के कार्यक्रम में आरयू के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, कुलसचिव डॉ विनोद नारायण, कुलानुशासक डॉ एम सी मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, समन्वयक आईक्यूएसी डॉ बीके सिन्हा, वित्त पदाधिकारी डॉ प्रीतम कुमार, सीसीडीसी डॉ पीके झा, ऑडिटर अजय प्रकाश एवं एनएसएस के राज्य पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार उपस्थित थे।



शिविर में शामिल स्वयंसेवक

रांची विश्वविद्यालय, रांची : तनिष्क मिश्रा, हर्ष आनंद, रोशनी परवीन, शहजाद। कोल्हान विश्वविद्यालय : लक्ष्मण गोराई, पल्लवी दे। विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग : संतोषी कुमारी, राजा कुमार। एसकेएमयू, दुमका : रेखा कुमारी। उषा मार्टिन विश्वविद्यालय : मुनिता कुमारी, प्रियांशु कुमार। वाईबीएन विश्वविद्यालय : कुणाल कुमार, सिम्मी कुमारी। दल का नेतृत्व साहिबगंज के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रशांत कुमार ने किया।

# इनोसोल पेट्रोकेम ने की झारखंड में ऑयल बिजनेस व फर्टिलाइजर में निवेश की चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

इनोसोल पेट्रोकेम इंडिया प्रा लि के मैनेजिंग डायरेक्टर अमर कुशवाहा और कंपनी के तेहरान स्थित इंटरनेशनल पार्टनर ए. शदावी ने गुरुवार को चैंबर भवन में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के पदाधिकारियों से मुलाकात की। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कंपनी के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। चैंबर के साथ हुई वार्ता के दौरान इनोसोल पेट्रोकेम इंडिया प्रा लि के इंटरनेशनल पार्टनर ए. शदावी ने झारखंड में ऑयल बिजनेस व फर्टिलाइजर में निवेश की ईच्छा जताई। यह बताया कि इनोसोल पेट्रोकेम इंडिया कंपनी की योजना प्रदेश में यूज्ड ऑयल की रिफाइनरी यूनिट स्थापित करना, कोल बेस्ड फर्टिलाइजर बनाना और बिटूमीन का प्रोडक्शन करना है।





पहले फेज में कंपनी द्वारा 20-30 करोड़ का निवेश करने की योजना है। सबकुछ बेहतर होने पर कंपनी द्वारा कोल और बिटूमीन की इकाई लगाने की दिशा में पहल की जाएगी। झारखंड में निवेश को अनुकूल बताते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने इनोसोल पेट्रोकेम इंडिया कंपनी के इस योजना की सराहना करते हुए इस निवेश को स्थापित कराने में झारखंड चैंबर की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। यह भी कहा कि चैंबर की क्लोज मॉनीटरिंग में निवेश के इस प्रयास को गति दी जाएगी। राज्य में ऑयल बिजनेस और फर्टिलाइजर में निवेश करने को उपयुक्त बताते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रोजेक्ट लगने से राज्य में 1000 करोड़ का निवेश स्थापित हो सकेगा, जिससे हमारा राज्य आर्थिक प्रगति की दिशा में अग्रसर होगा।

बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ अभिषेक रामाधीन, सदस्य अमित अग्रवाल एवं कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चान्हो लूटकांड का हुआ खुलासा चतरा से एक आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के चान्हो थाना पुलिस ने लूटकांड का खुलासा करते हुए चतरा से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसका नाम मो शहंशाह है और चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र के बौड़ मोहल्ला का रहने वाला है। एसपी (सिटी) राजकुमार मेहता ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 30 मई को चान्हो के कटैया मोड़ के पास एनएच-75 से पिकअप वाहन एवं उस पर लदे 220 पेटी सरसों तेल के लूटने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। पुलिस ने छापेमारी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान मो शहंशाह ने अपने साथी



मो मजहर उर्फ राजा, अमन अंसारी उर्फ सोनू, मो वसीम के साथ घटना को अंजाम देने की बात बताई तथा दो अन्य मो अंजर एवं मो तालिब की भी इस मामले में संलिप्तता की बात बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी मो. शहंशाह की निशानदेही पर लूट गए पिकअप वाहन को बरामद किया गया। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# न्यूज बॉक्स

## ऑटो चालकों की परिमित संख्या बढ़ाने को लेकर बैठक 21 को



**रांची।** रांची जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) अखिलेश कुमार ने बताया कि आगामी 21 जून को रांची नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस विभाग और जिला परिवहन विभाग की बैठक प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में होगी। इसमें ऑटो चालकों की परिमित संख्या बढ़ाने और बिना परमिट वाले ऑटो को शहर से बाहर चलाने की अनुमति पर विचार किया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर उप नगर आयुक्त रवींद्र कुमार ने बताया कि इस बैठक में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में पहल की जाएगी।

## बाजरा में दिनदहाड़े न्यू पंचवटी, ज्वेलर्स से लूटे लाखों के जेवरात





**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र के बाजरा में बदमाशों ने दिनदहाड़े न्यू पंचवटी ज्वेलर्स के यहां लूट की घटना को अंजाम दिया है। गुरुवार की दोपहर तीन की संख्या में हथियारबंद बदमाश अचानक न्यू पंचवटी ज्वेलर्स के यहां पहुंचे और दुकानदार को अपने कब्जे में लेकर लाखों के गहने लूट लिये। दुकान में जो भी गहने नजर आए, उसे लूट कर वे फरार हो गए। दुकानदार के अनुसार लाखों रुपये के गहनों की लूट हुई है, स्टॉक मिलाने के बाद ही कितना जेवर अपराधी ले गए, यह पता चल पाएगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, साठ से सत्तर लाख रुपये तक के गहनों और नकद की लूट हुई है। दुकान में लूट की सूचना मिलते ही पूरे शहर में सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया है। दुकानदार ने बताया है कि तीनों अपराधी एक ही बाइक पर सवार होकर फरार हुए हैं। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस का अनुसंधान जारी है।

## पाकिस्तान से क्रिकेट समेत सभी रिश्ते खत्म हों : सुनील सिंह



**रांची।** जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा हिंदू तीर्थ यात्रियों की हत्या किए जाने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व राष्ट्र सेवा फाउंडेशन द्वारा देशभर में जिला केंद्रों पर मृत हिंदू तीर्थयात्रियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन रखा गया। इस घटना को लेकर हिंदू सनातनी समाज ने काफी आक्रोश है। इसी निमित रांची जिले के रातू, रिंग रोड, सिमलिया अंतर्गत दलादली चौक बजरंग बली, दुर्गा मंदिर परिसर में सनातनी हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा पाकिस्तान के विरोध में नारेबाजी की गई तथा मृतात्माओं की शांति के लिए 2 मिनट तक मौन धारण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान आए दिन नापाक हरकत करता है और आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देता है। ऐसे में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एक बार फिर एयर स्ट्राइक कर मुंहतोड़ जवाब दे। सुनील सिंह ने कहा कि भारत सरकार को पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह के रिश्ते बनाए रखने की जरूरत नहीं है। चाहे वो क्रिकेट के रूप में खेल के क्षेत्र में हो या व्यापार या अन्य किसी भी क्षेत्र में हो, सभी प्रकार के रिश्ते तोड़कर उसे मुंहतोड़ जवाब दिए जाने की जरूरत है। ताकि, पाकिस्तान को भारत की तरफ आंख उठाकर देखने के पहले हजार बार सोचना पड़े। इस विरोध प्रदर्शन में वीएचपी रांची ग्रामीण जिले के सह मंत्री लोकनाथ सहदेव, एसएन शर्मा, शशिभूषण ओझा, जनार्दन ओझा, उमेश्वर ओझा, दुबे जी, अमरनाथ त्रिपाठी के साथ बड़ी संख्या में सनातनी हिंदू मौजूद थे। सभी लोगों ने इस घटना की पुरजोर निंदा की।

## राजधानी में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से व्यापारी और उद्यमी चिंतित : किशोर मंत्री

**रांची।** बाजरा स्थित न्यू पंचवटी ज्वेलर्स प्रतिष्ठान में दिनदहाड़े डकैती की घटना पर चिंता जताते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने रांची की विधि व्यवस्था की स्थिति पर प्रश्न उठाया है। चैंबर महासचिव परेश गट्टानी और कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी ने घटनास्थल पर जाकर प्रतिष्ठान के संचालक दीपक कुमार साहू और उनकी दादी आशा देवी से मिलकर मामले की जानकारी ली। मौके पर ही पुलिस अधीक्षक से वार्ता करके घटना में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और माल की बरामदगी का आग्रह किया गया। पुलिस अधीक्षक ने अवगत कराया कि घटनास्थल से पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि राजधानी पूरे राज्य का आईना होता है और यहां पर नित्य प्रतिदिन घटनाएं घटित हो रही हैं। रांची में अचानक चोरी, छिनतई, हत्या, रंगदारी जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इन घटनाओं से व्यापारी और उद्यमी समाज चिंतित है। जिला प्रशासन को अपराध नियंत्रण को लेकर ठोस पहल करने की आवश्यकता है, ताकि भयमुक्त वातावरण में व्यापार और उद्योग संचालित हो सकें।

## 14 से 17 जून को सरला बिरला विवि में होगा राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की चार दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित होगा। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सह-संयोजक ए विनोद ने बताया कि न्यास की प्रतिवर्ष होने वाली यह राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला इस वर्ष सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित होगी, जिसमें देश भर से 350 से अधिक शिक्षाविद् व न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। प्रतिवर्ष होने वाली इस राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में न्यास के 11 विषय, 3 आयाम व 3 कार्य विभाग से संबंधित देश के विभिन्न प्रांतों में हुए कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, अभ्यास वर्गों आदि का प्रांत संयोजकों द्वारा प्रतिवेदन रखा जाएगा साथ ही इन विषयों से संबंधित आगामी योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर चर्चा सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि कार्यकर्ता विकास की दृष्टि से इस वर्ष की कार्यशाला के साथ 3 दिवसीय अभ्यास वर्ग आयोजित किया जा रहा है, जिसमें न्यास की कार्य पद्धति, कार्य शैली, कार्यकर्ता का अकादमिक विकास, विमर्श आदि पर विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यशाला का उद्घाटन 14 जून को सायं 4 बजे सरला बिरला विश्वविद्यालय के बी.के. बिरला प्रेक्षागृह में आयोजित होना है।

# सीएम से गुलाम अहमद मीर और कल्पना सोरेन से पत्रकारों ने की मुलाकात



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से आज बूटी रोड, मोरहाबादी, रांची स्थित आवास में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी के बीच राज्य में चल रहे कई विकासात्मक योजनाओं सहित राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित रहे।



प्रदेश राजद की ओर से एक विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक सह प्रधान महासचिव संजय प्र यादव और प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव के नेतृत्व में नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से शिष्टाचार भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान सामान्य रूप से राजनीतिक चर्चा की गई, कल्पना सोरेन की राजनीति में कदम रखने से काफी कम दिनों में अप्रत्याशित लोकप्रियता बढ़ी है।



कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने भी कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की।



रांची के कांके रोड स्थित आवास पर कल्पना सोरेन से रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन के नेतृत्व में एक शिष्टमण्डल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इसमें क्लब के संयुक्त सचिव रतन लाल, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारणी सदस्य राणा गौतम, मोनू कुमार, सौरभ शुक्ला तथा प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व सचिव जावेद अख्तर, शकील अख्तर व विवेक पांडेय शामिल थे।

# सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर निर्माण कार्य सितंबर तक पूरा करें : चंपाई सोरेन

## राज्य में 52 किलोमीटर इंटरनल रिंग रोड का होगा निर्माण

**ब्यूरो रिपोर्ट**

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरूवार को तीसरे दिन भी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची में निमार्धीन फ्लाई ओवर ब्रिज तथा अन्य शहरों के ट्रैफिक व्यवस्था की सम्बंधित विस्तृत जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने विभाग के कार्यों के प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सिरमटोली से मेकॉन तक बनने वाले फ्लाईओवर निर्माण कार्य सितंबर माह 2024 के अंत तक पूरा कर लेने का निर्देश पदाधिकारियों दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिरमटोली फ्लाईओवर रांची शहर की ट्रैफिक समस्या को नियंत्रित करने का एक बेहतर विकल्प है। इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य में किसी प्रकार से विलंब नहीं होना चाहिए।

**राजधानी के लोगों को ट्रैफिक समस्या से दिलाएं निजात:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार चाहती है कि रांची शहर वासियों को जल्द से जल्द ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलायी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में यातायात नियंत्रण हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

रांची के करमटोली से रिम्स होते हुए बूटी मोड़ तक तथा हिनू से बिरसा चौक होते हुए डीपीएस स्कूल तक फ्लाईओवर निर्माण किए जाने का डीपीआर बनाया गया है। विभाग द्वारा इस योजना का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### मंजूरी के बाद दो केबुल स्टे पुल निर्माण कार्य शुरू होगा

पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को जानकारी देते कहा कि सिरमटोली से मेकॉन तक बनने वाले फ्लाईओवर का कार्य प्रगति पर है। विभाग के प्रधान सचिव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सिरमटोली से मेकॉन तक बन रहे फ्लाईओवर निर्माण कार्य में दो स्थान पर केबुल स्टे पुल बनना है, इस निमित्त रेलवे से सहयोग मांगा गया है। केबुल स्टे पुल बनने वाले दो स्थानों को छोड़कर लगभग सभी कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। केबुल स्टे पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके इसके लिए रांची रेल मंडल के डीआरएम ने पूर्ण रूप से सहयोग देने की बात कही है। रेलवे विभाग से निर्देश प्राप्त होते ही अतिरिक्त मानवबल लगाकर केबुल स्टे पुल निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। मौके पर रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि राज्य सरकार एवं रांची रेल मंडल द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर जिन दो जगहों पर केबुल स्टे पुल बनाया जाना है, वहां निर्माण कार्य सितंबर माह तक पूर्ण हो सके इस निमित्त नियमसंगत प्रावधानों के अनुसार सभी प्रक्रियाएं की जा रही है, जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकेगा।

### मुख्य डाकघर की जमीन के बदले सरकार देगी जमीन

प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि मुख्य डाकघर डोरंडा के अधीन लगभग 4 डिसमिल जमीन की उपयोगिता फ्लाईओवर निर्माण में होगी, इस हेतु पोस्ट मास्टर जनरल के साथ वार्ता हुई है, उन्होंने विभाग को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया है। डाक विभाग द्वारा चार डिसमिल जमीन देने के बदले राज्य सरकार द्वारा उन्हें दूसरी जगह पर जमीन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट मास्टर जनरल एवं राज्य सरकार के अधिकारियों से कहा कि डाक विभाग और पथ निर्माण विभाग आपसी समन्वय बनाकर इस समस्या का जल्द समाधान कर लें।

### इंटरनल रिंग रोड बनाने के प्रस्ताव पर कार्य प्रारंभ

पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विभाग द्वारा रांची में इंटरनल रिंग रोड बनाने के प्रस्ताव पर कार्य प्रारंभ कर चुकी है। रांची में बनने वाले इंटरनल रिंग रोड की कुल लंबाई 52 किलोमीटर होगी। यह कार्य 11 खंडों में की जानी है, जिसमें तीन विभागों की प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल चुकी है। इंटरनल रिंग रोड के तीन खंड पहले से निर्मित है, बाकी निर्माण कार्य के लिए डीपीआर बनाने की प्रक्रिया प्रगति पर है।



### राजधानी में 12 फ्लाईओवर बनाने की हो रही तैयारी

मुख्यमंत्री को विभागीय अधिकारियों ने अवगत कराया कि पूरे राज्य में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 12 फ्लाईओवर का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सरायकेला में 2 और दुमका में एक फ्लाईओवर बनाया जाएगा, वहीं बाकी सभी फ्लाईओवर रांची में बनाए जाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री के समक्ष पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जानकारी दी कि राज्य के दुमका, डाल्टनगंज, चाईबासा, गिरिडीह एवं जमशेदपुर में पथ निर्माण विभाग द्वारा बाईपास सड़क निर्माण का डीपीआर तैयार किया जा रहा है। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल० खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, डीआरएम रांची रेल मंडल जसमीत सिंह बिंद्रा, सहायक डाक महा अध्यक्ष रूपक कुमार सिन्हा, सीई, सीडीओ, आरसीडी के०के० लाल, मुख्य अभियंता यातायात मनोहर कुमार सहित पथ निर्माण विभाग के अन्य पदाधिकारीगण तथा एलएंडटी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अंतू तिर्की सहित दस के खिलाफ चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला और मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दस आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट का पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने गुरुवार को संज्ञान ले लिया है। यह चार्जशीट ईडी ने 7 जून को कोर्ट में दाखिल की थी। इस मामले में कोर्ट 27 जून को सुनवाई करेगी। हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला और मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने जिन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है, उनमें झामुमो नेता अंतु तिर्की, राजस्व विभाग के कर्मचारी मनोज कुमार यादव, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मचारी तापस घोष व संजीत कुमार, हजारीबाग कोर्ट में डीड राइटर मो इरशाद के अलावा प्रिय रंजन सहाय, विपिन सिंह, अफसर अली उर्फ अफसू खान और सद्दाम हुसैन के नाम शामिल हैं। ईडी ने अपनी चार्जशीट में इस बात का भी उल्लेख किया है कि बड़गाईं में हेमंत सोरेन के कब्जे वाली 8.86 एकड़ जमीन के दो प्लॉट के फर्जी दस्तावेज बनाए गए थे।

## हेमंत की जमानत पर हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में गुरुवार को बरियातू के बड़गाई में 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया ईडी के वकील एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि हेमंत सोरेन ने अनधिकृत रूप से बड़गाईं अंचल के 8.86 एकड़ जमीन पर कब्जा कर रखा है, जो पीएमएलए 2002 में निहित प्रावधानों के तहत मनी लांड्रिंग है। ईडी ने सोरेन की जमानत का विरोध करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन काफी प्रभावशाली शख्स हैं और स्टेट मिशनरी का यूज करते हुए उन्होंने खुद को बचाने के तमाम प्रयास किए थे। जमानत मिलने पर सोरेन की ओर से राज्य मशीनरी का दुरुपयोग करके जांच को बाधित करने का प्रयास कर सकते हैं। बताया कि बड़गाईं स्थित जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने की योजना थी। आर्किटेक विनोद सिंह ने नक्शा बना कर हेमंत सोरेन के मोबाइल पर भेजा था।



साथ ही विनोद ने सर्वे के दौरान बड़गाईं स्थित जमीन की पहचान की थी। राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद ने भी हेमंत सोरेन की मदद की थी। भानु प्रताप प्रसाद ने अपने बयान में भी यह स्वीकार किया है कि मुख्यमंत्री कार्यालय से मिले निर्देश पर उसने बड़गाईं स्थित जमीन का विस्तृत ब्योरा तैयार कर उपलब्ध कराया था। हिलेरियस कच्छप में भी हेमंत सोरेन को इस जमीन पर अवैध कब्जा करने में मदद किए थे। संबंधित जमीन पर हिलेरियस ने ही अपने नाम पर बिजली का कनेक्शन लिया था। साथ ही 8.86 एकड़ की इस जमीन की पत्थर से घेराबंदी भी कराई थी। वहीं, दूसरी ओर हेमंत सोरेन की ओर सुप्रीम कोर्ट की वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने कोर्ट में कहा कि इसमें मनी लांड्रिंग का मामला नहीं बनता है।

## मंत्री बनने के बाद आज रांची आएंगे सेठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पीएम नरेंद्र मोदी की तीसरे कार्यकाल रक्षा राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद भाजपा सांसद संजय सेठ पहली बार चार दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। रक्षा राज्य मंत्री सेठ शुक्रवार 14 जून को दोपहर में रांची पहुंच जाएंगे। यहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इस दौरान विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। उसके बाद दीपाटोली स्थित सैनिक छावनी परिषद के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। 15 जून शनिवार को रक्षा राज्यमंत्री ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।



16 जून रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री रांची शहर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा आयोजित अभिनंदन व संवाद कार्यक्रम में भी केंद्रीय मंत्री भाग लेंगे। 17 जून सोमवार को सिल्ली के विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे और फिर दोपहर को नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## शेखर कुशवाहा को ईडी ने किया कोर्ट में पेश, भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। पेशी के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने कोर्ट से शेखर कुशवाहा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी। इसका बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विरोध किया। कोर्ट ने शेखर कुशवाहा को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार जेल भेज दिया। अदालत रिमांड पर शुक्रवार को फैसला सुनाएगी।

ज्ञात हो कि ईडी ने जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा को बुधवार को गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच में यह बात सामने आई थी कि शेखर कुशवाहा ने अपने सहयोगी प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली सहित अन्य के साथ मिलकर सरकारी कर्मी भानु प्रताप प्रसाद की मिलीभगत से 1971 की फर्जी डीड बनाई थी। बड़गाईं अंचल के तत्कालीन अंचल राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप के साथ मिलकर उसने बरियातू की 4.83 एकड़ की जमीन के रैयत जितुआ भोक्ता का नाम बदल कर समरेंद्र चंद्र घोषाल के नाम की इंट्री कर गैरमजरूआ जमीन को सामान्य खाते की जमीन में बदल दिया था। इसके बाद 22.61 करोड़ की जमीन को 100 करोड़ से अधिक कीमत में बेचने की तैयारी थी।

**कार्यक्रम**

## तीन नए केंद्रीय कानूनों पर पीआईबी के 'वार्तालाप' का हुआ आयोजन

# 1 जुलाई से देश में तीन नए कानून होंगे लागू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची । देश में लगभग 160 साल पुराने ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और आपराधिक प्रक्रिया संहिता समाप्त हो जाएगा। उसकी जगह देश में तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई से लागू जाएंगे। ये तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं।




**समाप्त हो जाएंगे 160 साल पुराने ब्रिटिश काल के कानून**

**शीतकालीन सत्र में नए क्रिमिनल लॉ बिल को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी**

तीनों नए बिलों को पिछले साल शीतकालीन सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया था। बाद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीनों नए क्रिमिनल लॉ बिल को मंजूरी दे दी थी। राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद इन्हें कानून बना दिया गया। ये तीनों कानून भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872, आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 और आईपीसी की जगह लेंगे। रांची के सिटी डीएसपी कुमार वेंकटेश रमन ने कहा कि इसमें कुछ नए जुर्म को शामिल किया गया है और कई पुराने जुर्मों को हटा दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मामूली अपराधों के लिए सजा के तौर पर सोशल सर्विस या सामुदायिक सेवा के पहलू पर बल दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 'मॉब लिंचिंग' व संगठित अपराध पर अधिक सख्त रवैया अपनाया गया है। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर उत्कर्ष वर्मा और विभाग के अधिकारी राजेश सिन्हा ने भी नए कानून के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी एवं पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख गौरव कुमार पुष्कर ने किया।

### नए कानूनों में पीड़ित पक्ष का काफी ख्याल

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा गुरूवार को रांची प्रेस क्लब में वातार्लाप कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में पत्रकार, कानून विद और पुलिस अधिकारी शामिल हुए । कार्यशाला की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ के वाइस चांसलर प्रो0 अशोक आर. पाटिल ने बताया कि पुराने कानून के जगह पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो आगामी एक जुलाई ,2024 से लागू होने जा रहे हैं।

## अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म में तीन दोषी करार, फैसला 21 को

**रांची।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी अनिकेत सांगा, अजय मिर्धा और सुलेंदर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को गुरुवार को दोषी ठहराया है। दोषियों की सजा के बिंदु पर कोर्ट में 21 जून को सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि 15 दिसंबर 2020 की रात 12.30 बजे आरोपियों ने नाबालिग का घर से अपहरण किया था। घर से अपहरण कर पीड़िता को हटिया क्षेत्र के जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद दोषियों ने पीड़िता को घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

## एक नजर

### फंदे से झूल महिला ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**हजारीबाग।** पेलावल ओपी क्षेत्र के उत्तरी शिवपुरी कृष्णा नगर गली 16 में रहने वाली अनिशा देवी (35) ने फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार सुबह की है। बताया जाता है कि अनिशा अपने बाल बच्चों के साथ यहां किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करती थी। अनिशा के पति विदेशी भुइयां ने बताया कि उसका पैतृक गांव चतरा जिला के टंडवा के सराढु है। बुधवार देर रात दोनों पति पत्नी अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण घर के आँगन में सोए थे। अनिशा ने उठ कर अपने रूम में जा कर अंदर से दरवाजा बंद कर ली और साड़ी के फंदे बनाकर झूल आत्महत्या कर ली। मृतका के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। वही पति व बच्चों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### रतवे में विश्व पर्यावरण पखवारा के तहत किया गया पौधरोपण

**कुजू।** रतवे पंचायत भवन परिसर में विश्व पर्यावरण पखवारा के तहत गुरुवार को पौधरोपण किया गया। इस दौरान पंचायत भवन परिसर में पचास से अधिक फलदार व छायादार पौधा लगाया गया। इस अभियान का शुभारंभ पंचायत सचिव चंद्रकांता कुमारी ने पौधा लगाकर किया। बाद में अन्य कई गणमान्य लोगों ने पंचायत परिसर समेत आसपास के इलाके में पौधरोपण किया। पंचायत सचिव चंद्रकांता कुमारी ने लोगों से पौधा को बचाने और घेराबंदी कर जानवरों से सुरक्षित रखने का आह्वान किया। कहा एक वृक्ष सौ पुत्र समान को तर्कसंगत कर हम इलाके में हरियाली को बरकरार रख सकते हैं। पौधरोपण में मुखिया आसमां खातून, रोजगार सेवक दशरथ यादव, वार्ड सदस्य अशोक धोबी, नफीस आलम, छोटेलाल महतो आदि शामिल हुए।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में मलेरिया कार्यों का किया निरीक्षण

**पतरातू।** जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉक्टर अजय चौधरी और विभागीय टीम ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू पहुंचकर मलेरिया कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रभावती सिन्हा से विचार विमर्श किया। इसके बाद उन्होंने मलेरिया लैब का निरीक्षण किया। साथ ही यहां पर हो रहे मलेरिया और फाइलेरिया कार्य से संबंधित रजिस्टर और रिपोर्ट आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने सहिया और स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से गांव मलेरिया बीमारी से पीड़ित लोगों का स्लाइड आदि लाने और जांच कराने पर बल दिया। साथ ही जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। मौके पर मलेरिया इंस्पेक्टर मनोज कुमार, रवीश कुमार राय, वीबीडी संजना कुमारी, सुमन कुमार, सुनील कुमार वर्मा आदि शामिल थे।

जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन समिति की बैठक आयोजित

# कृषि के क्षेत्र में उपज वृद्धि के लिए नए तकनीकों का करें प्रयोग : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में केंद्र प्रायोजित एग्रीकल्चर एक्सटेंशन /आत्मा एवं खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना (वित्तीय वर्ष 2024 - 25) के क्रियान्वयन के लिए आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्ष 2023- 24 के लिए विभिन्न प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, परिभ्रमण, कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला, किसान गोष्ठी, किसान मेला सहित अन्य योजनाओं में किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024 - 25 किए जाने वाले कार्यों व योजनाओं के प्रस्ताव के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को समिति आत्मा सहाय अनुदान के विभिन्न गतिविधियों यथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना के संबंध में प्रत्यक्षण के लिए भूमि का चयन कर किसानों को नई तकनीक की अच्छी तरह से प्रशिक्षण देकर प्रत्यक्षण का कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही कृषक गोष्ठी के माध्यम से लाभान्वित हो रहे कृषकों की जानकारी अन्य किसानों तक पहुंचा कर कृषि के क्षेत्र में अधिक उपज कर आय के स्रोत में वृद्धि करने किसानों को बेहतर प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। वहीं अंतः जिला परिभ्रमण, अंतः जिला प्रशिक्षण, अंतर राज्यीय परिभ्रमण, अंतर राज्यीय प्रशिक्षण, अंतः राज्यीय परिभ्रमण, अंतः राज्यीय प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर प्रभात कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर कमलेश पिंगले, जिला स्तरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के कार्यों व योजनाओं के प्रस्ताव के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी**

35 एनपीए खाताधारकों का किया गया समझौता

# पांच लाख पच्चास हजार रुपये की खाता धारकों से हुई वसूली



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित पंचायत भवन में समझौता दिवस के उपलक्ष्य पर बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा के तत्वावधान में ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 एनपीए खाताधारकों का समझौता किया गया। शिविर में लगभग 5,50,000 हजार रुपए की वसूली की गई। शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह के मुताबिक एनपीए खाताधारकों को समझौता कर अपना ऋण जमा करने का सुनहरा अवसर है। इसमें कृषकों को भारी छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इसका लाभ ग्राहक बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा में आकर भी उठा सकते हैं। अभी बैंक के द्वारा विशेष छूट दी जा रही है। शिविर में शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, अमरदीप कुमार, राजेश रजक उर्फ लालू, डालेश्वर पंडित, दिलीप कुमार नायक, अशोक प्रसाद,बेबी देवी, शंकर यादव,बचनदेव भारती, द्वारिका महतो, अनिल चंद्रवंशी, अशोक मंडल, मोती प्रसाद, सीताराम प्रसाद, प्रमोद गोस्वामी समेत आदि लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बड़हरवा में ट्रेन से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**साहबगंज।** आरपीएफ व सीआईबी की टीम ने गुरुवार को ट्रेन में जांच अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है. बड़हरवा आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर संजीव कुमार व मालदा सीआईबी इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर मालदा- आनंद विहार स्पेशल ट्रेन से 198 बोतल अवैध शराब जब्त की गई. बड़हरवा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ट्रेन जैसे ही स्पेशल ट्रेन रुकी गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ व सीआईबी की टीम ने जनरल बोगी छापेमारी शुरू कर दी. इस दौरान सीट के नीचे रखे 4 बैग मिले. आसपास बैठे पैसेंजर्स से पूछताछ करने पर सभी ने अनभिज्ञता जताई. चारों बैग को नीचे उतार कर जांच की गई, तो उसमें अवैध शराब बरामद की गई. जब्त शराब की कीमत करीब 29720 रुपये बताई जाती है. छापेमारी अभियान में उपनिरीक्षक पार्थो मिश्र, सहायक उपनिरीक्षक रवि कुमार, हेड कांस्टेबल स्वपन कुमार घोष अजय कुमार हंसदा, संजय कुमार आदि शामिल थे.

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सांसद को दी जीत की बधाई

### तीन दिनों के अंदर सांसद बरही आकर जनसमस्याओं को जानने का करेंगे प्रयास : अमित साहू



**बरही ।** भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल से उनके हजारीबाग स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर बुके देकर जीत की बधाई दी. मंडल अध्यक्ष ने सांसद को बरही के जलसंकट जैसे ज्वलंत समस्या से अवगत कराया. उन्होंने पानी की किल्लत और यहां के लोगो की परेशानियों को सांसद के समक्ष रखते हुए शीघ्र इसके स्थाई समाधान का मांग किया. सांसद श्री जायसवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र महतपूर्ण कदम उठाने की बात कही. उन्होंने मंडल अध्यक्ष को आश्वस्त किया की वह दो से तीन दिनों के अंदर बरही आकर जनसमस्याओं को जानने का प्रयास करेगे. जिसे प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के लिए वह प्रयत्नशील होंगे. मंडल अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सांसद को शुभकामनाएं देते हुए जनहित के समस्यायों को त्वरित निष्पादित करवाने की अपेक्षा व्यक्त किया.

### क्षेत्र का दौरा कर जन समस्याओं से रुबरु हुए भाजपा नेता बटेश्वर मेहता



**बरकट्ठा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बरकट्ठा, चलकुशा व जयनगर का दौरा कर जन समस्याओं से रूबरू हुए। इस क्रम में उन्होंने भाजपा और अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में जमकर मतदान करने को लेकर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। वहीं बटेश्वर मेहता ने नवनिर्वाचित सांसद अन्नपूर्णा देवी को नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और संजय सेठ को राज्य मंत्री बनाए जाने पर बधाई दिया है ।उन्होंने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर देश तरक्की करेगा तथा विश्व में भारत का दबदबा कायम होगा। उन्होंने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव में बीजेपी जीत दर्ज करेगी। कहा 2014 और 2019 में बीजेपी हारी लेकिन इस बार भाजपा अपनी पुराने इतिहास को दोहराते हुए पुनः इस सीट पर कब्जा जमायेगी। कहा कि राज्य की सरकार और प्रशासनिक महकमा बेलगाम हो चुका है।

### अनुकरणीय है हर्ष अजमेरा का सेवा भाव : सुनील पांडेय



**हजारीबाग।** युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा की निःस्वार्थ जनसेवा की भावना का ही आकर्षण है कि जरूरतमंद उनके पास खींचे चले आते हैं। भारी गर्मी के कारण सुल्ताना पंचायत अंतर्गत मेयातु व सुल्ताना में पेय जल की समस्या को समाजसेवी सुनील कुमार पाण्डेय ने हजारीबाग के चर्चित युवा चेहरा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के पास लेकर पहुंचे थें। हर्ष अजमेरा के द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लिया गया और पंचायत में खराब चापानल बनाने के लिए तुरंत मिस्त्री कि टीम को भेजा गया।बता दें कि श्री अजमेरा के माध्यम से अभी तक प्रखण्ड में 40 से अधिक चापानल की मरम्मत की गई है।वहीं सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि कटकमदाग क्षेत्र में श्री अजमेरा का कार्य सराहनीय है ऐसे हीं समाजसेवी की जरूरत आज हमे है।प्रखण्ड क्षेत्र से पूर्व मुखिया उदय कुमार साव ,प्रखण्ड प्रमुख कुमारी विनीता , अनिल कुमार भोक्ता ने भी श्री अजमेरा को धन्यवाद दिया है।

कटकमसांडी पहुंचे अजमेरा, आदिवासी समुदाय से की मुलाकात

### इस लड़ाई को तब तक जारी रखूंगा, जब तक आदिवासी समुदाय के लोगों को अधिकार नहीं मिलता है



**हजारीबाग ।** सदर विधानसभा के प्रखंड कटकमसांडी क्षेत्र स्थित बाझा पंचायत अंतर्गत उरीदीरी के गरदुवा में बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते है। वह रहा रहे लोग उस जमीन पर सालों से रहते और खेती करते आ रहे है उन्हें उनके जमीनों से किनारे किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा उन्हें यह कहते हुए हटाया जा रहा है कि उक्त भूमि पर पेड़ लगाए जाएंगे। यह सुनकर आश्चर्य होता की जो प्रकृति और जल- जंगल-जमीन की रक्षा करते है, उन्हें ही उनसे दूर करके प्रकृति बचाने की बात वन विभाग कर रहे हैं। विभाग की मनमानी नहीं चलने दी जायेगी। मौके पर पहुंचकर अपने आदिवासी समुदाय के भाई,बहनों से मिला और पूरे मामले की जानकारी ली। झारखंड सरकार के वनाधिकार कानून के तहत वन भूमि में खेती करने वाले या रहने वाले लोगों को पट्टा देने का प्रावधान है। बावजूद इसके वन क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा है। सेवा सहयोग समितिर इस लड़ाई को तब तक जारी रखेगा जब तक आदिवासी समुदाय के भाई/बहनों को उनका अधिकार नहीं मिलता।

पांच दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हुए शामिल




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

गर्मी की छुट्टी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होती है, इसी कार्यक्रम के बीच संत रॉबर्ट बॉयज मिडिल स्कूल में पांच दिवसीय ओपन समर कैंप का आयोजन किया गया है, इस कैंप को राष्ट्रीय स्तर के ताइक्वांडो खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया है, इस प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को विधिवत रूप से किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए, हजारीबाग ताइक्वांडो प्रशिक्षक रोशन कुमार चौहान एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा श्री अजमेरा का स्वागत किया गया, कोच के रूप में ज्योति यादव अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी एवं चीन एशिया गेम 2022 की प्रतिभागी मुख्य रूप से उपस्थित हुई है। मुख्य अतिथि श्री अजमेरा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया जिसके बाद प्रतियोगिता विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में हजारीबाग जिले में निवास करने वाले राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वह भविष्य में और भी बेहतर कर सकें। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि आत्म रक्षा की सबसे अच्छी पद्धति ताइक्वांडो में क्षेत्रीय बच्चों की प्रतिभा लगातार निखरती जा रही है। इन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि बच्चों संग हो रहे तमाम तरह की आपराधिक वारदातों से निपटने में स्वयं इन्हें निपुण किया जा सके। इस तरह से समर कैंप के आयोजन व अभ्यास से हजारीबाग के बच्चों व युवाओं में खेल के प्रति रूची और बढ़ेगी। ताइक्वांडो एक माध्यम है जिसमें खिलाड़ी अपनी ऊर्जा को भर कर अपने लक्ष्य को पूरा कर पाते है। इस कैंप को सफल बनाने में हजारीबाग ताइक्वांडो प्रशिक्षक रौशन कुमार चौहान, रौशन गुप्ता, निरंजन कुमार यादव, सुमन सौरभ, सचिन कुमार का बहुत बड़ा योगदान है।

चिराग पासवान ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप में पदभार संभाला, कहा

# आने वाले समय में हमारी पार्टी झारखंड में अहम भूमिका निभाएगी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप में पदभार संभालने पर खुशी का इजहार करते हुए पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष केवल पासवान ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में लोजपा रामविलास का तेजी से प्रसार हो रहा है। श्री पासवान ने कहा कि बिहार में तो पार्टी तेजी से आगे बढ़ रही है और आगे भी बढ़ती रहेगी। झारखंड में भी बड़ी संख्या में लोग हमारी पार्टी से जुड़ रहे हैं। आनेवाले समय में लोजपा रामविलास झारखंड में भी अहम भूमिका निभाएगी। वहीं, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप में पदभार संभालने पर केवल पासवान ने कहा कि उनका लक्ष्य है देश वासियों के हित में बेहतर कार्य करना। उन्होंने कहा कि वे अपने लक्ष्य को पूरा करते हुए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप में देश को आगे ले जाने का कार्य करेंगे। श्री पासवान ने कहा कि हमारे पार्टी के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान को जिस विभाग का मंत्री बनने का मौका मिला था उस विभाग को वे उंच्चाईयों पर ले गये थे। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप में चिराग पासवान अपने विभाग को उंच्चाईयों पर ले जाएंगे।

भीषण गर्मी में नौनिहाल हुए बेहाल, सेविका व सहायिका तंगहाल

# बीते छह माह से नहीं मिले हैं भुगतान



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

सरकार के आदेश के भी क्या कहने? भीषण गर्मी को देखते हुए छोटे बच्चों से बड़े बच्चों तक की कक्षाओं को बंद कर दिया गया है. यहां तक कि शिक्षकों को भी गर्मी से बचने के लिए छुट्टी दी जा चुकी है. ठीक इसके विपरित आंगनबाड़ी केंद्र सुबह साढ़े छः बजे से साढ़े नौ बजे तक खुले रह रहे हैं. जहां नौनिहालों को भीषण गर्मी और लू में सेंटर आने पड़ रहे हैं. जहां साढ़े नौ बजे तक तपती छत के नीचे बैठने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. सरकार के इस आदेश से कई अभिभावक भी संतुष्ट नही है. अभिभावकों का तर्क है कि बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, बाबजूद भीषण गर्मी में बच्चो को सेंटर जाना पड़ रहा है. जबकि सुबह आठ बजे के बाद से ही पारा चढ़ने लगते है. सेविकाओ ने बताया कि सरकारी आदेश का पालन करना मजबूरी है, यदि विभागीय आदेश हो तो वे लोग पोषाहार घर तक पहुंचाने के लिए तैयार हैं. बढ़ती गर्मी और तपिश से सेंटर में बैठ पान मुश्किल सा हो गया है, दिन चढ़ते ही सूरज की तीखी किरणे जलाना प्रारंभ करती है.

**जनवरी से नहीं मिला है मानदेय या पोषाहार की राशि :** जानकारी के अनुसार सेविका और सहायिकाओं को पिछले पांच माह से मानदेय और पोषाहार की राशि नही मिली है. जिससे इनकी आर्थिक स्थिति भी तंगहाल हो चुकी है. मार्च के बाद से अब तक कोई बैठक भी नही हुआ है. इस संदर्भ में सीडीपीओ से मिली जानकारी के अनुसार मार्च माह में सीडीपीओ का प्रभार बीडीओ ने लिया है. प्रभार लेने के बाद आचारसंहिता और चुनावी प्रक्रिया चल रहा था. जनवरी और फरवरी का भुगतान बन चुका है, एक या दो दिनों में शीघ्र ही हस्तातांतरित कर दिए जायेंगे. सेंटर बंद करने का निर्देश नही है, इसलिए सरकारी आदेश का पालन करना जरूरी और मजबूरी है।

खंडेलवाल वैश्य पंचायत ने सांसद को दी बधाई

## आपकी सहयोग से हजारीबाग के विकास की एक नई गाथा लिखेंगे : जायसवाल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल के झंडा चौक स्थित सेवा कार्यालय परिसर में गुरुवार को खंडेलवाल वैश्य पंचायत एवं खण्डेलवाल युवा संघ ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की, इस दौरान सांसद निर्वाचित होने पर उन्हें फूलों का गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही सामाजिक हित को लेकर विस्तार पूर्वक वातालर्प किया गया। मौके पर अध्यक्ष राहुल वैध ने समस्त सदस्यों की ओर से बधाई देते हुए कहा कि आप पूरे हजारीबाग का नाम अपने कार्यों से रौशन करें। सचिव पवन रावत खण्डेलवाल ने कहा कि आप जैसे निस्वार्थ सेवा रखने वाले सज्जन सांसद बने हैं। आप निश्चित रूप से हजारीबाग के विकास की एक नई गाथा लिखेंगे। वहीं खंडेलवाल युवा संघ के अध्यक्ष एवं सचिव ने संयुक्त रूप से नवनिर्वाचित सांसद को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा साथी हर कदम पर आपके साथ खड़े हैं युवाओं का हौसला आपके आने से काफी बढ़ गया है अब निश्चित रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में युवाओं के लिए कई कार्य किए जाएंगे ऐसी हम अपेक्षा रखते हैं। मौके पर सांसद ने खंडेलवाल वैश्य पंचायत एवं खंडेलवाल युवा संघ के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से मैं निश्चित रूप से लोकसभा क्षेत्र में विकास की एक नई गाथा लिखूंगा। मौके पर खंडेलवाल वैश्य पंचायत के संरक्षक नरेश वैध, अध्यक्ष राहुल वैध,सचिव पवन रावत खंडेलवाल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल, अशोक तांभी, सुनील ढोकरिय, लोकेंद्र खंडेलवाल, मेहुल खण्डेलवाल सहित कई लोग मौजूद थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल ने दिया।

## मुखिया संघ ने जन प्रतिनिधियों के अधिकार के हनन के विरोध में प्रखंड परिसर में दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता। गोला**

गोला प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को मुखिया संघ ने पंचायती राज व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों के अधिकार हनन के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना में गोला प्रखंड के 21 पंचायतों के मुखिया सहित दुलमी व चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के मुखियाओं ने भी भाग लिया। इस दौरान मुखियाओं ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में मुखिया को ग्राम सभा करने की एक शक्ति मिली है। इस अधितकार को जिला के अधिकारी दरकिनार कर अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं। जिला परियोजना पदाधिकारी ने विभिन्न पंचायतों में संचालित 79 योजनाओं को रद्द कर दिया गया है। जिससे स्पष्ट होता है कि अधिकारियों के आगे ग्राम सभा कोई मायने नहीं रखता है। मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रभाष प्रकाश सिंह ने कहा कि केंद्र व झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में बेवजह दखल अंदाजी कर जिले के अधिकारी मनरेगा मजदूरों के साथ नाइंसाफी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा के माध्यम से अति जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योजनाएं दी गई थी। ग्राम सभा में पारित कर लाभुकों का चयन किया गया था। जिसे जिला परियोजना पदाधिकारी ने रद्द कर दिया। जिससे लाभुक व जन प्रतिनिधि अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। आखिर में मुखिया संघ ने मनरेगा आयुक्त के नाम बीडीओ संजय सांडिल्य को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा है।

आस्था

माता दक्षिणेश्वरी काली मंदिर की देशभर में हैं ख्याति

# माता की महिमा से प्रभावित श्रद्धालु देशभर से पहुंचते हैं मंदिर

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रांची रोड स्थित माता दक्षिणेश्वरी काली मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक है। इसको लेकर संध्या शर्मा पिता विदेंश्वर राय ने बताया कि यह लगभग 50 वर्ष पुराना मंदिर है। उन्होंने कहा कि पहले यह मंदिर खपरैल था। लेकिन सभी श्रद्धालुओं के प्रयास से 10 मार्च 2018 को मंदिर के सुंदरकरण का कार्य पूरा हुआ। बताया कि मंदिर के सुंदरकरण के कार्य में तरह तरह कि बढ़ाएं आई। लेकिन मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण महतो के प्रयास से मंदिर के पुनरनिर्माण का कार्य



बेहतर तरीके से हुआ। संध्या शर्मा ने बताया कि पहले मंदिर के भंडारे में भी परेशानी होती थी। पर माता काली कि ऐसी कृपा रही कि भंडारा हमेशा सफलता के साथ होते आया।

### दूर दूर से श्रद्धालु आते हैं और मांगते हैं मन्नत

संध्या ने बताया कि मंदिर में दूर दूर से श्रद्धालु मन्नत मांगने के लिए पहुंचते हैं और मन्नत पूरी होने पर भव्य भंडारा का आयोजन करवाते हैं । बताया कि विधायक सुनीता चौधरी कि मन्नत पूरी होने पर उनके द्वारा मंदिर में भंडारे का आयोजन कराया गया। बताया कि झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा कि मनोकमना पूरी होने पर उनके द्वारा मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। बताया कि वे मंदिर समिति के सदस्यों का हौसला बढ़ाते आ रहे हैं। वहीं, विक्रम कुमार तिवारी पिता छोटेलाल तिवारी कि मनोकामना पूरी होने पर उन्होंने भव्य भंडारा का आयोजन कराया। साथ प्रत्येक पूर्णिमा एवं अमावस्या को उनके द्वारा 201 रुपए कि सहयोग राशि दी जाती है। संध्या के मुताबिक टाटा के राजेश यादव कि मनोकामना पूरी होने पर उन्होंने भंडारे का आयोजन करवाया। बेगलुरु कि प्रियंका पाठक कि मनोकामना पूरी होने पर उन्होंने भंडारे का आयोजन करवाया। साथ ही प्रत्येक माह भंडारा में सहयोग करती हैं। बताया कि ऐसे बहुत सारे श्रद्धालु हैं जो कि मंदिर के भंडारे में सहयोग करते रहते हैं पर वे अपना नाम जाहिर नही करना चाहते हैं । संध्या शर्मा ने बताया कि प्रनीत टावर कि पिंकी जी प्रत्येक माह भंडारा में मदद करती हैं। पतरातू कि ममता झा द्वारा भी भंडारा में सहयोग मिलता है।

## एक नजर

### ट्रैक्टर पलटने से दबकर चालक की हुई मौत जांच में जुटी पुलिस

**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र के बिहाबाइल में गुरुवार की दोपहर में ट्रैक्टर के पलटने से दबकर चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उड़ीसा के पाइकबहाल गांव निवासी सुमन लुगुन के रूप में हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद केरसई थाना के एएसआई रविंदर कुमार पांडे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा अपने मामा घर में आकर ट्रैक्टर चला रहा था, इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर नियंत्रित होते हुए पलट गई और पलटने की वजह से वह ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसकी वहीं पर मौत हो गई। ईधर पुलिस इस मामले में यूडी केस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है। फिलहाल दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को थाना ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### भीषण गर्मी में बिजली संकट से लोगों की बढ़ी परेशानी

**झुमरी तिलैया।** एक तरफ प्रचंड गर्मी व दूसरी ओर बिजली संकट से जिले के लोग त्रस्त हो चुके है। बुधवार को भी जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास रही।कोडरमा में चुनाव संपन्न होने के बाद हीं पूरे जिले में बिजली संकट उत्पन्न होने लगी है, जिससे इस भीषण में लोगों की परेशानी बढ़ गई है। एसी, कूलर भी बिजली न रहने से बेकार हीं साबित हो रहे हैं। दिनभर बिजली के आंख मिचौली से व्यवसायी गतिविधि प्रभावित हो हीं रही है। रात में भी बिजली के आने-जाने को कोई ठिकाना नहीं रहता है। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक बिजली की सबसे ज्यादा आंख मिचौली होती है। वर्तमान में शहरी क्षेत्र में 15 से 16 घंटे व ग्रामीण क्षेत्र में 10 से 12 घंटे बिजली मिल रही है। एक तरफ भीषण गर्मी के बीच चल रहे हिट वेव ने भी आम लोगों के साथ-साथ बाजार के कारोबार पर प्रतिकूल असर डाल रहा है।

मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुपालन से संबंधित बैठक का हुआ आयोजन

# उपायुक्त ने सभी विभागों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 11 व 12 जून को मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिये गये निर्देश का अनुपालन के लिए संबंधित विभागों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा विभागीय योजनावार राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उपायुक्त ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज, राजस्व, स्वास्थ्य, श्रम नियोजन, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा, पशुपालन, कृषि, खाद्य आपूर्ति, उत्पाद, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सहित अन्य विभाग की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने वीर शहीद खेल योजना के अंतर्गत जो स्वीकृत नहीं है उसे ससमय स्वीकृत करने का



निर्देश दिया। उन्होंने वर्षा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत संचालित पत्थर से पटाई का कार्य ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

> बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने की बात कही फलदार वृक्ष लगाने के लिए के.बी.के. से सलाह लेने का निर्देश दिया

बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने की बात कही। फलदार वृक्ष लगाने के लिए के.बी.के. से सलाह लेने का निर्देश दिया। अबूआ आवास योजना में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत अबूआ आवास के लाभुकों को शत प्रतिशत शौचालय योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। राजस्व की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड पंचायत में 27, 28 एवं 29 जून को दाखिल खारिज, लगान रसीद काटने आदि से संबंधित कैंप आयोजन करने की बात कहीं। कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने छात्रवृत्ति एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का ससमय राशि का भुगतान कराने की बात कही। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से संबंधित लंबित मामलों का समय निष्पादन करने का निर्देश दिया।

मंत्री गडकरी से दिलीप तिर्की ने की मुलाकात

# सिमडेगा के दोनों एनएच पर हुई चर्चा, जल्द सुधरेंगे हालात

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश संयोजक दिलीप तिर्की सिमडेगा की सड़कों की व्यथा लेकर दिल्ली पहुंच गए और केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर सिमडेगा के दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग की बदत्तर हालत से अवगत कराया।



श्री तिर्की ने कहा कि सिमडेगा से ओडिसा होते मुंबई तक जाने वाली सड़क एनएच 143 जो कि मात्र टू लेन सड़क है, जिसकी वजह से आए दिन इस सड़क में जाम लगा रहता है। साथ ही हर दिन इस सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही है और लोग जान गवां रहे हैं। श्री तिर्की ने सिमडेगा कुरडेग सड़क की भी चर्चा की और बताया की ये सड़क पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली सड़क है। यह भी बताया गया कि इस सड़क को दो वर्षों पूर्व ही राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है लेकिन वर्तमान में इस सड़क की हालत इतनी जर्जर हो गई है, कि इसपर जान जोखिम में डालकर लोग सफर करने को विवश हैं। श्री तिर्की ने कहा कि सिमडेगा एक आदिवासी जिला है। उन्होंने मंत्री श्री गडकरी से अनुरोध किया है कि आदिवासियों के हित में दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग के कायाकल्प में वे पहल करें। श्री गडकरी ने कहा कि देश के कई राज्य ऐसे हैं जहां सड़कों को बहुत ही बुरी स्थिति थी मगर हमारे कार्यकाल में काफी सुधार हुआ और पांच सालों में भी होगा। देश के हार राज्यों की सड़कों सुधारा जायेगा और उसे बेहतर रूप से उसका निर्माण किया जायेगा।

## न्यूज बॉक्स

### अनियंत्रित होकर कार हुई दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे चालक

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के पबुड़ा मोड़ के समीप मारुति कर दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक बाल-बाल बच गया। घटना गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे की है ।घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी जराकेल से बानो की ओर जा रहा था। इसी क्रम में मारुति कार पबुड़ा के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है। चालक बाल बाल बच गया। राहगीरों ने बताया कि चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था।मोड़ होने के बावजूद गति तेज रहने के कारण घटना हुई। घटना की जानकारी मिलने पर बानो पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई।

### गड़बड़ियों के साथ हो रहा है बाघचट्टा में सड़क निर्माण कार्य



**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ठेठईटांगर प्रखंड के बाघचट्टा पंचायत अंतर्गत करोड़ों की लागत से बन रहे कोनबेगी चिंडराटोली से मुंडलटोली होते हुए बारबेड़ा चापामुंडा तक लगभग 5.600 किलोमीटर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निरिक्षण किया। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य में लगाई जा रही सामग्रियों का मिलावट भी सही नहीं है, साथ ही परत की मोटाई भी कम है। घटिया किस्म का सामग्री भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे सड़क कमजोर और गुणवत्ता हीन बनेगा जो साल दो साल बाद ज्यों का त्यों स्थिति में आ जाएगा। जिप सदस्य ने यह भी कहा कि इस तरह का घटिया निर्माण कार्य सरकारी राशि का दुरुपयोग है इस पर कार्रवाई होनी चाहिए और गुणवत्ता में सुधार लानी चाहिए।

### सिमडेगा नीचे बाजार के पास पिकअप ऑटो व बाइक में हुई टक्कर, दो लोग हुए घायल




**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के नीचे बाजार के पास गुरुवार को दोपहर में पिकअप ऑटो और बाइक में टक्कर होने की वजह से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को वहां के स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेजा गया जहां पर दोनों का इलाज किया गया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लचरागढ़ कोम्बाकेरा गांव निवासी विजय साव अपने दोस्त महेश बड़ाईक के साथ केलाघाघ डैम की ओर से शहर की ओर जा रहा था इसी दौरान सिमडेगा नीचे बाजार के पास अनियंत्रित होकर पिकअप वैन जेएचओ1 ईवी 5885 नियंत्रित होते हुए ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और ऑटो चालक ने गुजर रहे मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे की मोटरसाइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में दोनों घायलों की इलाज चल रही है। जिसमें एक की स्थिति नाजुक बनी हुई है, वही बताया गया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद सिमडेगा पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने साथ थाना ले गई मौके से पिकअप वाहन फरार हो गयी है।

### आंधी-तूफान की वजह से दीवार गिरने से एक व्यक्ति दबकर हुआ घायल



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के कोनमेंजरा में गुरुवार को हुए तेज आंधी तूफान और बारिश की वजह से दीवाल गिरने से गांव के पिंटू कुमार नामक व्यक्ति दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों की जब नजर पड़ी तब वहां पर पहुंचे और दीवाल को हटाते हुए उसे तत्काल इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अचानक तेज आंधी तूफान की वजह से बचने के लिए पिंटू कुमार एक नवनिर्मित मकान के पास खड़ा था। इसी दौरान तेज आंधी तूफान की वजह से 5 इंच वाली दीवाल गिर गई और गिरने से यह पूरी तरह से दबाकर बेहोश हो गया।

### आंधी पानी में हुए वज्रपात से गाय व बछड़े की हुई मौत

**ठेठईटांगर।** जिस तरह बरसात आने के पहले बिजली गिरने से जनवरों की मौत हो रही है आगे और नुकसान होगा। पशुओं की मौत से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है, जो अपने जीवन जीविका के लिए पालते हैं। प्रखंड के टुकपानी पंचायत के गुडगुड टोली बगीचा में गाय एवं बछड़ा आंधी पानी से पेड़ के नीचे पानी से बच रहे थे। उसी क्रम में तेज आंधी एवं वज्रपात होने से गाय एवं बछड़े की मृत्यु हो गई। गाय गुड़गुड़ टोली के राजेंद्र प्रधान की है। उन्हें आकस्मिक क्षति पहुंचा है प्रशासन से उन्होंने मुआवजे का आग्रह किया है।

## जेबीकेएसएस से महेंद्र प्रसाद होंगे बरकट्ठा विधानसभा के प्रत्याशी, कार्यकर्ताओं में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति पार्टी से विधानसभा चुनाव 2024 में बरकट्ठा विधानसभा के लिए प्रत्याशी के रूप में महेंद्र प्रसाद का नाम तय हो गयी है। जिससे कार्यकर्ताओं और जेबीकेएसएस के समर्थकों में खुशी व्याप्त है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान भावी विधायक प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 के लिए बरकट्ठा विधानसभा के लिए पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो ने महेंद्र प्रसाद का नाम स्पष्ट कर दिया है ।जिससे कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर पार्टी में सदस्यता ग्रहण अभियान जारी है । जिसमें भारी संख्या में लोग जेबीकेएसएस की सदस्यता ग्रहण कर रहें हैं । वहीं संगठन विस्तार और पार्टी की मजबूती के लिए प्रखंडवार पार्टी की बैठक को लेकर चिट्ठी जारी कर दी गई है। जिसमें दिनांक 14 जून 2024 को इचाक प्रखंड के बोधीबागी मैदान में, दिनांक 15 जून 2024 को बरकट्ठा प्रखंड के ब्लॉक मैदान में



16 जून 2024 को जयनगर प्रखंड के पिपचो मैदान में आगामी 17 जून को दारू प्रखंड के पुनाय स्कूल में दिनांक 18 जून 2024 को टाटी झरिया प्रखंड के झरपो में दिनांक 19 जून 2024 चालकुशा प्रखंड के ब्लॉक मैदान में दिनांक 20 जून 2024 को चंदवारा प्रखंड के तिलैया डैम में बैठक की तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी प्रखंडों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपील करते हुए कहा है कि उक्त सभी प्रखंडों में निर्धारित तिथि और स्थान पर समय 4:30 बजे भारी संख्या में पहुंचे और अपना अपना विचार प्रकट करें और चुनावी तैयारियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अपनी-अपनी राय और प्रतिक्रिया दें।

बकरीद को लेकर उपायुक्त ने जिला स्तरीय समिति के साथ की बैठक, कहा

# अफवाह फैलाने वाले पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी 17 जून को बकरीद पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय परिसर अवस्थित सभाकक्ष में की गई। सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित जिला शांति समिति के सदस्यों के द्वारा आगामी पर्व ईद-उल-जोहा बकरीद पर्व को लेकर अपने- अपने सुझाव जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा गया एवं विमर्श किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित जिला शांति समिति के सभी सम्मानित सदस्यों, सभी जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों को विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सदभावना पूर्वक मनाये जाने का अनुरोध किया गया। बकरीद में



नमाज अदायगी का समय सेन्ट्रल अंजुमन ईस्लामिया, सिमडेगा/ सेक्रेटरी अंजुमन फैजुर्रजा, सिमडेगा के सदस्यों द्वारा निम्नवत बताया गया ईदगाह सिमडेगा- 7:15, गौसिया मस्जिद मुजाहिद मुहल्ला - 6.45,जामा मस्जिद टाउन - 6:45, फैजुरर्जा इस्लामपुर 7.30,गरीब नवाज आजाद बस्ती 7बजे नमाज अदा की जाएगी। उपायुक्त के द्वारा जिले के सभी प्रखंड/ थानों मैं बकरीद पर्व मनाने के निमित्त किए गए शांति समिति की बैठक की समीक्षा की गई। सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को अपने-अपने प्रखंड एवं थाना में किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं होने की बात कही गई। पेट्रोलिंग पार्टी जिले में गश्ती करते रहेगी। अफवाह फैलाने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अफवाह पर ध्यान नहीं देते हुए जिले में शांति,अमन- चैन एवं आपसी भाईचारा हर हाल में बनाए रखने का अनुरोध किया गया।

## जिप सदस्या प्रेरणा प्रिया के पहल पर सूर्यकुंड में बनेगा स्वास्थ्य उपकेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया के प्रयास से बेलकप्पी पंचायत में स्थित एशिया महादेश के सबसे गर्म जलकुंड और एतिहासिक पर्यटक स्थल सूर्यकुण्ड धाम में जिला परिषद मद से 5550000 की लागत से नये स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। वहीं जिला परिषद प्रतिनिधि सीके पाण्डेय ने बताया कि सूरजकुंड धाम में स्वास्थ्य उपकेंद्र बन जाने से पर्यटकों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से निजात मिलेगी। मकर संक्रांति के अवसर पर प्रत्येक वर्ष लगने वाले 15 दिवसीय मेले में आए श्रद्धालुओं दुकानदारों और आम जनमानस को स्वास्थ से जुड़ी छोटी मोटी समस्याओं से तुरंत निजात मिलेगी। वहीं इस नेक कार्य के लिए लोगों ने जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया को बधाई देते हुए क्षेत्र में इस तरह निरंतर नेक कार्य करते रहने की शुभकामनाएं दिए । सीके पाण्डेय ने कहा कि



अगर जनता का आशीर्वाद और प्यार इसी तरह बना रहा तो भविष्य में क्षेत्र के लिए एक से एक एतिहासिक कार्य होंगे जिसका सीधा फायदा आम जनता को मिलेगी ।उन्होंने कहा कि आम जनमानस की सेवा ही हमारी पहली प्राथमिकता है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य सुविधा हर गांव हर कस्बे में होनी चाहिए ताकि हर लोगों को इस लाभ मिल सके। केन्द्र से लेकर राज्य सरकारों ने भी स्वास्थ्य योजनाओं को सबसे आगे रखा है ताकि लोगा को सभी रूप में इसका पूर्ण रूप से फायदा मिल सके।

सिमडेगा एसपी की अध्यक्षता में मासिक क्राइम गोष्ठी का हुआ आयोजन, कहा

# आईपीसी की धारा के अलावा सीआरपीसी की धाराओं पर भी विशेष फोकस करें

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा एसपी सौरभ की अध्यक्षता में गुरुवार को एसपी कार्यालय सभागार में मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया गया। क्राइम गोष्ठी में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी सर्किल इंस्पेक्टर, सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम आगामी बकरीद पर्व को लेकर विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित चर्चा हुई। एसपी ने सभी थाना प्रभारी को क्षेत्र में बकरीद पर्व के दौरान सतर्कता के साथ नजर रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने आगामी 1 जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के संबंध में चर्चा की एवं उन्होंने बताया कि लगातार सभी पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण जारी है, ताकि 1 जुलाई से नए धाराओं को मुकदमा में विशेष रूप से जोड़ा जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि आईपीसी की धारा



के अलावा सीआरपीसी की धाराओं पर भी विशेष फोकस करें ताकि कोई भी गुनहगार न बच सके। बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बैठक में दिए गए कई दिशा निर्देशों के आलोक में सभी थाना प्रभारी को जानकारी दी गई है, ताकि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण विधि व्यवस्था एवं उग्रवाद निमंत्रण आदि चीजों पर विशेष काम किया जाए और क्षेत्र का माहौल शांत रहे। जब तक अपराध का ग्रगाफी कम नहीं होगा तब शांति बहाल करने में चुनौती आती रहेगी। गांव से लेकर शहर में जो क्राइम होते रहते हैं उपस पर भी पुलिस प्रशासन को ध्यान देना होगा। वहीं बैठक में साइबर क्राइम, सामुदायिक पुलिसिंग, वाहन जांच अभियान, अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान एवं कई कार्यो को बेहतर से करने के निर्देश दिए।

> जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता पर चर्चा की गई और अपराध पर नियंत्रण लगाने की बात कही गई

### शौच के लिए निकली महिला का संदिग्ध स्थिति में शव बरामद

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेघातरी में बुधवार की देर शाम शौच के लिए घर से बाहर निकली महिला का शव देर रात गांव के तालाब किनारे संदिग्ध स्थिति में बरामद किया गया है। मृतका की पहचान अग्नि देवी, पति- स्व फौदारी राजवंशी के रूप में हुई है। मृतक के चेहरे गंभीर चोट के निशान भी पाए गए हैं। इस संबंध में मृतका के परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम करीब छह बजे महिला शौच के लिए घर से बाहर गई थी, जहां काफी रात तक वह वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन भी शुरू कर दी। इस बीच महिला का शव घर से करीब 300 मीटर दूर स्थित धनंजय नदी के किनारे बरामद किया गया। इसके बाद घटना की सूचना कोडरमा पुलिस को दी गई। सूचना के बाद कोडरमा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर हॉस्पिटल भेज दिया। कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि महिला के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं।

**अनियमितता** गड़बड़ी : मस्टर रोल में जिन मजदूरों का नाम नहीं वो भी कर रहे हैं काम

# जॉब कार्ड में हाजरी भी नहीं भर रहे हैं मेट

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** मजदूरों को गांव में ही रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा मनरेगा अधिनियम लागू की गई है जिसके तहत ग्राम पंचायत में विभिन्न विकास कार्य कराकर ग्रामीण जॉब कार्ड धारी मजदूरों को रोजगार मुहैया कराया जाता है लेकिन जलडेगा प्रखंड के पतिअम्बा, जलडेगा, लमडेगा, कोनमेरला, लम्बोई, टीनगिना, टाटी, ओडगा, कुटिंगीया और परबा पंचायत में इस योजना के उद्देश्य पर पानी फिरता नजर आ रहा है। पंचायतों के माध्यम से मनरेगा के तहत विकास कार्य तो हो रहे हैं लेकिन जरूरतमंद मजदूरों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है इस



वजह से ग्रामीण रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य व शहरों में पलायन कर रहे हैं। हालांकि कागजी खानापूर्ति के लिए जॉब कार्ड धारी के नाम से बाकायदा फर्जी मस्टर जरूर लगाए जा रहे हैं। हैरान करने वाली बात तो यह है कि जिम्मेदार कर्मी प्रखंड में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का मॉनिटरिंग करते ही नहीं हैं। यही कारण है कि योजना स्वीकृत होने के बाद पूरे प्रखंड में 70 प्रतिशत लाभुक ग्राम सभा में दिए गए खाता, प्लॉट नंबर पर योजना को न बनाकर दूसरे किसी खाता प्लॉट नंबर में योजना का संचालन कर रहे हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम द्वारा कई योजना स्थल का जायजा लेने पर एक भी मजदूर काम करते हुए नहीं दिखे जबकि पंचायत कर्मियों ने कागजी खानापूर्ति के लिए कई मजदूरों की डिमांड डाली है यह डिमांड ऑनलाइन पोर्टल पर भी दर्ज है। 90 प्रतिशत योजनाओं में मजदूरों के लिए कार्यस्थल में पानी तक की सुविधा नहीं है। 60 प्रतिशत योजना ऐसे हैं जहां कड़ी धूप में काम करने वाले मजदूरों के लिए छाया की व्यवस्था भी नहीं है।

### एसडीओ ने सदर हॉस्पिटल के विभिन्न वार्डों का किया औचक निरीक्षण

**कोडरमा।** कोडरमा अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने गुरुवार को सदर हॉस्पिटल के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी, मेडिसिन स्टोर समेत कई वार्डों का भ्रमण किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी चिकित्सक और चिकित्साकर्मियों को हॉस्पिटल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। हॉस्पिटल में चिकित्सक द्वारा इलाज और हॉस्पिटल में मिल रही सुविधाओं के संदर्भ में एसडीओ ने मरीजों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी उपस्थित पाए गए।

भाजपा नेता को ग्रामीणों ने सुनाई अपनी समस्याएं, कहा

# चुनाव के पूर्व विद्युत कनेक्शन किया गया पर चुनाव खत्म होने के बाद काट दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा गुरूवार को ग्रामीण भ्रमण के दौरान कुरडेग प्रखंड के खिंडा पंचायत के कुसियार पानी गांव पहुंचे एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत 8 सालों से विद्युतीकरण का काम चल रहा है, परन्तु किसी के घरों में कनेक्शन नहीं किया गया। चुनाव के पूर्व विद्युत कनेक्शन किया गया था परन्तु चुनाव खत्म होने के पश्चात काट दिया गया। जिसके कारण हम सभी ग्रामवासी अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं। अब निराश हो गए वे सोलर पैनल उर्जा संयंत्र लगाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जल समस्या के संबंध



में बताया कि हमारे गांव में दो जलमिनार बनाए गये है, परन्तु चापाकल में पर्याप्त मात्रा पानी नहीं रहने के कारण पेयजल की समस्या गांव में है। श्री बेसरा ने ग्रामीणों की समस्यायों को लेकर विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमडेगा से बातचीत किया, कार्यपालक ने जानकारी दिया कि कनेक्शन के लिए आन लाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा, मीटर खरीद कर विभाग में जमा करवाएं, फिर कनेक्शन के लिए एस्टीमेट के अधार पर रूपए जमा करें। सरकार के द्वारा ऐसा योजना अभी नहीं दिया जा रहा है।श्री बेसरा ने कहा कि गांव लोग गरीब है, सभी खेती पर निर्भर रहते हैं, ये लोग एफोर्ड नहीं कर सकते हैं।

## नल जल योजना में पानी की सप्लाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**गिरिडीह।** सदर प्रखंड के चुंजका पंचायत में ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में पानी की बूंद-बूंद के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है। पंचायत क्षेत्र में नल जल योजना से चार जगहों पर जल मीनार का स्ट्रक्चर खड़ा कर संवेदक महीनों से गायब था। स्थानीय लोगों को जल मीनार का यह स्ट्रक्चर चिढ़ा रहा था, वहीं योजना का संवेदक योजना मद का सारा पैसे की निकासी कर मौज? फरमा रहा था। गुरुवार को जल नल योजना का संवेदक जैसे ही चुंजका पंचायत पहुंचा तो ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। इस दौरान गांव की महिला बुजुर्ग सभी ने मिलकर संवेदक दिलीप दूबे को रस्सी से बांध कर बंधक बना लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव में घोर जल संकट है लोग इधर-उधर से पानी की जुगाड़ कर रहे हैं। गांव में केंद्र सरकार की ओर से जल नल योजना के तहत चार स्ट्रक्चर बनाए गए हैं और इसके लिए संवेदक के द्वारा योजना मद से सभी पैसे की निकासी कर ली गई है इसके बावजूद गांव में अभी तक लोगों के घरों तक पानी का एक बूंद भी नहीं पंहुचा है। सभी घरों में पानी सप्लाई के लिए संवेदक से लगातार अनुरोध किया जा रहा था।

### जस्ट डायल ऐप और व्हाट्स ऐप पर लिंक भेजकर करते हैं ठगी

# देवघर और गिरिडीह के पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** लोगों की गाढ़ी कमाई पर सेंधमारी करने वाले 5 साइबर अपराधियों को पुलिस ने दबोच लिया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में देवघर जिले के बनसिम्मी का शहनवाज अंसारी, डुमरिया का दीपक कुमार, गिरिडीह जिले के हीरोडीह के टिकोडीह का उपेंद्र कुमार महथा, तिसरी थाना इलाके के भीता गांव का रंजीत चौधरी और बिरनी थाना क्षेत्र के भदखां का प्रकाश कुमार वर्मा है। बताया गया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से एसपी दीपक कुमार शर्मा को सूचना मिली कि गांडेय थाना इलाके में साइबर अपराधी लोगों से ठगी कर रहे हैं। सूचना के बाद एसपी ने साइबर पुलिस उपाधीक्षक आबिद खान के नेतृत्व में टीम गठित का छापेमारी का निर्देश दिया । जिसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इन सभी के विरुद्ध साइबर थाना में कांड संख्या 24/2024 दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



### लैपटॉप, मोबाइल आदि बरामद

**छापेमारी के क्रम में पुलिस ने इन साइबर शातिरों के पास से 01 लैपटॉप, 18 मोबाइल, 29 सिम, 13 एटीएम, 07 पासबुक, 20 आधार, 01 पैनकार्ड और 2 क्यू आर कोड बरामद किए हैं।**

### छापेमारी दल में ये थे शामिल

छापेमारी दल में साइबर पुलिस उपाधीक्षक आबिद खान, साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक गुंजन कुमार, पुनित कु० गौतम, सहायक अवर निरीक्षक संजय मुखियार, आरक्षी जितेन्द्र कुमार महतो, दामोदर प्रसाद मेहता शामिल थे।

### इन तरीकों से करते थे ठगी

पुलिस की पूछताछ में साइबर अपराधियों ने कबूल किया कि फर्जी सिम का प्रयोग कर जस्ट डायल ऐप के माध्यम से ग्राहको से इंक्वायरी के नाम पर उनके साथ पैसो की ठगी करते थे। वहीं व्हाट्स पर गेमिंग ऐप का लिंक भेज कर आम लोगों को झांसे में लेकर ठगी करते थे। इसके अलावे ग्राहकों का आधार कार्ड, पासबुक एवं अन्य कागाजात धोखा से रख कर, उसका उपयोग कर ये ठगी के पैसा कमीशन लेकर प्रज्ञा केन्द्र से निकलवाने का काम करते थे।

## रंगदारी को लेकर फैमिली रेस्टोरेंट के संचालक पर जानलेवा हमला

**गिरिडीह।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मंगरोडीह में रंगदारी को लेकर फैमिली रेस्टुरेंट के संचालक पर जानलेवा हमला करने और रेस्टुरेंट पर पत्थर बाजी करने का मामला प्रकाश में आया है। पत्थरबाजी में घायल रेस्टुरेंट संचालक सुभाष सिंह और उनकी मां लक्ष्मी देवी का इलाज गिरिडीह सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में रेस्टुरेंट संचालक सुभाष सिंह की के पिता उपेंद्र सिंह ने मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर मुफस्सिल थाना के राजेंद्र नगर निवासी अमित राम गोलू राम, बजरंगी राम समेत 8 से 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने हेतु आवेदन दिया है। आवेदन में उपेंद्र सिंह ने बताया कि सभी आरोपी पहले रेस्टुरेंट चलाने के एवज में प्रतिदिन के हिसाब से 5 हजार रुपए की रंगदारी मांगने के लिए होटल आए थे। इस दौरान उन्होंने उनके बेटे को धमकाना शुरू किया और होटल में ही शराब की बोतल खोलकर पीने लगे, जब उनका बेटा सुभाष सिंह ने इसका विरोध किया तो सभी लोग चले गए और हरवे हथियार से लैस होकर पुनः रेस्टुरेंट पहुंचे और बेटा सुभाष सिंह पर हमला कर दिया।

## वज्रपात की चपेट में आने से 9 मवेशियों की मौत

**गिरिडीह।** वज्रपात की चपेट में आने से 9 मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गयी. घटना जिला के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के गोलगो पंचायत के रांगामाटी गांव की है. बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर अचानक बादल छाए और तेज गर्जन के साथ आसमानी बिजली गिरी और उसकी चपेट में आने से 9 मवेशियों की मौत हो गई. स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सभी मवेशी एक बांस के झाड़ के समीप खड़े थे. इस दौरान वज्रपात के चपेट में आ गए. मृत मवेशियों में पांडु टुडू का 7 मवेशी, किशोर मरांडी का 1 मवेशी और संजय सिंह का 1 मवेशी शामिल है।


**शपत पत्र**

मैं **लखन लाल कुमार**, पिता विजय महतो, उम्र 25 वर्ष, धर्म हिन्दू,पेशा कृषि, राष्ट्रीयता भारतीय, **ग्राम-कैथा, पोस्ट - कैथा, थाना-रामगढ़, जिला - रामगढ़ (झारखंड) का रहनेवाला हूं।**

मैं यह शपथ पूर्वक बता रहा हूं कि मेरा सही नाम लखन लाल कुमार, पिता विजय महतो है। जो मेरे आधार कार्ड नंबर **232631960508** में दर्ज है।

कुछ मिस्टेक की वजह से प्रधान डाकघर रामगढ़ के एसबी एकाउंट में मेरा नाम लखन लाल दर्ज हो गया है। जिसका एकाउंअ नंबर 0985367941 है। मैं यह शपथ पूर्वक बता रहा हूं कि लखन लाल कुमार और लखन लाल दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं जो की मैं स्वयं हूं और सिंगल हूं। मेरी जानकारी में उपरोक्त कथन पूरी तरह सही है।

**शपत पत्र**

मैं **विजय महतो**, पिता शाजू महतो, उम्र 50 वर्ष, धर्म हिन्दू पेशा कृषि, राष्ट्रीयता भारतीय **ग्राम-कैथा, पोस्ट -कैथा, थाना-रामगढ़, जिला -रामगढ़ (झारखंड) का रहनेवाला हूं।**

मैं यह शपथ पूर्वक बता रहा हूं कि मेरा नाम विजय महतो, पिता शाजू महतो है। यह नाम मेरे आधार नंबर **316732746390** में दर्ज है। साथ ही मेरे पेन कार्ड नंबर डीवीकेपीएम 3855बी में भी यह नाम दर्ज है।

कुछ मिस्टेक की वजह से प्रधान डाकघर रामगढ़ के एसबी एकाउंट में मेरा नाम विजय कुमार महतो दर्ज हो गया है। जिसका एकाउंट नबर 912255 है।

विजय महतो और विजय कुमार महतो दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं जो मैं स्वयं हूं। मेरी जानकारी में उपरोक्त कथन पूरी तरह सही है।


# नियमावली के फाइलों से ढक गया है रोजगार का द्वार

### झारखंड गठन के कई साल बाद भी युवाओं का भविष्य सिक्योर नहीं

रजनीश

**रांची।** झारखंड के अलग राज्य बने 24 साल हो चुके हैं। शिक्षा और रोजगार इन 24 सालों में नियमावली के फाइलों में दबकर रह गई है। झारखंड में नियुक्ति करने वाली संस्थान एक भी परीक्षा को नियमित रूप से नहीं ले पाई है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और झारखंड लोक सेवा आयोग ने जितनी भी परीक्षाएं अब तक ली हैं, लगभग सारी परीक्षाएं विवादों के घेरे में रहा है। कई ऐसी परीक्षाएं हैं, जिनका प्रश्न पत्र लीक हो चुका है। ऐसे में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का भविष्य क्या होगा, इस पर हमेशा से एक प्रश्न चिह्न ही लगा हुआ है।

*झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट केवल एक बार हुआ*

*जेएसएससी सीजीएल का प्रश्न पत्र लीक हो गया*

झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट की परीक्षा अब तक एक बार ही आयोजित हुई है। इसके बाद इस परीक्षा का आयोजन दोबारा नहीं हो पाया है। जब इस परीक्षा का आयोजन 2007 से 2008 में किया गया, उस वक्त यह परीक्षा भी विवादों के घेरे में रही थी। उसके बाद जब 2008 में विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापकों की बहाली की गई। सहायक प्राध्यापक की बहाली भी विवादों के घेरे में रही और इस परीक्षा में हुई धांधली की जांच सीबीआई ने की। फिलहाल यह मामला कोर्ट में है। झारखंड शिक्षा पात्रता परीक्षा (जेटेट) झारखंड बनने के बाद अब तक दो बार ही हो पाई है। जेटेट की परीक्षा हर साल आयोजित करना है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति झारखंड बनने के बाद अब तक एक बार ही की गई है। इनकी नियुक्ति के 15 साल बीत चुके हैं, फिर भी नई नियुक्ति के लिए नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। वहीं, जिनकी नियुक्ति हुई है, उन्हें अब तक एक भी प्रमोशन नहीं मिला है।

# अगले तीन दिन तक लू व गर्मी से राहत की संभावना नहीं, जल रहा कोल्हान

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर समेत पूरा कोल्हान पिछले-तीन चार दिनों से भीषण लू और तपिश से जल रहा है। गुरुवार को कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री से अधिक रहा, जबकि पश्चिमी सिंहभूम में 43.0 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिनों तक अभी तपिश और उमस से राहत की संभावना नहीं है। इसलिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से चेतावनी के तहत दिये गये सुझावों को अभी भी अमल में लाने की जरूरत है।



### कोल्हान में सबसे ज्यादा तपिश सरायकेला में

मौसम विभाग की ओर से बताया गया है कि जमशेदपुर में चूंकि अधिकतम तापमान सामान्य से 7.1 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। अतः आज भी शहर भीषण लू (सीवियर हीट वेव) की चपेट में रहा। शहर में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक 29.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पूरे कोल्हान में आज भी सरायकेला में सबसे अधिक तपिश रही। यहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। इसके अलावा पश्चिमी सिंहभूम में अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक रिकॉर्ड किया गया।


**कार्यालय अंचल अधिकारी, सदर,खूँटी**

**कार्यालय आदेश**

ज्ञापांक..............
दिनांक..............

संदर्भ संख्या JHCOB/2024/22705 दिनांक 11.03.2024 के द्वारा श्री अभिनव प्रथम पिता अनुप कुमार गुप्ता साकिन कर्रा रोड, खूँटी थाना खूँटी जिला खूँटी को राजस्व उपनिरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक के गलत अनुशंसा के आधार पर राज्य/संघशासित प्रदेश झारखण्ड के अधीन अन्य पिछड़े वर्गों के रूप में यथा मान्यता प्राप्त कलवार जाति के सदस्य का जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है। इस संबंध में संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक से स्पष्टीकरण की मांग की गई। उनके द्वारा स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र में जाति के कॉलम पर कलवार अंकित किया गया था, जिसके कारण गलती से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की अनुशंसा कर दी गई। आवेदक के द्वारा संलग्न खतियान के छायाप्रति के अनुसार आवेदक जैशवार बनिया जाति के सदस्य हैं।

अतः श्री अभिनव प्रथम पिता श्री अनुप कुमार गुप्ता साकिन कर्रा रोड, खूँटी थाना खूँटी जिला खूँटी के नाम से निर्गत जाति प्रमाण पत्र संख्या JHCOB/2024/22705 दिनांक 11.03.2024 को रद्द (Cancel) किया जाता है।

अंचल अधिकारी,
सदर, खूँटी

PR 326318 District(24-25).D


# पहाड़ी इलाकों में संचालित जुआ अड्डा पर पुलिस ने मारा छापा



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बदडीहा इलाके में जुआ अड्डा का संचालन काफी बढ़ गया है। जुआड़ी बदडीहा के पहाड़ी इलाकों में टेंट लगाकर जुआ अड्डा का संचालन कर रहे हैं। वहीं जुआ अड्डा संचालन की भनक लगने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर मुफस्सिल थाना पुलिस ने इलाके में सर्च अभियान चलाया और बदडीहा के पहाड़ी इलाकों में चलाए जा रहे जुए अड्डे में छापेमारी की। हालांकि इस दौरान पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे लोग जंगल की ओर भाग गए। इस दौरान पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते, वियर और पानी के बोतल को बरामद किया। साथ ही पहाड़ी पर लगाए गए टेंट को ध्वस्त कर दिया। इस बाबत मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम महतो ने बताया कि बदडीहा के पहाड़ी इलाकों में जुआ अड्डा का संचालन हो रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जुआ अड्डा का संचालन करने वाले लोगों को बख्सा नहीं जाएगा।

## आतंकवादी हमले का विरोध, विश्व हिंदू परिषद ने दी श्रद्धांजलि

**गिरिडीह।** जम्मू कश्मीर के कटरा के पास आतंकवादी हमले में शहीद हुए 12 यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने टावर चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान 2 मिनट का मौन रख कर सभी पुण्य आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने इस कायरतापूर्ण हमले को लेकर कड़ा विरोध जताया और आतंकवादियों का पुतला दहन किया। मौके पर जिला सह मंत्री शिव पूजन महतो ने कहा कि जम्मू कश्मीर के कटरा शिव खोड़ी मंदिर के पास यात्रियों से भरे बस पर पाकिस्तानी जिहादी मानसिकता के लोग लगातार हिंदुओं पर वार कर रहे हैं। केंद्र सरकार ऐसे मानसिकता वाले लोगों पर कठोरता पूर्वक कार्रवाई करें। इसके लिए भारत की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है। वहीं प्रोफेसर विनीता कुमारी ने केंद्र सरकार से आतंकवादियों को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### सीसीएल के महाप्रबंधक ने की बैठक

# सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने की कही बात



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों को लेकर गुरुवार को सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बासब चौधरी ने सुरक्षा विभाग के पदाधिकारियों एवं प्रहरियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कोयला और जमीन माफियाओं के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बताया गया कि पिछले दिनों सुरक्षा गार्ड रिंकू सिंह पर अपराधियों ने जानलेवा हमला करने का काम किया। इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और दुरूस्त करने का निर्णय लिया गया है। बैठक के दौरान सीसीएल डीएवी मोड़ से लेकर रेस्ट हाउस तक स्ट्रीट लाइटस लगाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही रात्रि में सुरक्षा विभाग के गनमैन को ड्यूटी में सुरक्षा विभाग के लाइसेंसी गन को लेकर चलने का निर्देश दिया। इस बाबत महाप्रबंधक बासब चौधरी ने कहा कि सभी सुरक्षा प्रहरियों का हौसला बढ़ाया गया है। जिला व पुलिस प्रशासन से सहयोग लेकर कोयला व जमीन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में कार्मिक प्रबंधक राजवर्धन, मनोज सुंडी, जय प्रकाश आदि मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार**
**महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग**
**( समाज कल्याण निदेशालय )**
द्वितीय तल्ला, इंजीनियर्स हॉस्टल, सेक्टर-III, धुर्वा, राँची-834 004, दूरभाष संख्या-0651-2400749

पत्र संख्या- 1511/स०क०, राँची, दिनांक 13.06.2024 ई०।

**सूचना**

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अन्तर्गत पंजीकृत स्वयंसेवी संस्था **'जीवन' बस्ता बस्ताकोला, धनबाद** को सूचित किया जाता है कि निदेशालय पत्रांक- 535 दिनांक 23.02.2024 एवं पत्रांक- 1224 दिनांक 15.05.2024 के द्वारा कारण पृच्छा की गई थी। परन्तु आपके संस्था के माध्यम से अबतक कारण पृच्छा का जवाब निदेशालय को प्राप्त नहीं हुआ है।

अतः निदेश है कि संस्था के सचिव स्वयं या संस्था के प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 25.06.2024 अथवा उसके पूर्व कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत आपके संस्था का पंजीकरण प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया जाएगा।

ह0/-
निदेशक, समाज कल्याण।

PR 326320 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)


# ठेकेदार पानी की सप्लाई चालू करे, तो काम की खुल जाएगी पोल

नवीन मेल संवाददाता

**तिसरी।** तिसरी प्रखंड इलाके के कई पंचायतों में हर घर नल जल योजना हांथी का दांत साबित हो रहा है। जो सिर्फ दिखावे के लिए है। जगह - जगह जलमीनार बना दिया गया है, लेकिन कई गांवों में अबतक पेयजलापूर्ति बहाल नहीं की गई है। जिसके कारण इस भीषण गर्मी में बड़ी आबादी पानी की किल्लत से परेशान है। ताजा मामला प्रखंड के तिसरी पंचायत के रतनगडुरा गांव का है। जहां हर घर नल जल योजना द्वारा बने जलमीनार से अब तक पेयजलापूर्ति बहाल नहीं की गई है। जिसके कारण यहां के लोगों को पेयजल की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि ठेकेदार द्वारा जलमीनार बनवा कर घरों तक खुला पाइप पहुंचा दिया गया है, घरों में स्टैंड भी नहीं बनाया गया है। इस संबंध में ग्रामीण सुनैना देवी ने बताया कि दो वर्षों से जलमीनार निर्माण का कार्य चल रहा है। अभी तक पानी की सप्लाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा उनके घर में बगैर स्टैंड बनावाये केवल खुला पाइप पहुंचा दिया गया है। दामोदर यादव ने बताया कि जलमीनार बनवा दिया गया है



लेकिन अभीतक पानी की सप्लाई चालू नहीं की गई है। कुछ घरों में स्टैंड लगाया गया है तो कुछ घरों में नहीं। पंचायत समिति सदस्य नगीना भुला ने कहा कि जलमीनार बनाकर ट्रायल किया गया है लेकिन अबतक आपूर्ति बहाल नहीं की गई है। जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए इधर - उधर भटकना पड़ता है।

### पंचायत के कई गांवों में पानी की किल्लत,ठेकेदार जैसे-तैसे कार्य कर निकलने का किया प्रयास

वहीं पंचायत के मुखिया किशोरी साव ने कहा कि केवल रतनगडुरा ही नहीं,कुड़ियामों,जमुनियाटांड, केंवटाटांड, पंदनाटांड,सिजुआ और तिसरी में भी पानी की भारी किल्लत है। इस बाबत संवेदक को कई दफा कॉल किया गया लेकिन वे लोग कॉल भी नहीं उठाते। मुखिया ने कहा कि वर्ष 2020 में इस योजना का टेंडर हुआ था जिसका कार्यअवधि पांच वर्ष का है। लिहाजा संवेदकों का मंसूबा सिर्फ टाल - मटोल कर समय बिताना है, जिसके बाद अंतिम समय में जैसे - तैसे कर ग्रामीणों को सौंप कर अपना बिल बनवाकर निकल जायेंगे।

### इतना ही नहीं कई घरों में स्टैंड भी नहीं बनवाया गया है

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार द्वारा अभी पानी की सप्लाई चालू नहीं करने के पीछे का मुख्य कारण यह है कि गर्मियों में जलस्तर नीचे रहता है। यदि अभी पानी सप्लाई की गई तो कार्य की हकीकत सबके सामने आ जाएगी और पुरे कार्य व्यवस्था की पोल खुल जाएगी।वहीं इस संबंध में पीएचईडी विभाग के जेई मणिकांत मंडल ने कहा कि जल्द ही पेयजलापूर्ति बहाल करवाई जाएगी।


**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Simdega**

**Very Short Tender e-Procurement Notice**
**(1st Call)**
**Tender Reference: - DWSD/SIM/SR 05/2024-25 Date:- 13.06.2024**

| Sl. No. | Name of work | Group No. | No. of Tube Well for SR | Estimated Cost (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Cost of BOQ (in Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Relocation of tube well of 125 mm x 115 mm dia x 60 mtr deep (av) drilled tube well complete with installation of India mark-II hand pump with32 mm dia medium class G. I. Riser pipe by dth rig machine, with 125 mm blue upvc casing pipe, including platform & drain etc. F.Y. 2024-25. | SR-I | 27 | 22.64972 | 0.45500 | 0.05 | 01 Month |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | | | | Date – 15.06.2024 up to 05:00 PM | | |
| 3 | Last Date Receipt of Bid | | | | Date – 21.06.2024 up to 04:00 PM | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई- गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | | | Date – 21.06.2024 up to 04:00 PM | | |
| 5 | Date of Opening Tender (Technical Bid) | | | | Date – 22.06..2024 up to 04:00 PM | | |
| 6 | Name and Address of office Inviting Tender | | | | Executive Engineer, D.W.& S. Division, Simdega | | |
| 7 | Name and Address of Tender Opening Officer | | | | Executive Engineer, D.W.& S. Division, Simdega | | |
| 8 | Contact No. of e-Procurement office | | | | 9431501512 | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement cell | | | | 06525-350233 | | |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Executive Engineer
D.W.& S. Division, Simdega.

PR.NO.326369 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

# संसद में दागी नेताओं की उपस्थिति

***हमारा*** नेता कैसा हो? के नारों के बीच जातीय,धार्मिक या आपराधिक वर्चस्व वाले नेताओं की उपस्थिति शुरू से रही है और चुनाव आयोग के निर्देश कि आपराधिक मामलों की जानकारी मतदाताओं को भी दें की कुछ सख्ती के बाद भी अनेक कथित आपराधिक छवि वाले नेताओं की उपस्थिति बनी हुई है। लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठाहरवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है। आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुर्बानी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आजादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुर्गादास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुर्बानी दी थी। गुरु गोविन्दसिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया। ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिए। इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही। लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी लेकिन चुनाव जीतने के रण में वे भी अपराधी राजनेताओं को प्रश्रय देते हुए दिखे हैं। सभी राजनीतिक दलों ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता एवं पवित्रता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं।

इन दिनों

# वर्षा जल को सहेजने की होनी चाहिए ईमानदार कोशिश


अमित राव पवार

***जीवन*** में प्रकृति-पर्यावरण ने हमें बहुत कुछ दिया है तथा बदले में प्रकृति हमसे थोड़ी-सी कुछ अपेक्षा रखती है। उसमें भी हम मनुष्य शायद खरा नहीं उतर पा रहे हैं। हम इतना तो कर ही सकते हैं कि वर्षा जल को ही सहेज लें। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के साथ तालमेल रखते हुए समय समय पर इसका ध्यान रखा। इसके लिए हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे। अब कुछ आधुनिकता के चलते हम अपनी संस्कृति, परंपराओं तथा प्रकृति को अनदेखा करते जा रहे हैं, जिसका परिणाम हम सबको समय-समय पर दिखाई पड़ता है। ग्लोबल वार्मिंग, जल का स्रोत निम्न स्तर पर जाना, गर्मी में अधिक तापमान इत्यादि कारण जो हमें सामने दिखाई दे रहे हैं। इन्हीं में सबसे अधिक ध्यान देने योग्य बात आज जल बचाने की है। देखा जाए तो जन्म से ही मनुष्य अपने आप को बहुत चालाक, चतुर और समझदार समझता था, हर जगह मानो उसकी हुकूमत हो, किंतु प्रकृति इस मनुष्य से भी कई अधिक चतुर, चालाक और समझदार निकली, जिसने दो महत्वपूर्ण काम वायु-जल अपने हाथों में ही रखे। और यह दोनों ही चीज मनुष्य कभी निर्माण (काल्पनिक हो सकती हैं) नहीं कर सकता, इन दोनों के लिए मनुष्य को प्रकृति के साथ रहकर ही कार्य करना पड़ेगा! अधिक पेड़ लगाने होंगे तथा वर्षा का पानी सहेजना होगा जिससे जल के स्तर को बढ़ाया जा सके अन्यथा हालात अभी आरंभ ही हुए हैं, नहीं तो दुष्परिणामों और संकट की हम कल्पना भी नहीं कर सकते। अभी हाल ही में गर्मी ने अपना रुद्र तापमान रूप दिखाया जिससे हाहाकार मच गया, विचार करें कि पानी का पर्याप्त मात्रा में न मिले तो क्या होगा? दुनिया के हर जीव को जीने के लिए जल की आवश्यकता होती है। एक अध्ययन के मुताबिक मनुष्य पांच दिन बिना कुछ खाए रह सकता है किंतु बिना पानी के एक दिन भी नहीं। आज भी अनेक देश और राज्य ऐसे हैं जो पानी के संकट से जूझ रहे हैं। जल की खपत लगातार जनसंख्या वृद्धि के कारण बढ़ती जा रही है, वहीं इसकी उपलब्धता में कमी दिखाई पड़ती है। पानी की कमी को पूरा करने के लिए शासन-प्रशासन सरकारें सब अपना काम कर रहे है, लेकिन इतने भर से काम चलनेवाला नहीं है। वास्तव में यह



प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह जल का अपव्यय न करे, इसे सहेज कर रहे। कोई भी सरकार आ जाए, कितने ही कानून बन जाएं पर हम जल को उत्पन्न नहीं कर सकते हैं, इसलिए यह ध्यान में रखकर ही हम जल का अपने जीवन में सही उपयोग करेंगे दैनन्दिन जीवन में व्यवहार करें और भूजल स्तर को बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं। इसके लिए जो कार्य आज से ही शुरू करने हैं, वह हैं जल को बचाएं , पेड़ लगाएं, हमारी छतों से हर वर्ष लाखों-करोड़ों लीटर पानी बह जाता है, इस बहते पानी को हम सहज सकते हैं दो या तीन तरह से। छत पर आने वाले वर्षा जल को एक फिल्टर के माध्यम से सीधे नलकूप में उतारकर, रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोकपिट बनाकर, अन्य किसी विधि द्वारा। आसानी पूर्वक जैसा हम कर सकते हैं जिससे जल बहकर न जाते हुए भूमि के अंदर जाए जिससे जल के स्तर को बढ़ाया जा सके। इस तरह से हम सभी जल को सहेज सकते हैं। सच यही है कि वर्षा और पेड़ों से ही भूजल स्तर को बढ़ाया जा सकता है। आज देश के कितने ही नगरों में जल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, विकास के नाम पर सीमेंट का जाल बिछाया जा रहा है। दूर-दूर तक पेड़-पौधों का नाम तक नही, जल होगा तो सप्लाय होगा या जल की व्यवस्था होगी तभी शासन-प्रशासन सरकारें कुछ कर पाएंदी अन्यथा हम कितने ही आंदोलन करें, कितने ही ज्ञापन दें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। हम भूमि से जल निकाल ही रहे हैं उसे दे कुछ नहीं रहे। नदिया सिकुड़ रही हैं, तालाब सूख रहे हैं, बावड़ियां अब पोस्टरों पर दिखाई देती हैं। इसलिए अभी समय रहते हम सबको संभलना होना अन्यथा आने वाले समय में जल के लिए भीषण लड़ाइयां और युद्ध तय है। वस्तुतः हम सभी को यह ध्यान रखना होगा कि जल को हम बना या निर्माण नहीं कर सकते, इसलिए वषार्काल में हम सभी मिलकर यह प्रयास करें कि जल को सहेजेंगे, इसे सहेजने की भूमि के जल स्तर बढ़ाने की, और अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उसे सुरक्षित रखते हुए पौधे से पेड़ बनने तक रखरखाव की जिम्मेदारी लेंगे । तभी हम आने वाली पीढ़ी को कुछ देकर जा पाएंगे। अन्यथा आज जो हम वायु-जल उपयोग कर रहे हैं, यह तो हमें हमारे पूर्वजों के कारण मिला है। हमारा इस प्रकति में फिर क्या योगदान है? इस पर भी हम सभी गहनता से विचार करेंगे ही ।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**अभी हाल ही में गर्मी ने अपना रुद्र तापमान रूप दिखाया जिससे हाहाकार मच गया, विचार करें कि पानी का पर्याप्त मात्रा में न मिले तो क्या होगा? दुनिया के हर जीव को जीने के लिए जल की आवश्यकता होती है। एक अध्ययन के मुताबिक मनुष्य पांच दिन बिना कुछ खाए रह सकता है किंतु बिना पानी के एक दिन भी नहीं। आज भी अनेक देश और राज्य ऐसे हैं जो पानी के संकट से जूझ रहे हैं।**

## आपकी बात



### सड़क के व्हाइट पट्टी के बाहर भी लोग कर रहे हैं, वाहनों की पार्किंग

रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला और सचिव सुशील कुमार सिन्हा ने पत्र लिखकर रांची नगर निगम के प्रशासक सह नगर आयुक्त, उपायुक्त, रांची, ट्रैफिक एसपी, रांची, वरीय आरक्षी अधीक्षक, रांची को मेन रोड़, हरमू बाईपास रोड़, हिनू-डोरंडा रोड़, सहित रांची नगर निगम की सभी प्रमुख सड़कों और मोरहाबादी मैदान, इत्यादि प्रमुख जगहों पर लोगों द्वारा सड़क के किनारे अपने वाहनों की अवैध पार्किंग कर रोड़ जाम करने के तरफ ध्यान आकर्षित कराया है, जिससे उन सड़कों पर राहगीरों और वाहनों चालकों को आवागमन में काफी असुविधा होती है तथा दुर्घटनाएं घटित होते रहती हैं। कई बार तो यह भी देखा जाता है कि कई लोग सड़क के व्हाइट पट्टी के बाहर भी अपने वाहनों को पार्क करके छोड़ देते हैं, और करीब आधा सड़क की चौड़ाई इन्हीं अवैध पार्किंग के कारण अतिक्रमित हो जाती है, जिससे आम राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। मोरहाबादी स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के सामने वाला सड़क जैसा जगह रांची में आम लोगों के लिये आकर्षण और मनोरंजन के लिए एक पसंदीदा स्थल बन चुका है। जहाँ न सिर्फ रांची बल्कि दूरदराज से लोग घूमने-फिरने आते हैं। यहाँ पर 5 सुंदर पार्क,आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ ही खाने-पीने के विभिन्न स्टॉल लोगो को लुभाते हैं, जिसके कारण यहां वाहनों का जमावड़ा शाम ढलते ही सड़कों पर कब्जा कर लेता है। सड़क पर ही भारी वाहनों को पार्क कर दिए जाने के कारण पैदल और दूसरे वाहन चालकों के लिए भी यह खतरे का कारण बनता जा रहा है। साथ ही शाम को वहां असामाजिक लोगों का भी जमावड़ा लग जाता है। अक्सर वहां वाहन चालक आपस में या फूड स्टॉल संचालक वाहन चालकों के साथ लड़ाई-झगड़ा भी करते रहते हैं, और अक्सर अपराध की खबरें भी इन जगहों से प्रकाशित होते रहती हैं। सभ्य शहरी नागरिक जिनके लिए यह मैदान संजीवनी का काम करता है, खासकर वरिष्ठ नागरिक ,महिला और युवा वर्ग शाम को ही इस मैदान में स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं। यहां पर दो मोटर वर्कशॉप भी हैं। वहां मरमत के लिए आनेवाली गाड़ियां भी सड़को पर ही पार्क की जाती हैं। यहां पर इन वाहनों के कारण दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिनमे एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो चुकी है। यहीं पर एक जूस बेचनेवाले की भी हत्या हुई थी। इन स्थितियों के मद्देनजर फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला, उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी और उमाशंकर सिंह, सचिव सुशील कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बागवानी और सहसचिव विवेक कुमार और सुशील कुमार शर्मा ने जनहित में मांग किया है कि उपरोक्त वर्णित स्थलों का भौतिक सत्यापन कराते हुए इस अवैध पार्किंग से सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करवाने की कार्रवाई की जाय, ताकि आम नागरिक बेखौफ होकर यहां पर घूम सकें और सड़कों में वाहनों का परिचालन सामान्य हो सके। - **दीपेश कुमार निराला**

**रांची मेन रोड़, हरमू बाईपास रोड़, हिनू-डोरंडा रोड़ सहित रांची नगर निगम की सभी प्रमुख सड़कों तथा मोरहाबादी मैदान रजिस्ट्री आफिस के सामने की सड़क पर प्रतिदिन वाहनों के जमावड़े (अवैध पार्किंग) से सड़क जाम की स्थिति से होनेवाली परेशानियों और दुर्घटनाओं के समाधान हो - रांची सिटीजन फोरम**

रक्तदान दिवस पर विशेष

# रक्तदान कर जीवन रक्षा का पुण्य कमाएं


मुकेश कुमार शर्मा

***जीवन*** में हर किसी को कभी न कभी परिजनों, रिश्तेदारों, दोस्तों या पड़ोसियों के लिए विशेष परिस्थितियों में रक्त (ब्लड) की आवश्यकता पड़ती ही है। कई बार हमें जरूरत के मुताबिक समय से सुरक्षित रक्त मिल जाता है तो कई बार समय से रक्त मिलने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मरीज की जान तक बचाना मुश्किल हो जाता है। इसी मुश्किल को आसान बनाने के लिए हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। विश्व रक्तदाता दिवस को मनाने का मूल मकसद लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है ताकि किसी भी मुसीबत में फंसे अपने ही नहीं पराये को भी समय से सुरक्षित रक्त मिल सके और उनके प्राणों की रक्षा की जा सके। रक्तदान को महादान भी कहा जाता है क्योंकि यही एक ऐसी चीज है जिसे किसी भी लैब में या किसी अन्य तरीके से तैयार नहीं किया जा सकता है। इसलिए आज इस दिवस पर प्रण लेने की जरूरत है कि हम समय-समय पर रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल करेंगे। इसके साथ ही आज उन महादानियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने और सम्मान करने का भी दिन है जिनके दान की बदौलत हर साल न जाने कितने लोगों के प्राणों की रक्षा की जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस साल विश्व रक्तदाता दिवस की थीम है- ''दान का उत्सव मनाने के 20 साल : रक्तदाताओं को धन्यवाद।'' 18 से 65 साल का कोई भी पूर्ण रूप से स्वस्थ व्यक्ति रक्तदाता बन सकता है। रक्तदाता की कुछ जरूरी जांच भी की जाती है ताकि ब्लड बैंक तक किसी तरह से संक्रमित रक्त न पहुंचने पाए, इसीलिए हाल ही में टैटू बनवाने वालों व बीमार व्यक्तियों के रक्त लेने से भी परहेज किया जाता है ताकि रक्त की शुद्धता बरकरार रखी जा सके। वयस्क स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में 4.5 लीटर से पाँच लीटर रक्त होता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति एक बार में 300 से 450 मिली लीटर रक्तदान कर सकता है, जिसकी भरपाई शरीर 24 से 48 घंटे में खुद कर लेती है। तीन माह के अन्तराल पर दोबारा रक्तदान किया जा सकता है। रक्त के अलग-अलग समूह होते हैं, जिनमें कुछ अति दुर्लभ किस्म के होते हैं, जिनके रक्तदाताओं की पहचान कर उनसे बराबर सम्पर्क में रहने की जरूरत होती है ताकि किसी विषम परिस्थिति में उनसे सम्पर्क कर रक्तदान की अपील की जा सके। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**कई बार हमें जरूरत के मुताबिक समय से सुरक्षित रक्त मिल जाता है तो कई बार समय से रक्त मिलने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मरीज की जान तक बचाना मुश्किल हो जाता है।**



## बोधि वृक्ष

# अद्भुत है पटना का महावीर मंदिर

***पाच*** हजार या उससे अधिक दान देने वालों के माता-पिता का नाम मदिर में लगवाया जाएगा। इसके बाद मदिर के प्रवेश द्वारा पर दान पेटी लगाई गई। दर्शन करने आने वाले भक्त इसमें श्रद्धा से पैसे जमा करते थे हालाकि ये चढ़ावा महंत जी ही ले लेते थे। 30 नवबर 1983 को बतौर पटना एसएसपी मैंने इस मदिर का शिलान्यास किया। इसके बाद जोर-शोर से मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ।

**तिरुपति बालाजी के कारीगर तैयार करते हैं नैवेद्यम**

साल 1992 में महावीर मदिर में भगवान हनुमान को भोग लगाने के लिए नैवेद्यम का प्रसाद मिलना शुरू हुआ। उस समय तिरुपति बालाजी मदिर के कुछ कारीगर इस करार पर आए थे कि यहा के लोगों को नैवेद्यम बनाने का प्रशिक्षण देने के बाद वे लौट जाएंगे मगर यहा की व्यवस्था देखकर आज भी बालाजी




मदिर के 40 कारीगर हमारे साथ काम कर रहे हैं। शुरूआत में इन्हें रहने-खाने के साथ पाच हजार रुपए मासिक वेतन मिलता था मगर अब नैवेद्यम की बिक्री से होने वाली आय का दस प्रतिशत इन्हें दिया जाता है। इससे उनके अंदर अधिक नैवेद्यम तैयार करने का उत्साह रहता है।

**मंदिर की आय से अस्पतालों का होता है सचालन**

महावीर मदिर कमाई के मामले में उत्तर भारत में दूसरे स्थान पर है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

संगीता सहाय अनुभूति
11 m ·
1.... See more





1

## X - से

Annapurna Devi @Annapurna4... · 1d
सेवा यात्रा का एक निर्णायक मोड़, एक नई शुरुआत!

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के नेतृत्व में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में कार्यभार संभालते हुए उत्साह और गौरव की अनुभूति कर रही हूं।

विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के... Show more



Narendra Modi and 9 others
567 1.3K 17K 409K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# याद रखे देश, पूर्वी दिल्ली में शिशुओं के जलने के हादसे को


आर.के. सिन्हा

***अभी*** एक महीना भी नहीं हुआ और देश की राजधानी में हुए एक दर्दनाक अग्निकांड को भुला दिया गया है। पिछली 25 मई को जिस दिन दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई थी उसी दिन पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार के एक निजी अस्पताल में आग लगने के कारण सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। जैसा कि हमारे यहां होता आ रहा है- घटना के बाद नेताओं की तरफ से अफसोस जता दिया गया, स्थानीय प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा कर दिया और कुछ गिरफ्तारियां भी हो गईं। यह सब कुछ दिनों तक चला और फिर दुनिया अपनी रफ्तार से चलने लगी और फिर एक तरह से अगले हादसे तक के लिए सब कुछ सामान्य हो गया। हमारी नींद तो किसी हादसे के बाद ही खुलती है और पुनः हम कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। क्या हम इतने भयावह हादसे को लेकर पूरी तरह से संवेदनहीन हो चुके हैं? लगता तो यही है। अगर इस तरह की स्थिति न होती तो इतनी जल्दी विवेक विहार में हुई त्रासदी पर अफसोस जताना बंद न हो जाता। यह तो मानना ही होगा कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं तेजी से निजी हाथों में चली जा रही हैं। मतलब प्राइवेट अस्पताल खुलते ही चले जा रहे हैं। तंग गलियों में चलने वाले गंदे क्लीनिकों से लेकर पॉश कोरपोरेट इलाकों में अस्पतालें चल रहे हैं। ये ही देश में 70 फीसद तक जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो सरकार अब 25-30 करोड़ लोगों को ही स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। जब इतने बड़े स्तर पर प्राइवेट क्षेत्र हेल्थ सेक्टर को देखने लगा है, तो क्या इस पर किसी का नियत्रंण है? विवेक विहार की घटना साबित करती है कि इन प्राइवेट अस्पतालों पर किसी को कोई खास नियंत्रण नहीं हो रहा है। जिस दो मंजिला बेबी डे केयर सेंटर में आग लगी वहां नवजात शिशुओं का इलाज और देखरेख एक आयुर्वेदिक डॉक्टर करता था। अब आप समझ सकते हैं कि हमारे यहां स्वास्थ्य सेवाओं की हालत कितनी पतली हो चुकी है। आग लगने के कारण सेंटर में भर्ती 12 नवजात में से सात ने दम तोड़ा। इसमें से कुछ झुलस गए थे तो कुछ नवजात ऑक्सीजन सपोर्ट हटने से जीवित नहीं रह पाए। मुझे पूर्वी दिल्ली के सोशल वर्कर जितेन्द्र सिंह शंटी बता रहे थे कि सेंटर में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से आग ने फौरन विकराल रूप ले लिया। सिलेंडर केयर सेंटर से दूर-दूर जाकर गिरे। स्थानीय लोगों को लगा कि भूकंप आ गया है। शंटी और उनके साथियों ने आग बुझाने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में दिन-रात एक कर दी थी। हमारे यहां अस्पतालों में आग लगने के कारण लगातार बड़े हादसे होते रहे हैं। 2011 में कोलकाता के एएमआरआई अस्पताल में आग लगने से 90 लोगों की मौत हो गई थी। अप्रैल 2021 में, कोविड-19 महामारी के चरम पर, मुंबई के पास विजय वल्लभ अस्पताल में आग लगने से 13 मरीजों की मौत हो गई थी। उसी वर्ष, मुंबई में फिर से सनराइज अस्पताल में आग लगने से 11 मरीजों की मौत हो गई। 2022 में, जबलपुर के न्यू लाइफ मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में आग लगने से आठ मरीजों की मौत हो गई और 2016 में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 50 मरीजों की मौत हो गई। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## टेक वर्ल्ड

### क्या आप जानते हैं रात को सोते समय एसी का तापमान कितना होना चाहिए?



**बुजुर्गों के लिए हो इतना तापमान :** बता दें, बुजुर्गों के लिए एसी का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस सही रहता है। वयस्कों की तुलना में बुजुर्गों को ज्यादा ठंड लगती है। अगर 24 डिग्री से कम तापमान पर उनकी सेहत खराब हो सकती है। एसी से सुबह तक कमरे का तापमान काफी ज्यादा ठंडा हो जाता है।

**एसी में सोने के फायदे और नुकसान :** गर्मी के दौरान अगर आप एसी में सोते है, तो इसमे डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, थकान जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। हालांकि, एसी में सोने के जितने फायदे है उतने नुकसान भी है। वहीं, आपका एसी गंदा है तो उसमें डस्ट, बैक्टीरिया, जर्म, फंगस आदि होने के खतरे काफी बढ़ जाते हैं। एसी के चलने के दौरान ये हमारी सांस के जरिए शरीर में चले जाते हैं। जिस वजह से कई बार एलर्जी हो जाती है। इसलिए समय-समय पर एसी का फिल्टर साफ करते रहना चाहिए। **(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राहत प्रचंड गर्मी में मिला सुकून






बढ़ते तापमान के कारण लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। लोगों का झुलसाने वाली गर्मी के कारण हाल बेहाल है। गर्मी की दोपहर में टूटी हुई पानी की पाइपलाइन के पास नहाते लोग।

# ओडिशा के नए सीएम मांझी ने पूरा किया वादा जगन्नाथ मंदिर के खोले गए सभी चारों द्वार

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने भाजपा सरकार का एक चुनावी वादा पूरा कर दिया है। गुरुवार को पुरी के जगन्नाथ मंदिर के सभी चार प्रवेश द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी अपने मंत्रिपरिषद और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ सुबह मंदिर पहुंचे और भक्तों के लिए मंदिर के सभी प्रवेश द्वार खोलना सुनिश्चित किया।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए सीएम माझी ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर भक्तों में भारी नाराजगी थी। सीएम मांझी ने कहा, "बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में अपने पहले फैसले में गुरुवार सुबह मंगल आरती के बाद मंदिर के दरवाजे खोलने का फैसला लिया गया था। भगवान जगन्नाथ की कृपा से आज यह काम पूरा हो गया।"



उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार मंदिर के प्रबंधन से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी काम करेंगी।

सीएम मांझी ने अन्य मंत्रियों के साथ त्रय (जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा) के 'दर्शन' किए और मंदिर के चारों ओर 'परिक्रमा' भी की।

12वीं शताब्दी के इस मंदिर में कोविड के कारण श्रद्धालुओं को केवल मुख्य द्वार (सिंह द्वार) से ही प्रवेश की अनुमति दी गई थी। श्रद्धालुओं और सेवायतों ने पूर्व में कई बार पिछली बीजू जनता दल सरकार के समक्ष यह बात उठाई थी, मगर इसका कोई फायदा नहीं हुआ। बता दें कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में राज्य में सरकार बनने के बाद जगन्नाथ मंदिर के सभी द्वार खोलने का वादा किया था।

## टीएमसी विधायक सोहम चक्रवर्ती को मिली अग्रिम जमानत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बारासात की एक जिला अदालत ने गुरुवार को चांदीपुर से टीएमसी के विधायक सोहम चक्रवर्ती को अग्रिम जमानत दे दी। सोहम चक्रवर्ती पर सात जून की रात कोलकाता में एक रेस्तरां के मालिक अनीसुल आलम पर हमला करने का आरोप है। सोहम चक्रवर्ती ने गुरुवार को जिला अदालत में आत्मसमर्पण किया। इसके बाद उनके वकील ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की, जिसे जज ने दो हजार रुपये के निजी मुचलके पर मंजूर कर लिया। चक्रवर्ती ने अदालत के बाहर मीडियाकर्मियों से कहा, मामला कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए मुझे कोई टिप्पणी नहीं करनी है। चक्रवर्ती को अग्रिम जमानत तब दी गई जब एक दिन पहले रेस्तरां के मालिक अनीसुल आलम ने बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## किन्नरों ने ट्रेन में यात्रियों की जेब की खाली, खाने तक को न छोड़े पैसे

एजेंसी

**झांसी।** वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर मुंबई-लखनऊ पुष्पक एक्सप्रेस में बुधवार देर रात को पैसे मांगने के बहाने चढ़े किन्नरों ने यात्रियों को लूट लिया। यात्रियों ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि तीन से चार की संख्या में आए किन्नरों ने उनसे पहले 10-20 रुपये मांगे थे। जब उन्होंने किन्नरों को देने के लिए जेब से पैसे निकाले तो किन्नर उनके हाथ से पांच सौ रुपये के नोट लूट कर भाग गए। इस पूरे वाकया का वीडियो ट्रेन की साइड अपर बर्थ पर बैठे एक यात्री ने बना लिया। इसके बाद यात्रियों ने रेल प्रशासन से इसकी शिकायत की। जब तक रेलवे सुरक्षा बल कुछ कर पाता किन्नर लूटपाट कर फरार हो गए। यात्रियों ने बताया कि जो पैसे थे वह किन्नर लूट कर ले गए, अब उनके पास ट्रेन से



उतरने के बाद घर जाने तक का किराया नहीं बचा है। यहां तक खाना खाने के लिए अब मोहताज हो गए हैं। घटना की शिकायत मिलने पर अप और डाउन दोनों पुष्पक एक्सप्रेस के सीसीटीवी फुटेज देखे गए, जिसमें किन्नर या कोई संदिग्ध व्यक्ति ट्रेन में चढ़ते या उतरते दिखाई नहीं दिया। वीडियो के आधार पर किन्नरों की तलाश की जा रही है। जल्दी ही उन्हें ढूंढ लिया जाएगा। -मोहम्मद असलम, सहायक सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ।

### दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा, कहा

# टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर जारी राजनीतिक संग्राम के बीच गुरुवार को केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। अपने हलफनामा में बताया कि हम मजबूर हैं। हम टैंकर माफिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर सकते। वजह यह है कि टैंकर माफिया दिल्ली से नहीं, बल्कि हरियाणा से संचालित होते हैं, जिसकी वजह से हमारे हाथ बंधे हुए हैं। दिल्ली सरकार ने अपने हलफनामा में बताया, ह्लटैंकर माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करना हमारे क्षेत्राधिकार में नहीं आता है। अगर आता तो हम अब तक उनके विरुद्ध कार्रवाई कर चुके होते। हरियाणा सरकार को बताना चाहिए कि वो दिल्ली को पानी मुहैया कराने की दिशा में क्या कुछ कदम उठा रही है? क्योंकि, यहां लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।

दिल्ली जल बोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति के लिए पूरी रूपरेखा तैयार की है, जिसे जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा। यह ब्लूप्रिंट दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए तैयार किया गया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल का बंटवारा एक जटिल मुद्दा है। जिस पर सभी पक्षों के साथ विस्तृत बातचीत के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकेगा। कोर्ट ने कहा कि पानी का बंटवारा अपर यमुना रिवर फ्रंट पर छोड़ देना चाहिए। अपर यमुना फ्रंट ने दिल्ली सरकार से मानवीय आधार पर पहले ही 152 क्यूसेक पानी दिए जाने का अनुरोध किया है। बता दें कि बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पानी की किल्लत पर सुनवाई की थी। जिसमें दिल्ली सरकार से इस संबंध में कई तीखे सवाल किए गए थे।

दिल्ली सरकार से पूछा गया था कि आखिर आपने अभी तक वाटर टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? दिल्ली में पानी का संकट अपने चरम पर है, लेकिन आप हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं? जब आपको पता था कि हर साल गर्मी का मौसम आते ही दिल्लीवासियों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ जाता है, तब भी आप खामोश रहे, आखिर क्यों?

### टैंकर माफिया मजबूरी का उठा रहे फायदा

सुप्रीम कोर्ट से फटकार खाने के बाद दिल्ली सरकार ने गुरुवार को पानी की किल्लत के संबंध में हलफनामा दाखिल किया, जिसमें उन्होंने विस्तार से अपनी मजबूरियों के बारे में बताकर अपना बचाव किया। टैंकर माफियाओं के वर्चस्व का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि वो दिल्ली के लोगों को पानी देने के एवज में अपने मनमुताबिक उनसे पैसे ऐंठ रहे हैं। कई लोगों ने खुद सामने आकर इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई है, लेकिन आलाधिकारी इस पर मौन साधे हुए हैं। वहीं दिल्ली में जारी पानी की किल्लत को लेकर राजनीतिक गलियारों में सियासत अपने चरम पर है।

## आज का राशिफल

**मेष** – आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

**वृषभ** – स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**मिथुन** – कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्याकंन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्व पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा।

**कर्क** – आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**सिंह** – स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या** – आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**तुला** – धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** – मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु** – धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**मकर** – किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुम्भ** – कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें।

**मीन** – ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

## टोल शुल्क मांगने पर आगबबूला हुआ दारोगा, कर्मचारियों से की मारपीट



एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के जीटी रोड स्थित लुहारली टोल प्लाजा पर उत्तर प्रदेश पुलिस का एक दरोगा टोल प्लाजा का बूम जबरन हटाकर गाड़ी निकलवाना तथा मारपीट करने का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच में लगी है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को सुबह के समय कार में सवार दरोगा दादरी की तरफ से सिकंदराबाद की ओर जा रहे थे। जब वह कोतवाली दादरी क्षेत्र के जीटी रोड स्थित लुहारली टोल प्लाजा पर पहुंचे तो बूथ कर्मचारियों ने टोल शुल्क की मांग की। जिस पर दरोगा आग बबूला होकर गाड़ी से उतरा और जबरन टोल बूम को हटा दिया। टोल पर तैनात कर्मचारियों ने जब जबरन बूम हटाने का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर दी। और गाड़ी निकाल कर अन्य गाड़ियों को भी टोल फ्री कर दिया। जिसका टोल कर्मचारियों व मैनेजर में विरोध किया।

उत्तर प्रदेश पुलिस के दरोगा द्वारा टोल मैनेजर व कर्मचारियों के साथ धक्का मुक्की कर अभद्रता की गई। और जमकर गाली गलौज की। यह घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। तथा दरोगा सबक सिखाने की धमकी देकर कार में सवार होकर निकल गया। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच में लगी है। एसीपी अमित प्रताप सिंह का कहना है कि टोल प्लाजा पर अभद्रता करने वाले दरोगा का नाम प्रवीण कुमार बताया गया जा रहा है। दरोगा कहां पर तैनात है। टोल प्लाजा पर अभद्रता करने के मामले को लेकर जांच कार्रवाई की जाएगी।

## खौफनाक : बेटे को फावड़े से काटा, गैस के चूल्हे पर जलाया, न मरा तो लकड़ियां रखकर जिंदा जला दिया

एजेंसी

**बिजनौर।** चार साल के इकलौते बेटे को मां ने फावड़े से काटा, नहीं मरा तो उसे गैस के चूल्हे पर जलाया, नहीं जला तो फिर लकड़ियों में आग लगाकर जिंदा जलाने लगी..... ये कोई कहानी आपको नहीं बता रहे हैं, बल्कि बिजनौर में हुई एक ऐसी घटना के बारे में आपको बता रहे हैं, जिसे जानकर हर किसी की रूह कांप गई। एक ऐसी वारदात जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। कहते हैं कि मां की दुआ के आगे बड़ी से बड़ी मुसीबत टल जाती है। संतान की बात आती है तो मां मौत से भी लड़ जाती है, लेकिन जब एक मां अपने ही बच्चे की जान लेने पर आ जाए तो आप क्या कहेंगे। बिजनौर में भी ऐसा ही कुछ हुआ, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया।



यह वारदात है बिजनौर के हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र की है। गांव जलालपुर हसना में एक महिला ने अपने चार वर्षीय मासूम बेटे की हत्या कर दी। उसने बेटे को पहले फावड़े से काटने की कोशिश की, नहीं कटा तो उसको गैस के चूल्हे पर रख कर जलाने की कोशिश की। बच्चे की जान फिर भी नहीं निकली तो लकड़ियों का ढेर बनाया उसमें आग लगाई और मासूम को उस आग के हवाले कर दिया। उसी वक्त बच्चे का बाप कपिल घर पर आ गया। उसने आंखों के सामने जो मंजर देखा उसके होश उड़ गए। कपिल ने देखा कि सुलगती हुई लकड़ियों के बीच उसका बेटा पड़ा हुआ जल रहा है। किसी तरह उसने बच्चे को आग से बाहर निकाला, देखा तो उसकी सांसे चल रही थीं। वह जैसे तैसे बच्चे कोझुलसी हुई हालत में लेकर पास के अस्पताल लेकर भागा लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

सांस चलती देख वह उसे एक निजी चिकित्सक के पास ले गया। रास्ते में बालक ने दो हिचकियां ली। इसके बाद चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया। हालांकि महिला से भी पूछताछ कुछ भी बोल नहीं बोली।

महिला ने उस वक्त घटना को अंजाम दिया, जब घर में वह और उसका चार वर्षीय बेटा हर्ष उर्फ कल्लू घर में थे। बालक के पिता खेत पर गए थे। घटना से पहले बालक को उसके दादा ने पॉपकॉर्न दिलाया था। जिसे लेकर वह घर गया था। इस दौरान ही मां आदेश ने बेटे हर्ष उर्फ कल्लू के गले पर फावड़ा चलाया। हालांकि गर्दन पूरी तरह से नहीं कटी थी। लेकिन गहरा घाव बन गया था। मृतक के पिता कपिल ने बताया कि सुबह वह ठीक थी। घर में दाल बनी रखी थी और आटा गुंथा हुआ था, लेकिन समझ में नहीं आ आया कि आखिरकार उसने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया।

## कर्नाटक के बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। नाबालिग लड़की के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित पॉक्सो मामले में ये वारंट जारी किया गया है। पॉक्सो मामलों के लिए फर्स्ट फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की इस दलील पर विचार करते हुए वारंट जारी किया कि येदियुरप्पा पावरफुल व्यक्ति हैं। ऐसी जानकारी है कि इस समय वह दूसरे राज्य में हैं। येदियुरप्पा ने मामले को दबाने की कोशिश की थी। शिकायतकर्ता को शिकायत वापस लेने के लिए दो लाख रुपये का लालच भी दिया था। अभियोजन पक्ष ने अदालत को यह भी बताया कि नोटिस जारी किए जाने के बाद भी येदियुरप्पा जांच के लिए उपस्थित नहीं हुए। आदेश के बाद, कर्नाटक पुलिस पॉक्सो मामले के सिलसिले में येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है। इस बीच, येदियुरप्पा ने गुरुवार को मामले में अग्रिम जमानत के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख किया।

# आइसक्रीम से निकली इंसान की उंगली मुंबई के डॉक्टर अखरोट समझ कर चबा रहे थे

एजेंसी

**मुंबई।** खाने की चीजों से कॉकरोच, छिपकली निकलने की घटना तो आपने बहुत बार सुनी और देखी होगी। लेकिन मुंबई से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक आइसक्रीम से इंसान की उंगली के मांस का टुकड़ा मिला है। घटना मुंबई के मलाड इलाके की है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मलाड के रहने वाले डॉक्टर ओरलम ब्रैंडन सेराओ ने ऑनलाइन आइसक्रीम मंगवाई थी। उन्होंने बड़े चाव से आइक्रीम खोली लेकिन बाद में वे सन्न रह गए। उन्होंने फोटो को ऑनलाइन शेयर किया, जिसमें मांस का टुकड़ा बाहर दिखाई दे रहा है। डॉक्टर ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि मुझे तो पहले लगा कि यह कोई अखरोट होगा लेकिन बाद में जब ध्यान से देखा तो पता चला कि वह उंगली है।

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में उन्होंने बताया कि मैंने तीन आइसक्रीम ऑनलाइन मंगवाई थी। मैंने बटरस्कोच आइसक्रीम ली थी। मैं आइसक्रीम खा रहा था, तभी मुंह के अंदर कुछ ठोस चीज महसूस हुई। मुझे लगा कि यह अखरोट या चॉकलेट का टुकड़ा हो सकता है लेकिन मुझे मुंह में कुछ ज्यादा ही कड़ा महसूस हुआ। यह क्या यह जानने के लिए मैंने थूका तो मैं दंग रह गया क्योंकि यह अखरोट नहीं बल्कि इंसान की उंगली की मांस का टुकड़ा था। मैं पेशे से एक डॉक्टर हूं तो मुझे समझ आ गया कि यह अंगूठा का हिस्सा है, इसमें नाखून दिख रहा था। मैंने तुरंत टुकड़े को आइसपैक में डाल दिया, जिससे पुलिस को दिखाया जा सके। डॉक्टर ने दोपहर में खाना खाने के बाद आइसक्रीम खा रहे थे तो कोन में से आधे इंच का एक मांस का टुकड़ा निकला, जिसमें नाखून भी था। वह फिलहाल स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने आइसक्रीम कंपनी के इंस्टाग्राम पेज पर इसकी शिकायत दर्ज कराई।



### घटना की जांच कर रही है पुलिस

डॉक्टर ने आगे बताया कि मैंने मलाड पुलिस में घटना की जानकारी दी। मैंने आइसक्रीम ब्रांड के खिलाफ मिलावट और लोगों के जीवन को खतरे में डालने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आइसक्रीम को जांच के लिए और टुकड़े को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं और यह भी तलाश रहे हैं कि आखिर आइसक्रीम में यह टुकड़ा आया कहां से।

## बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर कसा तंज

एजेंसी

**पटना।** बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राजद ने गुरुवार को प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े करते हुए नीतीश कुमार की सरकार पर तंज कसा है। विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कई आपराधिक घटनाओं का जिक्र करते हुए सरकार पर जोरदार निशाना साधा है। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को सरकार पर कटाक्ष करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, बिहार में डबल इंजन सरकार के चंद घंटों के 'मंगलराज' का अद्भुत आपराधिक नजारा देखिए। मुख्यमंत्री से लेकर दो-दो उपमुख्यमंत्री सहित समूचा अमला आपराधिक घटनाओं को लेकर आपराधिक चुप्पी ओढ़े हुए है।




इसके बाद इन्होंने छपरा में दो वकीलों की हत्या, नवादा में सरेराह महिला को चाकू से वार करने, पटना में दो बहनों पर चाकू से हमला, भागलपुर में बदमाशों ने निर्वस्त्र कर महिला की पीट-पीटकर की निर्मम हत्या करने जैसी कई घटनाओं का भी जिक्र किया। इधर, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की पुत्री और सारण से राजद प्रत्याशी रही रोहिणी आचार्य ने भी छपरा में दो वकीलों की हत्या को लेकर बिहार सरकार पर निशाना साधा है।

## आज के मैच



समय : 12:30 बजे स्थान : एंटीगा

समय :03:00 बजे स्थान :तरौबा



समय : 08:00 बजे स्थान : फ्लोरिडा

# अमेरिका और आयरलैंड के मुकाबले पर पाकिस्तान की रहेगी नजर

**एजेंसी। फ्लोरिडा**

घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी। अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है। इससे 2009 की चैम्पियन पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह टीम शुरूआती दो मैचों में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी।



आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत और फिर कनाडा के खिलाफ न्यूयॉर्क में काफी खराब बल्लेबाजी की है। फ्लोरिडा की पिच हालांकि बल्लेबाजी के लिए आसान है और ऐसे में मैच में बड़ा स्कोर देखने को मिल सकता है। अमेरिका के लिए हालांकि नियमित कप्तान मोनाक पटेल की वापसी राहत की बात होगी जो चोट के कारण भारत के खिलाफ नहीं खेल सके थे। इस मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है और मैच रद्द होने पर पाकिस्तान की टीम सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो जाएगी।

**अमेरिका :** मोनाक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नीतीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर।

**आयरलैंड :** पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग

**ग्रुप ए**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 |

**ग्रुप बी**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 0 | 5 |
| नामीबिया | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| इंग्लैंड | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| ओमान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 |

**ग्रुप सी**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| वेस्टइंडीज | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 |
| यूगांडा | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| पापुआ न्यू | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 |

**ग्रुप डी**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| सा.अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| बांगलादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 |

# नए खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से की मुलाकात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बहुप्रतीक्षित पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले, नवनियुक्त केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को नई दिल्ली में ओलंपिक 2024 के लिए भारत की तैयारियों पर एक समीक्षा बैठक की। यह पहली बार था जब खेल मंत्री ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा से मुलाकात की। इस बैठक में मनसुख



मंडाविया और पीटी उषा के अलावा खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, साई के महानिदेशक संदीप प्रधान और खेल राज्य मंत्री रक्षा खांडसे भी मौजूद थे। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने मनसुख मंडाविया से बातचीत के बाद अपने अनुभव साझा किए। उषा ने मीडिया से कहा, केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री ने आईओए का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी है कि वे आईओए और पेरिस की तैयारियों के बारे में जानना चाहते थे। हम एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगे और हर हफ्ते बैठक करने की कोशिश करेंगे।

# सुपर 8 चरण के लिए क्वालिफाई करना बड़ी राहत : रोहित शर्मा

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि चल रहे टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण के लिए क्वलाफाई करना उनके लिए बड़ी राहत है। भारत ने बुधवार को नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में ग्रुप ए के मुकाबले में सह-मेजबान यूएसए पर 7 विकेट से जीत के बाद टी 20 विश्व कप के सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई किया। विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुभवी जोड़ी के पहले तीन ओवर में सस्ते में आउट होने के बाद शिवम दुबे और सूर्यकुमार यादव ने संयम बनाए रखा और भारत को 7 विकेट से जीत दिलाई। दोनों ने 72 रनों की मैच विजयी साझेदारी की।

111 रनों का लक्ष्य भारत जैसी टीम के लिए बहुत छोटा लग रहा था, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी लाइन-अप के खिलाफ विशाल स्कोर का पीछा करने की क्षमता रखती है। अर्शदीप ने 4-9 के अविश्वसनीय आंकड़े हासिल किए, जबकि हार्दिक पांड्या ने 14 रन देकर दो विकेट लिए। लेकिन यूएसए के तेज गेंदबाजों ने अपनी अनुशासित लाइन और लेंथ से भारत की गहराई को परखा। दुबे और सूर्यकुमार ने अपने स्वाभाविक खेल के विपरीत जाकर भारत को न्यूयॉर्क में एक कठिन स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद की।

रोहित ने कहा, हमें पता था कि यह मुश्किल लक्ष्य होगा। जिस तरह से हमने धैर्य बनाए रखा और साझेदारी की, उसका श्रेय हमें जाता है। सूर्या और दुबे को परिपक्वता दिखाने और हमें जीत दिलाने का श्रेय जाता है।उन्होंने कहा, सूर्या ने दिखाया कि उनका खेल अलग है, अनुभवी खिलाड़ियों से यही उम्मीद की जाती है। जिस तरह से उन्होंने खेल को आगे बढ़ाया और हमें जीत दिलाई, उसका श्रेय उन्हें जाता है। यूएसए कैंप में कई जाने-पहचाने चेहरे थे, जिसमें नीतीश कुमार, सौरभ नेत्रवलकर, हरमीत सिंह और जसदीप सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल थे। नेत्रवलकर ने अंडर-15 सेट-अप में सूर्यकुमार के साथ खेला था, जबकि उन्होंने 2010 में मयंक अग्रवाल, केएल राहुल और कई अन्य सितारों के साथ अंडर-19 विश्व कप में भी खेला था। रोहित ने



भारतीय-अमेरिकी क्रिकेटरों के बारे में बात करते हुए कहा, इनमें से कई लोगों ने एक साथ क्रिकेट खेला है, उनकी प्रगति देखकर बहुत खुशी हुई। पिछले

## एक नजर

### नासाउ काउंटी स्टेडियम को 6 हफ्ते में ध्वस्त कर दिया जाएगा

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 में न्यूयॉर्क की पिच बल्लेबाजों के लिए 'जी का जंजाल' बनी हुई है। यह पिच बल्लेबाजी के लिए इतनी मुश्किल है कि टी20 फॉर्मेट में भी टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बल्लेबाजों को मजबूर होना पड़ा। टूर्नामेंट में भारत ने अब तक तीनों मैच यहीं खेले हैं।

### भारतीय हॉकी टीम को रिप्रेजेंट करना बेहद खास : मनीषा

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड की मनीषा चौहान ने 25 साल की उम्र में सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने का अपना सपना पूरा किया। इस स्टार मिडफील्डर ने एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के यूरोप चरण के दौरान अर्जेंटीना के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था।

### न्यूजीलैंड की लगातार हार से निराश कप्तान केन विलियमसन

**त्रिनिदाद।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने मौजूदा टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के खिलाफ लगातार हार के बाद निराशा व्यक्त की। टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले में अफगानिस्तान से मिली हार के बाद, न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 रन से दूसरी हार का सामना करना पड़ा। दो मैचों में दो हार के साथ कीवी टीम का अब सुपर आठ में जगह बनाना काफी मुश्किल है, क्योंकि टीम ग्रुप सी की तालिका में -2.425 के नेट रन रेट के साथ सबसे निचले स्थान पर है।

# मुझे लगता है, इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब होगा: लियोनेल मेसी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने कहा कि मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब इंटर मियामी संभवतः उनके शानदार करियर का आखिरी क्लब बन सकता है। रिकॉर्ड आठ बार बैलन डी'ओर जीतने वाले मेसी अपने शानदार करियर के अंत के करीब हैं। लेकिन इससे पहले कि वह संन्यास लें, उनके पास अर्जेंटीना के साथ एक और कोपा अमेरिका खिताब जीतने का मौका होगा। अंतरराष्ट्रीय और क्लब स्तर पर आगे बढ़ते रहने के साथ ही मेसी ने अपने भविष्य के बारे में बात की और स्वीकार किया कि वह फुटबॉल छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। ईएसपीएन अर्जेंटीना से बातचीत में मेसी ने कहा, मैं फुटबॉल छोड़ने के लिए तैयार नहीं हूं, मैंने अपनी पूरी जिंदगी यही किया है, मैं प्रशिक्षण और खेलों का आनंद लेता हूं। यह डर हमेशा बना रहता है कि सब कुछ खत्म हो जाएगा। मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब होगा। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए 180 मैच खेले हैं और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में 106 गोल किए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, स्कोरिंग चार्ट में उनसे आगे सिर्फ अली डेई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं। इंटर मियामी के लिए उन्होंने एमएलएस में 18 मैचों में 13 गोल और 11 असिस्ट किए हैं। इस साल की शुरूआत में, उन्होंने अपने शानदार करियर में तीसरी बार एर्लिंग हलांड और काइलियन एमबाप्पे को पछाड़कर सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष 2023 खिलाड़ी का खिताब जीता था।



## भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर के पैर की हुई सर्जरी



**नई दिल्ली।** भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर के पैर की सर्जरी हुई है। शार्दुल ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने दाहिने पैर में प्लास्टर के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। ऐसा माना जा रहा है कि आईपीएल में खेलने के बाद लंदन में उनकी सर्जरी हुई थी, जिसमें उनके टखने में दर्द था। ठाकुर की सर्जरी उसी चिकित्सक ने की थी, जिसने पहले मोहम्मद शमी का ऑपरेशन किया था। ठाकुर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी हैं, जिसका मतलब है कि इस सर्जरी पर होने वाले सभी खर्च बोर्ड उठाएगा।

## टी20 विश्व कप : अर्शदीप सिंह ने तोड़ा अश्विन का 10 साल पुराना रिकॉर्ड



**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने टी 20 विश्व कप में एक खास उपलब्धि हासिल करते हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 10 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अर्शदीप ने चल रहे टी-20 विश्व कप 2024 में बुधवार को यूएसए के खिलाफ अपने 4 ओवरों में 9 रन देकर 4 विकेट लिए और अश्विन के दस साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अश्विन ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मीरपुर में 11 रन देकर 4 विकेट हासिल थे, जो भारत के लिए विश्व कप में उनका सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा था।

## यदि हम 130 रन बनाते तो यह मुश्किल स्कोर होता : एरोन जोन्स



**न्यूयॉर्क।** आईसीसी टी 20 विश्व कप में भारत के खिलाफ बुधवार को मिली 7 विकेट से हार के बाद, यूएसए के कार्यवाहक कप्तान एरोन जोन्स ने कहा कि यदि उनकी टीम ने कुल 130 रन बनाए होते तो 'मेन इन ब्लू' के लिए यह एक कठिन लक्ष्य होता।

## पीसीबी ने रखा 19 फरवरी से शुरुआत का प्रस्ताव

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए 19 फरवरी से शुरूआत करने का प्रस्ताव रखा है, जो पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। साथ ही उसने एशिया कप 2023 की तरह भारत के मैचों के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' पर विचार करने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रस्ताव के मुताबिक, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएगी। सभी मैच तीन प्रमुख शहरों कराची, रावलपिंडी और लाहौर में खेले जाएंगे।पीसीबी के सूत्रों के मुताबिक, इस आयोजन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए पाकिस्तान आए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया है। पीसीबी ने भारत के मैचों के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। पीसीबी का कहना है कि सभी मैच पाकिस्तान में खेले जाने चाहिए।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# लुकअप फीचर रोलआउट गूगल



**1** लुकअप फीचर फोन में अनजान नंबर से आने वाली कॉल को लेकर काम करेगा

**2** पिक्सल फोल्ड यूजर्स भी इस अपडेट को पाने वालों की लिस्ट में शामिल हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गूगल अपने यूजर्स के लिए सर्च इंजन से बढ़कर काम करता है। स्मार्टफोन यूजर गूगल की कई दूसरी सर्विस जैसे जीमेल, फोटो, ड्राइव और फोन का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप भी फोन में गूगल फोन ऐप है तो ये आपके काम की खबर है। दरअसल, गूगल अपने यूजर्स के लिए लुकअप फीचर रोलआउट कर रहा है। ये फीचर कंपनी के फोन ऐप के लिए लाया जा रहा है।

**अब सबसे पहले जान लीजिए कि लुकअप फीचर होता क्या है? और ये कैसे काम करेगा।**

तो लुकअप फीचर फोन में अनजान नंबर से आने वाली कॉल को लेकर काम करेगा। इस फीचर के मदद से अनजान कॉलर की पहचान की जा सकेगी।

बता दें कि, वर्तमान में गूगल की ओर से फोन ऐप पर अनजान नंबर की पहचान करने जैसी कोई सुविधा नहीं मिलती है। कई स्थितियों में यूजर अनजान नंबर को बिना पहचान के उठाना नहीं चाहता। जिस कारण फोन में ट्रूकॉलर जैसे ऐप की जरूरत पड़ती है। इसीलिए गूगल के लुकअप फीचर से लेकर ऐलान किया है। इस फीचर के बाद पिक्सल फोन में ट्रूकॉलर जैसे ऐप की जरूरत खत्म हो जाएगी।

बता देंकि, गूगल की ओर से लुकअप फीचर एक सर्वर-साइड अपडेट है। इसका मतलब हुआ कि यूजर्स को फोन ऐप का नया वर्जन डाउनलोड करने की जरूरत नहीं होगी। ये फिलहाल पिक्सल 6 और इसके बाद के पिक्सल डिवाइस के लिए रोलआउट हो रहा है। पिक्सल फोल्ड यूजर्स भी इस अपडेट को पाने वालों की लिस्ट में शामिल हैं।

## जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इस बैठक में उत्पादों और सेवाओं पर लगने वाले गुड्स एंव सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) की समीक्षा की जाती है। नई सरकार बनने के बाद जुलाई में पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। इस कारण से जीएसटी परिषद की बैठक को अहम माना जा रहा है। जीएसटी परिषद सचिवालय की ओर से एक्स पर किए गए एक पोस्ट में लिखा गया कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून को नई दिल्ली में होनी है। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि जीएसटी परिषद (जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल होते हैं।) कुछ उत्पादों पर इनवर्टेड टैक्स स्ट्रक्चर पर विचार कर सकती है, जहां इनपुट पर फाइनल प्रोडक्ट के मुकाबले अधिक जीएसटी लगता है। महंगाई को ध्यान में रखते हुए परिषद कुछ टैक्स में बदलाव पर विचार कर सकती है। इससे पहले जीएसटी परिषद की बैठक अक्टूबर में हुई थी।

# एआई में इनोवेशन और स्टार्टअप के लिए भारत एक अच्छा हब : गूगल क्लाउड सेल्स हेड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत स्टार्टअप शुरू करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में इनोवेशन के लिए एक अच्छा हब है। ये दावा गूगल क्लाउड के शीर्ष अधिकारी की ओर से किया गया है। गूगल क्लाउड में प्रेसिडेंट और ग्लोबल सेल्स हेड मैट रेनर ने कहा कि भारत में ग्रोथ की अपार संभावनाओं के कारण यह उन कुछ देशों में शामिल है, जिन्हें इस वित्त वर्ष स्टार्टअप में निवेश मिला है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत गूगल क्लाउड के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है।

उन्होंने आगे कहा कि गूगल क्लाउड पर हेल्थकेयर, फाइनेंशियल सर्विसेज और अन्य क्षेत्रों में एआई स्टार्टअप तेजी से बढ़ रहे हैं।

रेनर ने कहा कि भारत एआई में इनोवेशन के लिए काफी अच्छी जगह है। हम देख रहे हैं कि



ग्राहक एआई इनोवेशन को आगे बढ़ा रहे हैं। हम एआई में विशेषज्ञता और टूल्स के जरिए अपने ग्राहकों को आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं।

शीर्ष अधिकारी ने अपने नोट में कहा कि भारत अन्य देश के मुकाबले काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसकी वजह टेक्नोलॉजी और एआई के महत्व को समझना है। अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट की तरह ही गूगल भी क्लाउड मार्केट में एक बड़ी कंपनी है। कंपनी की इस क्लाउड इकाई का मुनाफा और आय सालाना आधार पर बढ़ रही है।

2023 की शुरूआत में गूगल क्लाउड मुनाफे में आ गई थी। 2024 की पहली तिमाही में कंपनी की ऑपरेटिंग आय बढ़कर 900 मिलियन डॉलर पहुंच गई। इस दौरान कंपनी की आय में सालाना आधार पर चार गुना का उछाल देखने को मिला था।

## गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण जून तक होगा पूरा

**गोरखपुर।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन की पूर्ण सुविधा जून के अंत तक शुरू करने की तैयारी है। जून के पहले सप्ताह तक एक्सप्रेसवे का 97 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक त्वरित एवं सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ जाएगा। यूपी एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर 10 जून तक अद्यतन जानकारी के अनुसार गोरखपुर लिंक एक?सप्रेसवे का 97 फीसद निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मेन कैरिजवे में क्लियरिंग एंड ग्रबिंग का काम 100 फीसद, मिट्टी का काम 100 फीसद पूरा कराया गया है। एक?सप्रेसवे पर कुल प्रस्तावित 341 संरचनाओं में से 337 बन चुके हैं।

# पीएलआई स्कीम से आ सकता है 4 लाख करोड़ रुपये तक का निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रोडक्शन-लिंक्ड इनिशिएटिव (पीएलआई) स्कीम के जरिए आने वाले कुछ वर्षों में भारत में 3 से 4 लाख करोड़ रुपये तक का निवेश आ सकता है।

बता दें, भारत में मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 14 सेक्टरों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये की पीएलआई स्कीम चलाई जा रही है।

इस निवेश से सेमीकंडक्टर, सोलर मॉड्यूल और फार्मा सेक्टर में करीब 2 लाख नए रोजगार पैदा हो सकते हैं। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए का कहना है कि अर्थव्यवस्था में तेजी के साथ मध्यम अवधि में निजी सेक्टर के



पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी होगी। इसकी वजह पीएलआई जैसी स्कीम का आना है।

आईसीआरए का कहना है कि मजबूत मांग और कंपनियों द्वारा आपूर्ति को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के कारण मेटल, स्पेशलिटी केमिकल और ऑटोमोटिव सेक्टर में तेजी देखने को मिल सकती है।

सरकार द्वारा अब तक 14 सेक्टरों के लिए पीएलआई स्कीम शुरू की जा चुकी है। इसमें मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग और विशेष इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स, एपीआई और ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स, टेलीकॉम और नेटवर्किंग प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक/आईटी प्रोडक्ट्स, उच्च दक्षता वाले सोलर पीवी मॉड्यूल और अन्य सेक्टर शामिल है।

सरकार की ओर से कहा गया कि पीएलआई का उद्देश्य मुख्य सेक्टर में निवेश और नई टेक्नोलॉजी को आकर्षित करना है। साथ ही घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल भी अपने मंत्रालय के अधिकारियों से कह चुके हैं कि पीएलआई और मुक्त व्यापार समझौते जैसे इनिशिएटिव लाने होंगे, जिससे घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके।

पीएलआई स्कीम से भारत में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग को बड़ा सहारा मिला है। एप्पल इसका चमकता हुआ उदाहरण है।

एप्पल की ओर से वित्त वर्ष 2024 में कुल 14 अरब डॉलर के आईफोन का प्रोडक्शन किया गया है। इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के शुरूआती दो महीनों में करीब 2 अरब डॉलर के आईफोन का निर्यात किया गया है।

# देश के टॉप 7 शहरों में 13 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ी प्रॉपर्टी की कीमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में प्रॉपर्टी की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले दो साल में भारत के शीर्ष 7 शहरों में प्रॉपर्टी की कीमत में 13 प्रतिशत की सीएजीआर (कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट) से इजाफा हुआ है। एक रिपोर्ट में गुरुवार को ये दावा किया गया। रियल एस्टेट कंसल्टेंट फर्म एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले दो वर्षों में 8.25 लाख नए घर लॉन्च हुए हैं। वहीं, इस दौरान 8.72 लाख घरों की बिक्री हुई है।



कंसल्टेंट फर्म का कहना है कि महंगाई के दौर में अपनी वेल्थ को बनाने और बढ़ाने के लिए रियल एस्टेट एक अच्छे हेज के रूप में उभरा है। जनसंख्या बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है। इस कारण आने वाले समय में भी प्रॉपर्टी की कीमतों में बढ़त जारी रह सकती है। एनारॉक कैपिटल के प्रबंधक निदेशक और सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा कि 2019 के आम चुनावों के बाद देश के टॉप 7 शहरों में घरों के दाम 6 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़े हैं। जून 2019 में औसत एक स्क्वायर फीट का दाम 5,600 रुपये था, जो वित्त वर्ष 2024 के अंत में बढ़कर 7,550 रुपये प्रति स्क्वायर फीट हो गया है। अग्रवाल ने आगे कहा कि रियल एस्टेट को कोई निवेशक अपने पोर्टफोलियो में रखकर अपनी रिस्क को कम कर सकता है। रियल एस्टेट पर स्टॉक और बॉन्ड की तरह महंगाई का नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है। इसकी अपनी एक वैल्यू होती है, जो कि हमेशा बनी रहती है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि 2013 के बाद से ही प्रॉपर्टी के दाम बढ़ रहे हैं।

## एक नजर

### विधायक ने छठ घाट और तोरण द्वार का किया उदघाटन

**लातेहार।** जिले के बारियातू प्रखंड के दाढ़ा ग्राम मे विधायक निधि से छठ घाट और तोरण द्वार बनाया गया है। जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने किया। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना की, नारियल फोड़े और फीता भी काटा। विधायक ने कहा कि काफी दिनों से इसकी मांग की जा रही थी। जनहित को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस कार्य की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने झारखंड सरकार की उपलब्धियों को भी गिनवाया। कहा कि सरकार जनहित के फैसले ले रही है और उसे धरातल पर भी उतार रही है।

### ट्रक के धक्के से गिरा बिजली का पोल बिजली आपूर्ति बाधित

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखण्ड क्षेत्र के जपला- नबीनगर मुख्य सड़क के मलवरिया नहर के पास वृहस्पतिवार की सुबह में अनियंत्रित ट्रक ने बिजली के खंभे में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बिजली का पोल गिर गया। हालांकि इस घटना में ट्रक चालक बाल बाल बच गया एवं ट्रक लेकर भागने में सफल हो गया। मुख्य लाइन 11हजार वोल्ट बिजली के खंभे को क्षतिग्रस्त होने से एकौनी, नावाडीह गांव का बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने बिजली विभाग को दे दी है।

### स्कूल के पास बाराती गाड़ी पलटी कई लोग हुए घायल

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को जपला खड़ार पर से वापस नबीनगर के खीरी गांव की ओर जा रही बाराती गाड़ी पिकअप अनियंत्रित होकर मलवारिया स्कूल के पास उत्तरी कोयल मुख्य नहर में पलट गई। जिससे उसमें सवार कई बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां आसपास के लोगों के द्वारा सभी घायलों को नहर से निकाला गया। गाड़ी पर बक्सा पेटी सहित कई सामान लदा हुआ था एवं कई लोग उसमें बैठे हुए थे। घटना का कारण हाई स्पीड एवं गाड़ी ओवर टेक करना बताया जा रहा है।

### ट्रैफिक प्रभारी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया

पलामू : डालटनगंज शहर के छह मुहान चौक पर ट्रैफिक प्रभारी के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया । चार पहिया वाहनों एवं दोपहिया वाहनों का जांच किया गया जिसमें कुछ दुपहिया वाहनों के कुछ गाड़ियां के चालक बगैर हेलमेट और ट्रिपल लोडिंग तथा बिना लाइसेंस के थे। उनकी गाड़ियों को जप्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। 11 वाहनों का चालान सीजीएम कार्यालय डालटनगंज चालान भेजा गया है। वही कई वाहनों का चालान परिवहन विभाग को भेजा गया है । टोटल रुपया 65300 का चालान आज काटा गया।

# प्रमुख नदियों मिट्टी के भराव से अस्तित्व पर मंडरा रहा है खतरा

## एनसीपी जिलाध्यक्ष ने उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज / पलामू ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार पासवान ने पलामू डीसी को पत्र लिखकर कहा है कि पीपरा प्रखंड में पत्थर माइंस संचालकों द्वारा फुलदेवईया और सुखनदिया नदी का अतिक्रमण कर नदी में ही क्रशर प्लांट चलाया जा रहा है । इन्होंने नदी में क्रशर से निकलने वाला डस्ट और माइंस से निकले वाली मिट्टी भर दी है। जिससे प्रखंड क्षेत्र के उक्त दोनों प्रमुख नदियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है । पत्र में कहा गया है कि जो पलामू हमेशा अकाल और पानी की किल्लत के लिए चर्चित रहा है और जहां जल संचय और पानी की योजनाओं के नाम पर करोड़ों के वारे न्यारे होते हैं, वहां माइंस और क्रशर संचालकों की यह मनमानी प्रशासन कैसे बर्दाश्त कर रहा है। पत्र में कहा गया है कि इलाके में पत्थर माफियाओं का आतंक इतना बढ़ गया है कि जपला पथरा रोड



### अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं

बरदाग, गोसाईंडीह, भुईंया टोला कलीपुर के जंगल की तरफ जाने वाली सड़क को माइंस और क्रशर संचालकों ने मिट्टी और डस्ट से भर दिया है । माईंस में हर दिन बड़े विस्फोट और भारी वाहनों से अक्सर दुर्घटनायें होती रहती हैं और तब माइंस संचालक बहुत बुरा व्यवहार करते हैं । पत्र में डीसी से अविलंब उचित कार्रवाई की मांग की गयी है । पत्र की प्रतिलिपि डीएमओ, राज्य सचिव खनन एवं अपदा विभाग, विधायक और सांसद को भी दी गयी है।

### पानी छिड़काव के नाम पर खानापूर्ति

पानी का छिड़काव नहीं होने से वहां के बच्चों को उड़ते धूल से अब सांस लेने में भी परेशानियां होने लगी है। माइस माफिया के चलते जो भी रोड किनारे स्कूल है। वहा पर बच्चे-बच्चियों की उपस्थित कम होने लगी है। चूंकि उड़ती धूल से दिन में भी कोहरा सा आंख के आगे छा जाता है। यहां भारी वाहनों के स्पिड से परिचालन हो रहा है। जिससे अनेक तरह की बीमारियां और दुर्घटनाएं हो रही है।

दर्जनों भारी वाहनों के परिचालन से क्षतिग्रस्त हो गया है और सड़क पर उड़ती धूल से यहां के लोग त्राहिमाम्कर रहे हैं । भारी वाहनों के तेज गति से चलने के कारण हमेशा दुर्घटनायें होती रहती है।

### घर में घुसकर विधवा महिला से मारपीट कर किया घायल

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के अकौनी गांव निवासी माया कुंवर 37 वर्ष को बीती रात गांव के ही अशोक यादव नामक व्यक्ति ने उसके घर में घुसकर पिटाई कर दिया। इससे वह घायल हो गयी। घटना के वक्त वह घर में अकेली थी, इस संबंध में पीड़ित महिला द्वारा अशोक यादव के खिलाफ थाने में आवेदन दी गयी है। साथ ही सीएचसी में इलाज कराया गया। वही चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया गया है। पीड़ित महिला के दिए गए आवेदन के अनुसार उसके पति स्व। मंदीष यादव के जीवित रहते समय से ही अशोक यादव से दुश्मनी चलती है। घटना की रात माया कुंवर का पुत्र अपनी ननिहाल गया था। बुधवार की रात्रि करीब 11 बजे अशोक यादव घर में घुसकर पत्थर से चेहरा व सर पर वार कर घायल कर दिया। साथ ही अचेता अवस्था में ही कान के सोने का टॉप्स तथा दो हजार रुपया छीन कर ले भागा। सुबह महिला का पुत्र जब घर आया तो अपने मां को अचेता अवस्था में देख, आसपास के लोगों की सहायता से उसे थाना ले आया। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़िता द्वारा आवेदन दिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### जागरुकता अभियान में सामाजिक सुरक्षा योजना की दी गयी जानकारी




**लातेहार।** एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र, महुआडांड़ के संचालक इंद्रनाथ प्रसाद ने जागरुकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में ग्राहकों को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न पेंशन व अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गयी। उन्होंने ग्राहकों से इन योजनाओ का लाभ उठाने की अपील की। अभियान के दौरान ग्राहकों को बताया गया कि सरकार ने वृद्ध, विधवा, दिव्यांग, एकल महिला या फिर परित्यकता महिलाओं के लिए पेंशन की व्यवस्था की है। लेकिन योजनाओं की जानकारी नहीं रहने के कारण ग्रामीण इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं। इंद्रनाथ प्रसाद ने बैंक के उपभोक्ताओं से फ्रॉड कॉल से भी बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बैंक कभी भी एटीएम का नंबर या ओटीपी या पीन आदि की मांग नहीं करता है। उन्होंने किसी भी लालच में मोबाइल में आये अनजान लिंक को क्लिक नहीं करने की अपील की। कहा कि ऐसा करने से आपके बैंक खाता से राशि की अवैध निकासी भी की जा सकती है।

### नल जल योजना मे भारी अनियमितता को लेकर मुखिया संघ ने जताया विरोध

**उंटारी रोड/ पलामू।** सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है नल - जल योजना, योजना के माध्यम से हर घर स्वच्छ पेजल उपलब्ध कराना है, पेयजल एवम स्वच्छता विभाग द्वारा जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र में योजना तो एक वर्ष पूर्व पहुंची है परन्तु जल नहीं पहुंचा, प्रखंड क्षेत्र में नल - जल योजना में भारी अनियमितता बरती गई है. योजना में मानक के अनुसार कार्य नहीं किया जा रह है. जिसको लेकर प्रखंड के मुखिया संघ ने विरोध जताया है गुरुवार को प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, मुखिया सकुंतला देवी, कमला देवी, समाज सेवी कृष्णा पाल ने संयुक्त रूप से बैठक कर संवेदक के खिलाफ विरोध प्रकट किया, मुखिया संघ ने कहा की योजना में पानी के लिए बिछाए गए पाइप जमीन में मात्र आधा फीट नीचे है, जिससे कई जगह पाइप जमीन से ऊपर आ गया है. मुखिया के कहने पर भी बातों को अनसुना करके कार्य किया जा रहा है, कई जगह पीसीसी सड़क को तोड़कर छोड़ दिया है किससे लोगों में भी काफी आक्रोश है, मुखिया संघ ने कहा की कार्य में सुधार नहीं किया गया तो जनांदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत



**बरवाडीह।** प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्माण कार्य में व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरते जाने की शिकायत मिल रही है ।पूर्व में इस योजना मद से आदर्श नगर से संत क्लारेट स्कूल होते हुई लेदगाई तक बन रहे पीसीसी सड़क निर्माण में निम्न स्तर के पीसीसी ढलाई का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था।इसके बावजूद भी निर्माण कार्य में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है ।गुरुवार को प्रखंड के उक्कामाड़ पंचायत के मुरु ग्राम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से हो रहे पुलिया निर्माण बरती जा रही अनियमितता के विरुद्ध संबंधित संवेदक के विरुद्ध जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व मेंग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। जिसमे जिप सदस्य के साथ साथ भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष दिलीप पासवान समेत काफी संख्या मेंग्रामीण शामिल थे। जिप सदस्य ने बताया की सड़क एवम पुलिया निर्माण कार्य करवा रहे संवेदक संबंधित विभाग के जूनियर इंजीनियर व सहायक अभियंता की अनुपस्थिति ग्रामीण मुंशी द्वारा निम्न स्तर का कार्य करवाया जा रहा।जिससे निर्माण कार्य का गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में बन रही पुलिया में लगने वाले निम्न स्तर के सरिया का उपयोग किया जा रहा साथ ही पुराने पुलिया निर्माण कार्य के अगल-बगल ही पुराने मृत पत्थर को उखाड़ कर ही नए पुलिया में लगाया जा रहा है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक संपन्न

# राजस्व संग्रहण को शत-प्रशित पूर्ण करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से



संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें।बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिए। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा।बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत श्री राजीव रंजन, अन्य संबंधित पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## सोन नगर से छतरपुर पानी लाने की योजना को शुरू करने की मांग : अरविंद

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** छतरपुर नगर पंचायत के लोग इन दिनों बून्द बून्द पानी को तरस रहे हैं, आलम यह है कि नगर पंचायत प्रशासन भी लोगों की प्यास बुझाने में विफल है। जबकि सरकार के द्वारा नगर निकाय के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे जल संकट का इलाके में समाधान करें। बरहाल बात यहीं खत्म नहीं होती सात साल पूर्व सोन नदी से छतरपुर के इलाके तक पानी लाने की योजना का शुभारम्भ हुआ था, लेकिन अफसोस योजना आज भी अधूरा है, प्रखंड के विभिन्न इलाकों में विशालकाय पानी टँकी तो सालों पूर्व बना दिया गया लेकिन टँकी में आज तक पानी नहीं पँहुच पाया। स्थानीय समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमून के आग्रह के बाद कार्यपालक अभियंता के निर्देश के आलोक में पीएचईडी के नवपदस्थापित जेई ने योजना का छतरपुर में निरीक्षण किया और संवेदक को फटकार लगाते हुए बचे हुए शहरी इलाके में अविलम्ब पाइपलाइन बिछाने का निर्देश दिया। इलाके के लोग बून्द बून्द पानी को तरस रहे हैं सोन नदी से पानी लाने की योजना हाथी का दांत साबित हो रही है ऐसे में लोगों का सब्र भी जवाब दे रहा है जल्द ही अगर सोन से पानी लाने की योजना शुरू नहीं कि गयी तो लोग आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे।

*पीएचईडी के जेई और संवेदक ने किया योजना का निरीक्षण, संवेदक को दिए शीघ्र सभी अधूरे पाइपलाइन बिछाने का निर्देश*

## नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगी मशीन को किया आग के हवाले



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** जिले में नक्सलियों ने तांडव मचाया है। बुधवार की देर शाम कुंदा-लावालौंग पथ स्थित करिलगड़वा जाने वाली सड़क पर निर्माण कार्य में लगी मिक्सर मशीन को आग के हवाले कर दिया।इससे 40 लाख का नुकसान हुआ है। पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने नक्सलियों की धर-पकड़ के लिए अभियान शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि चतरा के कुंदा जंगल में नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम उस वक्त दिया, जब मिक्सर मशीन अमौना गांव से मेटेरियल लेकर करिलगड़वा की ओर जा रही थी। इस दौरान गांव से आधा किमी दूर स्थित जंगल में नक्सलियों ने वाहन को रोककर चालक व मजदूरों को नीचे उतारा। सभी के मोबाइल छीन कर सिम निकाल कर तोड़ दिया, फिर मोबाइल लौटा दिया।इसके बाद वाहन से डीजल निकाल कर वाहन में आग लगा दी। बताया जा रहा है कि लेवी को लेकर नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है । सड़क निर्माण कार्य जय माँ अंबे कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना को अंजाम किस संगठन के द्वारा दिया गया है, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। क्षेत्र में टीएसपीसी व भाकपा माओवादी दोनों संगठन सक्रिय हैं।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी 8 लोगों पर किया गया मामला दर्ज

### 70 हजार रुपए का जुर्माना भी लगा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें 8 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 8 लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 8 लोगों पर 70 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें बृजदेव पासवान, सत्यप्रकाश पाठक, देव चौधरी, पूरन राम, रामराज चौधरी, जगदीश राम, महेंद्र उरांव व ओमप्रकाश कुमार शामिल हैं। सभी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप



कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, संतोष कुमार सिंह, बबन कुमार व राजकुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

### 47 डिग्री तापमान में आंगनबाड़ी केंद्रों में जाने को विवश हैं मासूम बच्चे

**मेदिनीनगरा।** सरकार के दौहरा रवैया से आंनगबाड़ी केंद्रों के सेविका-सहायिकाओं के बीच आक्रोश व्याप्त है। पलामू में इन दिनों 46 से डिग्री तापमान है। सुबह आठ बजे से ही तेज धूप और गर्म हवा से सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। ऐसे स्थिति में मासूस बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों में जाने को विवश है। राज्य सरकार ने सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में एलकेजी से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चों को अधिक गर्मी के कारण छुट्टी दे दी है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों के केवल समय में परिवर्तन किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र के मासूम तपती छत के नीचे परेशान होने को मजबूर है। इस और ना सरकार का ध्यान जा रहा है ना ही जिला प्रशासन का। मासूस बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका/सहायिकाओं से पुछते हैं कि मैडम छुट्टी कब होगी। मासूमों के इस सवाल पर सेविका/सहायिकाओं जवाब नहीं दे पा रही है।

# चतरा सांसद ने पलामू में कहा, सिंचाई एवं पेयजल के लिए जल्द शुरू करेंगे काम

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह ने स्थानीय मेदिनीनगर स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता के पूर्व उन्हें जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया एवं जीत के लिए उन्हें बधाई दी। जिसमें उन्होंने अपनी बात रखते हुए सर्वप्रथम 2 लाख से भी अधिक मत से जीताकर संसद भेजने हेतु क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। चतरा लोकसभा अंतर्गत पड़ने वाले पलामू के एकमात्र पांकी विधानसभा तथा समुचे क्षेत्र में जल संकट पेयजल की भारी संकट व्याप्त है जिसे और कोयल नदी पर स्थित मंडल डैम को बांधते हुए किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। पूरे लोकसभा में नल जल योजना सफल हो चुकी है जिसका क्रियान्वयन करते हुए लोकसभा के लोगों को पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय होने के कारण मुझे चतरा लोकसभा की समस्याओं का पूरा ज्ञान है और उसके निराकरण के लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहूंगा। मेरा यह प्रयास रहेगा कि दूर दराज के बच्चों को कठिनाई न हो उसके लिए डिग्री कॉलेज की भी अलग-अलग



जगह पर स्थापना हो। पांकी लोहरसी तथा बगड़ा होते हुए चतरा को जोड़ने वाली सड़क को सीधे एनएच से जोड़ा जाएगा ताकि चतरा जाने के लिए दूरी भी कम हो जाए और लोग आसानी से आवागमन कर सकें। पूर्व के सांसद द्वारा 10 वर्षों में भी क्षेत्र के लोगों के बीच में उपलब्ध नहीं के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं किसी और के ऊपर कोई टीकाझटिप्पणी नहीं करना चाहता लेकिन मेरे कार्यकाल में सर्वसुलभता के साथ पूरी जनता के लिए 24 घंटे सातों दिन उपस्थित रहूंगा और जो विश्वास मेरे ऊपर जताया गया है उसे पर पूरी तरह खरा उतरूंगा। चतरा में बड़ी मात्रा में हो रहे अफीम की खेती के सवाल पर उन्होंने जवाब दिया कि प्रशासनिक सुस्ती के कारण चतरा फिलवक्त अफीम की उपज के मामले धीरे धीरे अफगानिस्तान में तब्दील होता दिखाई दे रहे हैं में पोस्ते की खेती को काफी बढ़ावा मिला है जिसके लिए जन जागरण की आवश्यकता है इसमें हम सभी अगर मिलकर प्रयास करें तो जरूर इसके रोकथाम में सहायता मिलेगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे पलामू लोकसभा के संयोजक विपिन बिहारी सिंह प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरेंद्र पांडे अजय तिवारी जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह अभिमन्यु तिवारी विजय ठाकुर विजय पाठक चंचल कुमार दिनेश गोस्वामी अरुण सिंह एवं भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने का होगा प्रयास : कालीचरण सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह के नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड में आगमन पर गुरुवार को हाई स्कूल रोड स्थित बाजार शेड में अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें फूल माला देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके पूर्व कोटखास ठाकुरबाड़ी व महावीर मंदिर में पूजा अर्चना कर चतरा लोकसभा क्षेत्र में अमन-चैन कायम करने के लिए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने ठाकुरबाड़ी परिसर में पगड़ी व तलवार देकर सम्मानित किया। मौके पर चतरा सांसद ने कहा कि मैं अपने चुनावी अभियान की शुरूआत इसी ठाकुरबारी मंदिर से की थी। और अब जनता ने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है तो चुनाव जीतने के बाद



दिल्ली से सीधे इस राम दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचा हूं। जनता ने मुझ पर जिस उम्मीद एवं विश्वास के साथ अपना आशीर्वाद दिया है। उसपर खरा उतरते हुए गांव गांव में घुम घुमकर जन समस्याओं को दूर कर विकास की गति तेज की जाएगी। जिससे चतरा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कराया जा सके। उन्होंने कहा कि चार महीने बाद यहां फिर से विधानसभा का चुनाव होगा। आप लोग यहां के विधायक को पुनः जिताकर भेजीए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि उन्हें मंत्री बनवाने में कोई कसर नहीं छोडूंगा। वहीं पांकी विधायक ने कहा कि उम्मीद के अनुसार उम्मीदवार मिले तभी जनता ने अपार मतों से विजय दिलाई है।

## पेज एक का शेष

### भागवत का गोरखपुर में 5 दिनी प्रवास, योगी भी आएंगे

जिला प्रशासन की तरफ से 4 जून को भी मोहन भागवत का गोरखपुर आने का कार्यक्रम तय था, लेकिन वे नहीं जा सके थे। अब कार्यकर्ता विकास वर्ग कार्यक्रम में भाग लेने आए हैं। संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कानपुर, गोरक्ष, अवध व काशी प्रांत शामिल हैं। इस विकास वर्ग में करीब 300 कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने चारों प्रांत से कार्यकर्ता आ रहे हैं। संघ के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस दौरान ये सभी प्रतिभागी स्कूल में ही प्रवास करेंगे। बाहरी संपर्क से पूरी तरह खुद को किनारे रखेंगे। इनके भोजन, नाश्ते का भी पूरा इंतजाम विद्यालय परिसर में ही किया गया है।

प्रवास के दौरान संघ प्रमुख, संघ के पदाधिकारियों को संगठन की आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी देने के साथ उसके संचालन की रणनीति के गुण भी बताएंगे। भागवत पांच दिनों के प्रवास पर हैं और इस दौरान बाहर किसी कार्यक्रम में वे भाग नहीं लेंगे। सरस्वती विद्या मंदिर, चिउटहा में ही वह 16 जून तक प्रवास करेंगे और 17 जून की सुबह को वह गोरखपुर से रवाना हो जाएंगे।

### बिहार व झारखंड में विस चुनाव लड़ सकती है आप

बिहार में हमारी पार्टी अगला विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। आम आदमी पार्टी बिहार में चुनाव लड़ेगी यह तय है। लेकिन, कितने सीटों पर लड़ेगी, यह हम लोग बाद में तय करके बताएंगे। अब तक यह स्पष्ट है कि हम लोग बिहार में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। संजय सिंह का कहना है कि बिहार में इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे का फॉमूर्ला तय होने के बाद ही 'आप' अपनी सीटों का खुलासा करेगी। यदि बात बनी तो झारखंड में भी आगामी विस चुनाव में कुछ सीट पर लड़ सकती है।




### मदद के लिए पहुंचे विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह

# कुवैत अग्निकांड में भारत के 42 नागरिकों की मौत

एजेंसी

**कुवैत सिटी।** भारत के विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह गुरुवार को कुवैत पहुंचे। यहां पर वह सबसे पहले अस्पताल गए। वहां उन्होंने अग्निकांड में झुलसे भारतीय नागरिकों से मुलाकात कर हालचाल जाना। उन्होंने कुवैत के विदेशमंत्री अब्दुल्ला अली अल याहया से मुलाकात की। याहया ने भरोसा दिलाया कि वे शवों को जल्द से जल्द भारत पहुंचाने में मदद करेंगे। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने भारतीय नागरिकों के शवों को मातृभूमि पहुंचाने के लिए विमानों की तैयारी का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद भी दी जाएगी। अमीर की घोषणा की पुष्टि



अमीर ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की



भारतीय दूतावास ने हेल्प लाइन नंबर 965-65505246 जारी किया

आंतरिक मंत्री शेख फहद अल-यूसेफ ने की है। उल्लेखनीय है कि कुवैत के मंगाफ शहर में एक बहुमंजिला इमारत में बुधवार को आग लगने से 49 लोगों की मौत हो गई। इनमें 42 भारतीय नागरिक हैं। इनमें केरल के 14 लोग शामिल हैं। छह मंजिला इमारत में लगी आग की लपटों में बड़ी संख्या में लोग झुलसे हैं। बताया गया है कि भारतीय राज्य केरल की स्वास्थ्यमंत्री वीना जॉर्ज भी कुवैत पहुंचने वाली हैं। वह आज ही भारत से कुवैत के लिए रवाना हुई हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि झुलसे लोगों का इलाज कुवैत के पांच अस्पतालों- अदान, जाबेर, फरवानिया, मुबारक अल कबीर और जाहरा में चल रहा है। सभी की हालत पहले से बेहतर है। कुवैत में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर 965-65505246 जारी किया है। अरब टाइम्स के अनुसार मरने वालों में 20 से 50 साल की आयु के बीच लोग है। इनमें ज्यादातर केरल और तमिलनाडु के हैं। सभी एनबीटीसी कंपनी में काम करते थे। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत पहुंचे हैं। अधिकारियों ने घोषणा की है कि हताहत कुछ लोगों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा। केरल के जो लोग हताहत हुए हैं, उनमें से कुछ की पहचान हो गई है। इनमें पंडालम के आकाश एस नायर (23), कोल्लम पूयाप्पल्ली के उमरुद्दीन शमीर (33), कोट्टायम पंपडी के स्टेफिन अब्राहम साबू (29), कुंडदुकम (कासरगोड के केआर रंजीत (34), कासरगोड के केलू पोनमलेरी (55), वजहमुट्टम (पथानामथिट्टा) के पीवी मुरलीधरन, पुनालुर (कोल्लम) के साजन जॉर्ज, वेलिचिकला (कोल्लम) के लुकोस (48), कोन्नी के साजू वर्गीस (56), तिरुवल्ला के थॉमस ओम्मन, धर्मडोम (कन्नूर) के विश्वास कृष्णन, कूटयी (तिरुर) मलप्पुरम के नूह, मलप्पुरम के एमपी बहुलायन और चंगनास्सेरी (कोट्टायम) के श्रीहरि प्रदीप हैं। हताहत अन्य भारतीयों की पहचान थॉमस जोसेफ, प्रवीण माधव, भूनाथ रिचर्ड रॉय आनंद, अनिल गिरि, मोहम्मद शरीफ, द्वारिकेश पटनायक, विश्वास कृष्णन, अरुण बाबू, रेमंड, जीसस लोपेज और डेनी बेबी करुणाकरन के रूप में हुई है।

## नागपुर की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट 6 की मौत, 4 गंभीर

**मुंबई।** नागपुर जिले के धामना गांव की एक पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार दोपहर जोरदार धमाके में चार महिलाओं समेत 6 की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना में गंभीर रूप से घायल 4 अन्य लोगों को नागपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। नागपुर के पुलिस आयुक्त रवींद्र कुमार सिंघल के मुताबिक घटना की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार नागपुर-अमरावती हाइवे पर नागपुर से 25 किमी दूर धामना गांव स्थित पटाखा फैक्ट्री चामुंडा एक्सप्लोसिव में दोपहर करीब बारह बजे अचानक भीषण विस्फोट हुआ। घटना में मौके पर ही छह लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए जिन्हें नागपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतकों की पहचान प्रांजलि मोद्रे (22), प्राची फाल्के (20), वैशाली क्षीरसागर (20), मोनाली अलोन (27), पन्नालाल बंदेवार (50) और एक अन्य के रूप में की गई है। इस घटना में घायल शीतल चपत (30), दंसा मारास्कोल्हे (26), श्रद्धा पाटिल (22) और प्रमोद चावरे (25) का इलाज जारी है। चारों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## राजनाथ सिंह ने दूसरी बार संभाला रक्षा मंत्री का कार्यभार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया है। 2019 से 2024 तक के सफल कार्यकाल के बाद उन्हें लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्रालय सौंपा गया है। पिछली सरकार में राजनाथ सिंह ने 01 जून, 2019 को पहली बार रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता राजनाथ सिंह का जन्म 10 जुलाई, 1951 को उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में हुआ था। उन्होंने गोरखपुर विश्वविद्यालय से भौतिकी में स्नातकोत्तर किया। वे पेशे से शिक्षक रहे हैं। वे 1977-1980 और 2001-2003 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। वे 1991-1992 में उत्तर प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रहे। 1999 से 2000 तक वे केंद्रीय मंत्रिमंडल में भूतल परिवहन मंत्री रहे। बाद में 2000-2002 तक वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।

2003 में उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल में कृषि मंत्री के रूप में अपनी सेवा दी। वे 1994-1999 और 2003-2008 तक दो बार राज्यसभा के लिए चुने गए। 2009 में वे 15वीं लोकसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 07 अक्टूबर, 2009 को आचार समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य किया।



**रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना हमारी प्राथमिकता और उद्देश्य**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कार्यभार संभालने के बाद कहा कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना, यह भारत के रक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राथमिकता और उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ भारत से रक्षा उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश में 15 से 21 जून तक 'योग सप्ताह' का होगा आयोजन

*योग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार किया जायेगा*

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कार्यक्रम स्थलों के चयन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। स्थल चयन में प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक स्थान, नदियों, झीलों, तालाबों, अमृत सरोवरों को प्रमुखता दी जाएगी। इसके साथ ही पुलिस थानों, विद्यालयों और चिकित्सालयों में भी योगाभ्यास किया जाएगा।

प्रदेश में 15 से 21 जून तक प्रत्येक जनपद में योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। योग सप्ताह का आयोजन समस्त जनपद मुख्यालय के अतिरिक्त तहसीलों, ब्लाकों एवं ग्राम पंचायतों में भी किया जाएगा। योग सप्ताह को लेकर हाल ही में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में स्थलों के चयन में विशेष



महत्व वाले स्थलों को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों के लिए प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक महत्व के स्थान, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों के किनारे, सभी अमृत सरोवरों एवं प्रमुख नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थलों को चयन में प्रमुखता दी जाएगी। समस्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

यही नहीं, आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन), प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आयुष चिकित्सालय, 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय एवं आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में भी योगाभ्यास आयोजन किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि योग सप्ताह के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस पूरे कार्यक्रम पर प्रदेश सरकार 4 करोड़ रुपए खर्च करेगी। मुख्यालय स्तर पर आयोजनों पर 1.12 करोड़ रुपए, कॉलेज स्तर पर आयोजन पर 9.5 लाख रुपए, जनपद स्तर पर आयोजन के लिए 2.63 करोड़ रुपए और उद्घाटन एवं समापन कार्यक्रम पर 15 लाख रुपए खर्च किए जाने का बजट प्राविधान किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने अन्नू कपूर की फिल्म 'हमारे बारह' की रिलीज पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** अन्नू कपूर स्टारर फिल्म 'हमारे बारह' विवादों में घिरी है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'हमारे बारह' की स्क्रीनिंग पर रोक लगा दी है। यह रोक तब तक रहेगी, जब तक कि बॉम्बे हाईकोर्ट की ओर से इसकी रिलीज को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला नहीं हो जाता। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की वेकेशन बेंच ने हाईकोर्ट से केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से दिए गए सर्टिफिकेशन को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द फैसला लेने का अनुरोध किया।

## इजरायल ने की लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर की हत्या की पुष्टि

*दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के सबसे वरिष्ठ कमांडरों में से एक था।*

एजेंसी

**यरूशलेम।** इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उसने दो दिन पहले दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर सामी तालेब अब्दुल्ला को मार गिराया। सेना ने बुधवार को एक बयान में कहा, हमले में हिज्बुल्लाह के नस्र यूनिट के कमांडर सामी तालेब अब्दुल्ला को मार गिराया गया। उसने कहा कि वह दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के सबसे वरिष्ठ कमांडरों में से एक था। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने बताया कि सेना ने हमले का वीडियो फुटेज जारी किया है, जिसमें एक इमारत पर बमबारी दिखाई गई है, जो सेना के अनुसार टायर जिले के जौइया शहर में हिजबुल्लाह का कमांड सेंटर थी। इस केंद्र का इस्तेमाल दक्षिण-पूर्वी लेबनान से इजरायल के खिलाफ हमला करने के लिए किया जाता था। 55 वर्षीय सामी तालेब अब्दुल्ला को हिजबुल्लाह में हज अबू तालेब के रूप में जाना जाता था। इजरायली सेना के अनुसार वो इसका कमांडर था। लेबनानी टीवी चैनल अल-जदीद ने अब्दुल्ला की मौत की पुष्टि की।



## पीएम ने जम्मू-कश्मीर के हालात पर एनएसए व अधिकारियों संग की बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए बैठक की। बैठक में अजीत डोभाल और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे । हाल ही में राज्य में आतंकी हमले हुए थे। रियासी जिले में हुए हमले में 9 तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बैठक में आतंक विरोधी कार्रवाइयों की जानकारी दी गई। उन्होंने निर्देश दिए की आतंक विरोधी क्षमताओं को पूर्ण एवं व्यापक रूप से तैनात किया जाना चाहिए।

## 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना भारत का चेहरा बदलने में सहायक रही है'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज गुरूवार (13 जून) को ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत का चेहरा बदलने में सहायक रही है और विकसित भारत की प्राप्ति को सुविधाजनक बनाने के लिए इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों से कहा कि उनका प्रयास शत-प्रतिशत ग्रामीण बस्तियों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने की दिशा में केंद्रित होने चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों की भागीदारी को मजबूत करने के लिए और कदम उठाने के निर्देश दिये।

## मनोज जारांगे ने सरकार को 13 जुलाई तक का वक्त देते हुए भूख हड़ताल वापस ली

एजेंसी

**मुंबई।** मराठा नेता मनोज जारांगे ने मराठा समाज को आरक्षण देने के लिए 13 जुलाई तक का वक्त देकर गुरुवार को अपनी 7 दिन पुरानी हड़ताल वापस ले ली है। जारांगे ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर तय समय में मराठा समाज को आरक्षण नहीं दिया गया तो वे विधानसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। राज्य सरकार की ओर से मंत्री शंभूराजे देसाई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में जाकर मनोज जारांगे से मिला। मंत्री देसाई ने मनोज जारांगे से कहा कि सरकार मराठा समाज को आरक्षण देने के लिए सकारात्मक है, लेकिन दो महीने से चुनाव की वजह से कोई काम नहीं हो सका। इसलिए मनोज जारांगे सरकार को दो महीने का समय दें। मंत्री देसाई ने कहा कि शुक्रवार को ही वे संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाएंगे और कहां तक काम हुआ, इसकी जानकारी लेंगे।



**शपथ ग्रहण**

### समारोह में अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री हुए शामिल

# पेमा खांडू तीसरी बार बने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

एजेंसी

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में भाजपा नेता पेमा खांडू को राज्यपाल केटी परनाइक ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्यपाल परनायक ने 11 विधायकों को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई। पेमा खांडू तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री और चोना मीन को फिर से उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। गुरुवार को डीके कन्वेंशन सेंटर में राज्यपाल केटी परनाइक ने सबसे पहले पेमा खांडू को अरुणाचल प्रदेश के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद 11 विधायकों को भी राज्यपाल ने मंत्री पद की शपथ दिलाई। पेमा खांडू के मंत्रिमंडल के कैबिनेट मंत्रियों में ब्यूराम वागे, न्यातो दुकम, गेब्रियल डी वांगशु, वांग्की लोवांग, पीडी सोना, मामा नातुंग, दासंगलू पुल, बालो राजा, केन्टो जिनी और ओजिंग टैसिंग को शामिल किया गया है।



**11 विधायक भी बने मंत्री, गणयमान्यों ने दी बधाई**

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू को बधाई दी, कहा- इससे देश आगे होगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पेमा खांडू को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने शपथ लेने वाले अन्य मंत्रियों को भी बधाई देते हुए लोगों की सेवा करने के उनके भावी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि इससे भी तेज गति से विकास सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू जी को बधाई। मैं उन सभी को भी बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने मंत्री के रूप में शपथ ली है। लोगों की सेवा करने के उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। यह टीम यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य और भी तेज गति से विकास करे। उल्लेखनीय है कि आज पेमा खांडू ने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ ही 11 विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली।



### पेमा खांडू के लगातार तीसरी बार सीएम बनने पर जेपी नड्डा ने दी बधाई, बताया ऐतिहासिक क्षण

पेमा खांडू ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली। शपथ ग्रहण समारोह में चौना मीन ने अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने पेमा खांडू को विधायक दल का नेता चुना था। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षकों- रविशंकर प्रसाद और तरुण चुग भी मौजूद थे। पेमा खांडू के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कई अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट पर जीत हासिल कर लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में वापसी की है। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पेमा खांडू को बधाई देते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने ट्वीट करके कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में पेमा खांडू के समर्पित और अभिनव नेतृत्व विकास की गति को तेज करेगा।



**कठुआ आतंकी हमला**

## जवान का पैतृक गांव में हुआ सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

एजेंसी

**छिंदवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकी हमले में बलिदान हुए जवान कबीर दास उईके का गुरुवार को उनके पैतृक गांव छिंदवाड़ा जिले पुलपुलडोह में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। हजारों लोगों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा के दर्शन के लिए लोग घरों की छतों पर चढ़ गए। अंतिम संस्कार के समय सीआरपीएफ के आईजी सुखबीर सिंह सोढ़ी और डीआईजी नीतू सिंह भी मौजूद रहीं। वही, कलेक्टर शिलेंद्र सिंह, एसपी मनीष खत्री भी मौजूद थे।

बीते मंगलवार रात जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर स्थित सैदा सुखल गांव में हुए आतंकी हमले में सीआरपीएफ जवान कबीर दास (35 वर्ष) गोली लगने से घायल हो गए थे, बुधवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली थी। कबीर दास मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की बिछुआ तहसील के ग्राम पुलपुलडोह के रहने वाले थे। वे 2011 में बतौर कॉन्स्टेबल सीआरपीएफ में शामिल हुए थे। उनकी चार साल पहले शादी हुई थी। परिवार में उनकी मां इंदरवति उईके, पत्नी ममता उईके, छोटा भाई हैं। उनकी दो बहनों की शादी हो चुकी है। पिता का निधन हो चुका है। शहीद कबीर दास उइके का पार्थिव शरीर पहले हवाई मार्ग से गुरुवार सुबह नागपुर पहुंचा और यहां से सेना के वाहन द्वारा सड़क मार्ग से पुलपुलडोह (मरजातपुर) लाया गया।